खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

तापमान अधिकतम : 22°C न्यूनतम : 10°C

सेंसेक्स 72,989.93 निफ्टी 22,082.65

सोना 88,940 चांदी 96,500

मुरादाबाद, बुधवार 5 मार्च 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 206 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com

माघ फाल्गुन शुक्ल पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2081 | 4 रमजान 1446 हिजरी

नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित


## भारत ऑस्ट्रेलिया को हराकर चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में






### सेमीफाइनल में कंगारूओं को चार विकेट से हराया

**दुबई।** विराट कोहली की शानदार पारी के दम पर भारत ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में जगह बना ली है। भारत ने इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया से 2023 वनडे विश्व कप के फाइनल में मिली हार का बदला भी चुकता कर लिया है। भारतीय टीम टूर्नामेंट में अजेय रहते हुए फाइनल में पहुंची है। यह लगातार तीसरी बार है जब भारत सीमित ओवर प्रारूप के आईसीसी टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले में जगह बनाने में सफल रहा है। भारत ने इससे पहले 2023 वनडे विश्व कप, 2024 टी20 विश्व कप के फाइनल में जगह बनाई थी और अब वह चैंपियंस ट्रॉफी के खिताबी मैच में भी पहुंचने में सफल रहा है। इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया था और 49.3 ओवर में 264 रन बनाए थे। लक्ष्य का पीछा करते हुए कोहली एक बार फिर चेज मास्टर साबित हुए और -शेष पृष्ठ दो पर

## 2040 में चांद पर कदम रखेगा भारतीय: डा. नारायणन

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ कहा: भारत 2030 तक अंतरिक्ष में भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन भी स्थापित कर लेगा

**रुड़की।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष डा. वी. नारायणन ने मंगलवार को कहा कि मानव मिशन के तहत वर्ष 2040 में चांद पर भारतीय कदम रखेगा।

श्री नारायणन ने उत्तराखंड के रुड़की स्थित आईआईटी में मंगलवार को छठवीं इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में इस आशय की घोषणा की। इस कॉन्फ्रेंस में दक्षिण कोरिया, कैलिफोर्निया (यूएसए) नीदरलैंड, कनाडा जैसे कई देशों से वैज्ञानिक शामिल होने पहुंचे थे। डा. नारायणन के अनुसार भारत वर्ष 2040 में चांद की सतह पर कदम रखेगा। इसरो चेयरमैन आईआईटी-रुड़की में आयोजित इंडियन प्लेनेटरी कॉन्फ्रेंस में बतौर मुख्य अतिथि मीडिया से मुखातिब हुए और यह बात कही। इसरो अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चांद की सतह पर भारतीय नागरिक के पहुंचने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। साथ ही भारत सन 2030 तक अंतरिक्ष में भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन भी स्थापित कर लेगा।

## चौथा रोज़ा

### अल्लाह की अदालत में रोज़ेदार का वकील है चौथा रोज़ा

रोजा नेकी का छाता है। जिस तरह छतरी या छाता बारिश या धूप से अपने लगाने वाले की हिफाजत करता है, ठीक उसी तरह रोजा भी रोजेदार की हिफाजत की गारंटी है। शर्त यह है कि रोजा शरई तरीके से रखा जाए। अहकामे-शरीअत यह है कि रोजा रखने में बुग्ज, फरेब, फसाद, झूठ और बेईमानी से बचा जाए। जाहिर है कि कोई शख्स जब नेक नीयत और अच्छे जज्बे के साथ रोजा रखता है, अल्लाह की रजामंदी हासिल करने के लिए रोजा रखता है यह सोचकर रोजा रखता है कि अल्लाह सब देख रहा है यानी अल्लाह के खौफ का ख्याल करके रोजा रखता है तो उसमें पाकीजगी-ए-ख्यालात पैदा होती है जो नेक अमल के जरिये रोजे को रोजदार का पैरोकार बनाती है। यानी परहेजगारी के साथ रखा गया रोजा अल्लाह के सामने रोजादार की ईमानदारी का तो तरफदार है ही, पाकीजगी का पैरोकार भी है। परहेजगारी से रखा गया रोजा खुद सिफारिश बनकर रोजदार के लिए अल्लाह की नेमतों के दरवाजे खोलता है।






# राज्य सरकारें सस्ती चिकित्सा देने में नाकाम: सुप्रीम कोर्ट

### कहा: इस स्थिति के चलते प्राइवेट अस्पतालों को बढ़ावा मिला, केंद्र जरूरी गाइडलाइन बनाए

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ याचिकाकर्ता ने शीर्ष अदालत में कहा प्राइवेट अस्पतालों की फार्मेसी से महंगी दवाई खरीदने को किया जाता है मजबूर

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि देश में राज्य सरकारें सस्ती चिकित्सा और बुनियादी ढांचा देने में नाकाम रही हैं। इस स्थिति के चलते प्राइवेट अस्पतालों को बढ़ावा मिल रहा है। इसे रोकने के लिए केंद्र सरकार को गाइडलाइन बनानी चाहिए।

उच्चतम न्यायालय में एक याचिका लगाई गई थी, जिसमें कहा गया था कि प्राइवेट अस्पतालों में मरीजों और उनके परिवारों को अस्पताल की फार्मेसी से महंगी दवाएं और मेडिकल इक्विपमेंट खरीदने के लिए मजबूर किया जाता है। इसलिए ऐसे अस्पतालों पर नकेल कसी जाए। इसे रोकने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों को आदेश दिया जाए। जस्टिस सूर्यकांत और एनके सिंह की बेंच ने इस पर सुनवाई की। केंद्र सरकार ने अपने जवाब में कहा कि मरीजों को अस्पताल की फार्मेसी से दवा खरीदने के लिए मजबूर नहीं किया जाता है। इस पर कोर्ट ने कहा कि यह जरूरी है कि राज्य सरकारें अपने अस्पतालों में दवाएं और मेडिकल सेवाएं सस्ती कीमतों पर उपलब्ध कराएं, ताकि मरीजों का शोषण न हो। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि हम याचिकाकर्ता की बात से सहमत हैं, लेकिन इसे कैसे नियंत्रित करें? कोर्ट ने राज्य सरकारों से कहा कि वे प्राइवेट अस्पतालों को कंट्रोल करें, जो मरीजों को अस्पताल की दुकान से दवाई खरीदने के लिए मजबूर करते हैं। खासकर वे दवाइयां जो किसी और जगह सस्ते में मिल जाती हैं। कोर्ट ने केंद्र सरकार को गाइडलाइन बनाने को कहा, जिससे प्राइवेट अस्पताल आम लोगों का शोषण न कर सकें।



### ग्रीनपोलिस आवास परियोजना विवाद: शीर्ष कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को दी हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाने की अनुमति

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने हरियाणा के गुरुग्राम की 'ग्रीनपोलिस आवास परियोजना' विवाद में याचिकाकर्ताओं (फ्लैट खरीदने वाले) को उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने की अनुमति देने के साथ ही मंगलवार को मामले का निपटारा कर दिया। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने मुकेश कंवल (फ्लैट खरीदारों में शामिल) और अन्य की रिट याचिका पर यह आदेश पारित किया। पीठ ने याचिकाकर्ताओं को संबंधित उच्च न्यायालय में रिट याचिका या सिविल मुकदमा दायर करके कानून के तहत उचित उपाय का लाभ उठाने की स्वतंत्रता देने के साथ मामले का निपटारा किया। 'मुकेश कंवल बनाम हरियाणा रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण, गुरुग्राम' का यह मामला शीर्ष अदालत के समक्ष 15 जनवरी 2024 को दाखिल किया गया।

### किसी को पाकिस्तानी कहना गलत, पर अपराध नहीं: शीर्ष कोर्ट

**नई दिल्ली।** मियां-टियां या पाकिस्तानी कहना आईपीसी की धारा 298 के तहत धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने जैसा अपराध नहीं बनता। उच्चतम न्यायालय ने अपने एक फैसले में यह टिप्पणी की है। शीर्ष अदालत ने इस प्रावधान के तहत एक आरोपी को दोषमुक्त करते हुए कहा कि यह टिप्पणी, हालांकि अनुचित थी, लेकिन आपराधिक मुकदमा चलाने के लिए जरूरी कानूनी बाध्यता को पूरा नहीं करती। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने आरोपी हरि नंदन सिंह के खिलाफ मामला बंद करते हुए यह फैसला सुनाया। सिंह पर आरोप था कि उसने एक सरकारी कर्मचारी को उस समय पाकिस्तानी कहा था, जब वह अपना आधिकारिक कर्तव्य निभा रहे थे। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि निःस्संदेह, दिए गए बयान सुनने में ठीक नहीं लगते हैं, लेकिन इससे सूचना देने वाले की धार्मिक भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचती।

## आठ वर्षों में बदली यूपी की किस्मत: योगी

### देश की जीडीपी में प्रदेश की हिस्सेदारी 9.2 फीसदी हो चुकी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि विपक्षी दलों की सरकारों के उदासीन रवैये से संसाधनों से भरपूर होने के बावजूद उत्तर प्रदेश में विकास की रफ्तार सुस्त रही वहीं 2017 में भाजपा की सरकार आने के बाद प्रदेश में विकास का पहिया तेजी से घूमा है और देश की जीडीपी में प्रदेश की हिस्सेदारी 9.2 फीसदी हो चुकी है।

विधानसभा में बजट पर चर्चा के दौरान श्री योगी ने कहा कि देश का सबसे बड़ा राज्य और सबसे अधिक संसाधन होने के बावजूद 1950 से 2017 तक प्रदेश की जीएसटीपी 12.75 लाख करोड़ तक पहुंच सकी, जबकि 2017 में जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों पर विश्वास जताया और पिछले आठ वर्षों में प्रदेश की जीएसडीपी दोगुना से अधिक होकर 2024-25 में 27.51 लाख करोड़ होने जा रही है। देश की जीडीपी में 9.2 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ उत्तर प्रदेश, देश के अंदर दूसरे स्थान पर है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023-2024 में देश की जीडीपी की वृद्धि दर 9.6 प्रतिशत है, जबकि उत्तर प्रदेश की वृद्धि दर 11.6 प्रतिशत रही है। 2016-2017 में प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय मात्र 52,671 रुपये थी, वर्ष 2023-2024 में 93,514 रुपये है। 2016-17 में कुल राजस्व प्राप्तियां 2 लाख 56 हजार करोड़ रुपये हुई थीं। चालू वित्तीय वर्ष के जनवरी माह तक ही 4 लाख 10 हजार करोड़ से अधिक का राजस्व प्राप्त हो चुका है। यह निरन्तर आगे बढ़ेगा। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश प्रदेश रेवेन्यू सरप्लस स्टेट है। कर अपवंचन को रोका गया है। रेवेन्यू लीकेज को समाप्त किया गया है। बीते आठ वर्ष में एक भी नया टैक्स नहीं लगाया। -शेष पृष्ठ दो पर



## विधानसभा में गुटखा खाकर थूकने पर स्पीकर सतीश महाना नाराज



**लखनऊ।** उप्र विधानसभा में मंगलवार को एक सदस्य के गुटखा खाकर थूकने पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि विधानभवन को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी सभी 403 सदस्यों की है।

विधानसभा के बजट सत्र में सदन की मंगलवार की कार्यवाही शुरू होते ही श्री महाना ने कहा कि सदन में एक माननीय सदस्य ने गुटखा खाकर गंदगी फैलाई है। सूचना मिलने पर मैंने वीडियो के जरिये उक्त सदस्य को गंदगी फैलाते देखा है। मैं सार्वजनिक रूप से उनका नाम नहीं लूंगा, मगर उक्त सदस्य का दायित्व है कि वह स्वयं आकर उनसे मिलें। नहीं मिलने की दशा में मैं खुद उन सदस्य को बुला लूंगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा को साफ रखने की जिम्मेदारी सिर्फ मेरी नहीं है बल्कि सभी 403 सदस्यों की है जो प्रदेश की 21 करोड़ की आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसलिए मेरी अपील है कि सभी सदन समेत समूचे विधानभवन को स्वच्छ रखने में सहयोग दें।

### बुलंदशहर में कार रजवाहे में गिरी, 4 मरे

**बुलंदशहर।** उप्र के बुलंदशहर जिले में कार के रजवाहे (बंबे) में गिर जाने से एक परिवार के चार सदस्यों की मृत्यु हो गई जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बताया कि मंगलवार भोर करीब पांच बजे यह हादसा उस समय हुआ जब अमरोहा के सदर तहसील क्षेत्र स्थित गांव नगला नसीर निवासी एक परिवार बुलंदशहर के ही सिकंदराबाद क्षेत्र स्थित नगला गांव में आहूत शादी समारोह में भाग लेने के बाद कार से अपने घर वापस लौट रहा था कि उनका वाहन गुलावठी थाना क्षेत्र के पितवास बम्बे के पास एक बालक को बचाने के प्रयास में पलट कर बम्बे में गिर गया। इस हादसे में निपेंद्र (45), हर्ष (10) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि निपेन्द्र के पुत्र वंश (16) और 15 वर्षीय वंशिका की जिला अस्पताल में मृत्यु हो गई। कार सवार पांचवें व्यक्ति 39 वर्षीय कन्हैया का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### औरंगजेब पर अबू आजमी ने बयान वापस लिया

**मुंबई।** महाराष्ट्र के सपा विधायक अबू आजमी ने मुगल शासक औरंगजेब की तारीफ से शुरू हुए विवाद के बाद अपना बयान वापस ले लिया है। उन्होंने मंगलवार को कहा कि मेरे शब्दों को तोड़-मरोड़ कर दिखाया गया है, लेकिन फिर भी मेरी बात से कोई आहत हुआ है, तो मैं अपने शब्द, अपना स्टेटमेंट वापस लेता हूं। बीते दिन आजमी ने कहा था कि हमें गलत इतिहास दिखाया जा रहा है। औरंगजेब ने कई मंदिर बनवाए हैं। मैं उसे क्रूर शासक नहीं मानता। छत्रपति संभाजी महाराज और औरंगजेब के बीच धार्मिक नहीं बल्कि सत्ता और संपत्ति के लिए लड़ाई थी।

## सड़क हादसों में घायलों को मुफ्त इलाज इसी महीने से

■ डेढ़ लाख रुपये तक खर्च सरकार वहन करेगी
■ हरियाणा-पंजाब समेत छह राज्यों में पायलट प्रोजेक्ट कामयाब रहा

**नई दिल्ली।** सड़क हादसों में घायलों को मार्च 2025 से डेढ़ लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिलेगा। ये आदेश प्राइवेट हॉस्पिटल के लिए भी अनिवार्य होगा। देशभर में इस व्यवस्था को लागू किया जाएगा।

एनएचएआई इसके लिए नोडल एजेंसी का काम करेगा। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारी के मुताबिक, योजना के लिए मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 162 में पहले ही संशोधन हो चुका है। इस योजना को पूरी तरह से लागू करने से पहले बीते 5 महीनों में पुड्डूचेरी, असम, हरियाणा और पंजाब सहित छह राज्यों में पायलट प्रोजेक्ट चलाया गया, जो सफल रहा। एनएचएआई ऑफिसर ने बताया कि घायल को पुलिस या कोई आम नागरिक या संस्था जैसे ही हॉस्पिटल पहुंचाएगी, उसका इलाज तुरंत शुरू हो जाएगा। इसके लिए कोई फीस भी जमा नहीं करनी होगी। घायलों के साथ चाहे परिजन हो या नहीं, हॉस्पिटल उसकी देखरेख करेंगे। प्राइवेट और सरकारी दोनों ही हॉस्पिटल को कैशलेस इलाज देना होगा।

## माधबी बुच को बॉम्बे हाईकोर्ट से बड़ी राहत

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ शेयर फ्रॉड मामले में सेबी की पूर्व चेयरपर्सन समेत छह अफसरों पर FIR दर्ज करने पर रोक

**नई दिल्ली।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने सेबी की पूर्व चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच समेत 6 अधिकारियों पर एफआईआर दर्ज करने के स्पेशल कोर्ट के आदेश पर मंगलवार को रोक लगा दी।

बुच ने स्पेशल कोर्ट के इस आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी, जिस पर जस्टिस एसजी डिगे ने सुनवाई की। हाईकोर्ट ने कहा कि शिकायतकर्ता ने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा है। सभी पक्षों को सुनने के बाद ऐसा प्रतीत होता है कि न्यायाधीश ने डिटेल्स में जाए बिना और आवेदकों को उनकी भूमिका बताए बिना आदेश पारित कर दिया है। इसलिए आदेश पर रोक लगा दी गई है। मुंबई की एक स्पेशल एंटी-करप्शन कोर्ट ने शनिवार (1 मार्च 2025) को शेयर फ्रॉड से जुड़े मामले में एफआईआर का आदेश दिया था। यह आदेश स्पेशल जज एसई बांगर ने ठाणे बेस्ड जर्नलिस्ट सपन श्रीवास्तव की ओर से दायर याचिका पर दिया था। सपन ने स्टॉक एक्सचेंज पर कंपनी की लिस्टिंग में बड़े पैमाने पर फाइनेंशियल फ्रॉड और भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था।

## मोदी ने किया पशु संरक्षण केंद्र वनतारा का उद्घाटन

जामनगर, वार्ता

पीएम ने जानवरों के लिए बनाई गई विश्वस्तरीय सुविधाओं का जायजा लिया

**पीएम नरेन्द्र मोदी** ने विश्व वन्यजीव दिवस के मौके पर गुजरात के जामनगर में स्थित पशु संरक्षण केंद्र 'वनतारा' का उद्घाटन किया।

वनतारा वन्य जीवों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए समर्पित केंद्र है। प्रधानमंत्री ने तीन हजार एकड़ में फैले वनतारा में काफी वक्त बिताया, और वहां जानवरों के लिए बनाई गई विश्वस्तरीय सुविधाओं का जायजा लिया। प्रसिद्ध उद्योगपति मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी की पहल पर वनतारा को बनाया गया है। वनतारा पहुंचने पर अंबानी परिवार ने पारंपरिक तरीके से प्रधानमंत्री का स्वागत किया। शंख ध्वनियों व मंत्रोच्चार और लोककलाकारों के गायन-वादन के बीच प्रधानमंत्री ने वनतारा का उद्घाटन किया। श्री मोदी ने परिसर में बने मंदिर में हुई पूजा-अर्चना में भी भाग लिया। वनतारा में जानवरों के लिए विशेष रूप से तैयार मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का मुआयना करने पहुंचे प्रधानमंत्री ने वहां विशेष चिकित्सीय उपकरणों जैसे डायग्नोस्टिक सूट में सीटी स्कैन, एमआरआई, अल्ट्रासाउंड और एंडोस्कोपी का लाइव प्रदर्शन देखा।



### मोदी ने सफेद शेर बाघ व गैंडा के शावकों को पिलाया दूध

**जामनगर।** पीएम मोदी ने विश्व वन्यजीव दिवस के मौके पर गुजरात के जामनगर स्थित पशु संरक्षण केंद्र 'वनतारा' का शंख ध्वनियों, मंत्रोच्चार और लोक कलाकारों के गायन-वादन के बीच उद्घाटन किया और सफेद शेर, बाघ, गैंडा के शावकों को अपने हाथों से दूध पिलाया। वनतारा वन्य जीवों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए समर्पित केंद्र है। 'वनतारा' की ओर से विज्ञप्ति के अनुसार श्री मोदी ने तीन हजार एकड़ में फैले वनतारा में काफी वक्त बिताया और वहां जानवरों के लिए बनाई गई विश्व स्तरीय सुविधाओं का जायजा लिया।




# हादसे में घायल की उपचार के दौरान मौत

## लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाएं




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** दुपहिया वाहन चालक की दुर्घटनाओं से सड़क लाल हो रही है। बिना हेलमेट वाहन चलाकर लगातार जिंदगी गंवा रहे हैं। कानून की सख्ती के बावजूद हेलमेट से बनी दूरी दुपहिया वाहन सवारों की मौत की बड़ी वजह बन रही है। क्षेत्र में दो अलग-अलग बाइकों की सड़क दुर्घटनाओं में एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा एक गंभीर रूप से घायल हो गया।

थाना क्षेत्र में मंगलवार को दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में बाइक सवार दोनों ही व्यक्ति बिना हेलमेट के बाइक चला रहे थे। थाना क्षेत्र के ग्राम मकसूदाबाद निवासी मौहम्मद अहसान पुत्र मौहम्मद साबिर दूध सप्लाई करने के लिए नगर की दूध डेरी पर जा रहा था कि सीएचसी अस्पताल के समीप गेहूं से लदे ट्रक को ओवरटेक कर रही सरिया से भरी ट्रैक्टर ट्राली की चपेट आने से बाइक सवार दूधिया मौहम्मद अहसान गंभीर रूप से घायल हो गया। दूध से भरी केनों से लगभग पचास लीटर दुध सड़क पर गिर गया। राहगीरों ने तुरन्त घायल को सीएचसी अस्पताल में भर्ती कराया। टैक्टर ट्राली चालक मौके से फरार हो गया।

दूसरी सड़क दुर्घटना में राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम आसफाबाद चमन स्थित ओमप्रकाश (50 वर्ष) पुत्र सतनाम सिंह निवासी दललीवाला (भूतपुरी) किसी कार्यवंश अफजलगढ़ की ओर जा रहा था। तभी पीछे से आ रहा अज्ञात वाहन टक्कर मारकर मौके से रफूचक्कर हो गया। बाइक सवार घायल अवस्था में सड़क पर तड़पता रहा। राहगीरों की मदद से घायल को सीएचसी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टर फईम अहमद द्वारा हायर सेंटर रैफर कर दिया गया। घायल ओम प्रकाश ने काशीपुर के एक निजी अस्पताल इलाज के दौरान मौत हो गई।

### बड़ी चिंता का विषय अधिकारी मौन क्यों?

सड़कों समेत पेट्रोल पंप पर भी काफी भीड़-भाड़ बढ़ती जा रही। लोगों को काफी इंतजार के बाद वाहनों के लिए पेट्रोल व डीजल मिलता है। पेट्रोल पंप पर सबसे बड़ी बात है कि अधिकांश टू-व्हीलर चालकों को पेट्रोल पंप प्रबंधन भी नियमों को ताक पर रखकर वाहनों में तेल डाल रहे थे। पेट्रोल पंप स्वामियों को शासनादेश है कि बिना हेलमेट के पेट्रोल न दिया जाए। किसी भी पेट्रोल पंप पर शासनादेश का कोई भी कर्मचारी पालन नहीं करता है, पेट्रोल पंप प्रबंधक भी मौन साधे हुए हैं तथा जिम्मेदार अधिकारी भी देखकर और अंजान बने हुए है।

# पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** एसपी अभिषेक झां के निर्देश पर थानाध्यक्ष सुमित राठी ने नेतृत्व में वारंटियों के खिलाफ अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

मंगलवार को थानाध्यक्ष सुमित राठी ने जानकारी देते हुए बताया कि उच्च अधिकारियों के आदेश पर क्षेत्र में वारंटियों के खिलाफ अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान एक टीम गठित की गई। जिसमें चौकी इंचार्ज यशपाल सिंह मलिक के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छापेमारी की। छापामारी के दौरान पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर लिया। वारंटी के खिलाफ न्यायालय से वारंट जारी किया गया था। जिसके आधार पर छापेमारी के दौरान अशोक कुमार पुत्र लक्ष्मण सिंह निवासी गांव हिदायतपुर चौहड़वाला थाना अफजलगढ़ को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। इस अवसर पर गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष सुमित राठी के आलावा चौकी इंचार्ज यशपाल सिंह मलिक तथा एचजी ब्रह्मपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### परीक्षा केंद्रों पर मारा छापा

**शेरकोट।** बोर्ड परीक्षा के दौरान उप शिक्षा निरीक्षक संस्कृत मुरादाबाद सहित अन्य सचल दल के नेतृत्व मे तीनों परीक्षा केन्द्रों पर छापा मारा, जिसमें सब कुछ सही पाया गया। वहीं कोई नकलची भी नहीं मिला है। जबकि उन्होंने केन्द्र व्यवस्थापकों को दिशा निर्देश भी दिये। मंगलवार को प्रथम पाली हाईस्कूल के विज्ञान व इण्टर के प्रश्न पत्र के दौरान लगभग 10 बजे नगर के आरयूएम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मे पहुँचे उप शिक्षा निरीक्षक प्रीतम सिंह के साथ नरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में सचल दल ने छापा मारा परन्तु उन्हें कोई नकलची नही मिला। इसके अतिरिक्त उन्होंने कक्ष निरीक्षक ड्यूटी रजिस्टर,कक्ष निरीक्षकों के परिचय पत्र के साथ साथ स्टॉग रुम सहित सीसीटीवी कैमरों की जाँच की, जिसमे सब कुछ सही पाया। उन्होंने शांतिपूर्वक परीक्षाएं होने की रिपोर्ट निरीक्षण रजिस्टर मे दर्ज की। उन्होंने विद्यालय प्रधानाचार्य को दिशा निर्देश भी दिये। उधर आरयूएम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के केन्द्र व्यवस्थापक शमशाद हुसैन ने इस बात पुष्टि की है। उधर दक्ष आर्दश वैदिक इन्टर कॉलेज एवं पीजीएम इन्टर कॉलेज आदि में भी सचल दल के साथ छापा मारा, जिसमें सब कुछ ठीक ठाक पाया।

### राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ



**धामपुर।** चीनी मिल के द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ किया गया। उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता के द्वारा सभी विभागाध्यक्ष व कर्मचारियों को सुरक्षा शपथ दिलाकर, 54 वें राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस का शुभारंभ किया। जिसमें सभी को कार्य स्थल पर उपस्थित रहकर एक सुरक्षित वातावरण बनाए रखने की प्रेरणा दी। उन्होंने सभी कर्मचारियों को हिदायत व निर्देशित किया कि सुरक्षा के नियमों को अपनाकर हम अपने धामपुर चीनी मिल व अपने परिवार के साथ साथ राष्ट्र की भी समृद्धि में योगदान दे सकते हैं। यदि हम दुर्घटनाओं के शिकार होंगे तो इसका विपरीत प्रभाव इन सभी पर पड़ेगा। कारखाना प्रबंधक विजय कुमार गुप्ता द्वारा मौजूद सभी विभागाध्यक्ष व कर्मचारियों को इस सप्ताह में होने वाली कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में विस्तृत जानकारी दी। जिसमें सर्वप्रथम सुरक्षा बैनर्स का प्रदर्शन भरत भूषण बर्नी के द्वारा किया गया। सभी विभागाध्यक्ष द्वारा अपने अपने विभाग में अपने सहकर्मियों के साथ सुरक्षित कार्य की शपथ दिलाई गई। तथा विभिन्न स्थानों पर रखें स्लोगन बॉक्स के बारे में जानकारी दी गई, जिसमें कि इस सप्ताह में कर्मचारियों व अधिकारियों के द्वारा सुरक्षा स्लोगन प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। सभी ने आपस में अपने साथियों को सेफ्टी पॉलिसी बैच पिन करके उन्हें सुरक्षित रहने के आह्वान किया। विवेक सिंह, अभय शर्मा, उपेंद्र तोमर, सुनील कुमार राणा, विकास अग्रवाल, ओमवीर सिंह, करुण अग्रवाल मुकेश कश्यप, सतवीर सिंह, लवकुश चौहान, वेंकटेश चालकी, तरुण राणा, अजय कुमार पांडे, विनोद राणा, विनोद विष्ठ, विनोद कुमार, मोहित वशिष्ठ, धीरज कुमार सक्सेना, स्मृति यादव, पवन शर्मा, मनोज कुमार, श्याम अग्रवाल, गोविंद अग्रवाल, राजेश कश्यप शरद गहलौत आदि मौजूद रहे।

### शांतिभंग में तीन का चालान

**नहटौर।** ग्राम कलाली निवासी विनीत, प्रशान्त, कोमल 2 मार्च को गांव से गई एक बारात में गए थे। वहां किसी बात को लेकर तीनों में विवाद हो गया था तथा मारपीट हो गई थी। इस मामले के तहत मंगलवार को तीनों में कहा. सुनी होने पर पुलिस ने तीनों व्यक्ति को शांति भंग होने की आशंका में चालान कर दिया।

# पहली बार रोजा रखने पर किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**राजा का ताजपुर।** आरकेएसएम पब्लिक स्कूल में माह ए रमजान में पहली बार रोजा रखने वाले छोटे छोटे बीस मुस्लिम बच्चों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

सर्वधर्म सदभाव के तहत बच्चों को रमजान व रोजे के बारे मे कोआर्डिनेटर कमलजीत सिंह नूर व इरम परवीन ने बताते हुए कहा कि सभी धर्म इंसान को प्रेम, भाईचारे, अपने कर्तव्य के प्रति ईमानदार होने, बुराई त्यागकर अच्छाई ग्रहण करने की शिक्षा देते है। रमजान एक पवित्र महीना है, जिसमें रोजा रखने व अल्लाह की इबादत करने का सत्तर गुना शबाब मिलता है। भूख प्यास का एहसास कर जरूरतमन्द की सेवा करें। जिन मुस्लिम बच्चों ने रोजा रखा है उनके लिये जरूरी है कि वे अपने माता पिता, गुरुजन के प्रति आज्ञाकारी बने, झूठ न बोले, किसी की बुराई न करें, अपनी पढ़ाई मन लगाकर करें। प्रधानाचार्य आशाराम, शिक्षक इरम परवीन, आसिम अहमद ने पहली बार रोजा रखने वाली यूकेजी की छात्रा इनाया नूर, ईजान, माज, अलशीफा, जैनब, इनाया परवीन, मो. हम्मद, मो. आकिफ, कक्षा प्रथम से इफरा, अरीबा, अबफजल, अरहान, हुमेद, अबुजार, फातिमा, इल्का, शमन, शबनूर, अबूतल्लाह आदि को सम्मानित किया।

# भाईचारे के साथ मनाएं त्यौहार: सीओ

## थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** थाना प्रांगण में होली पर्व के मद्देनजर आयोजित शांति समिति की बैठक में होली पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से व मिल जुलकर मनाने की अपील की गई।

जानकारी के अनुसार थाना प्रांगण में आयोजित शांति समिति की बैठक में सीओ धामपुर सर्वम सिंह ने कहा कि होली पर्व रंगों का पर्व है। जैसे रंग आपस में मिलकर अपनी छवि प्रदर्शित करते है। वैसे ही हमें भी मिल जुलकर होली के पर्व को मनाना है। होली पर्व पर जिन लोगों को रंगों से परहेज है। वह उन स्थानों पर जाने से बचे। होली व रमजान का पर्व आपसी भाईचारे का पर्व है। आयोजित इस पर्व पर अपने बच्चों को इन त्यौहार के बारे में अवगत कराएं ताकि उन्हें अपने त्योहारों के बारे में ज्ञान हो सके। उन्होंने कहा कि होली के पर्व पर शराब का सेवन ना करें। शराब के सेवन से कई बुराइयां पैदा होती है। बुराई को खत्म करने के लिए शराब का सेवन न करें। उन्होंने बताया प्रशासन ने होली के पर्व को मनाने के लिए कड़े सुरक्षा के प्रबंध किए हैं। कोई भी व्यक्ति शांति भंग करने का प्रयास करेगा तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। यदि कोई घटना होती है तो उस घटना को तूल ना देकर आपसी भाईचारे को कायम रखते हुए उसे मौके पर ही निस्तारण करने में पूर्ण सहभागिता करें।

उन्होंने कहा कि छोटे छोटे विवाद कभी-कभी बड़े विवाद का रूप लेते हैं। छोटे विवाद को ही मौके पर ही खत्म करें। कोतवाल धीरज सिंह सोलंकी ने बताया कि होली के पर्व पर शराब का सेवन अधिक होता है।

शराब के सेवन को दृष्टिगत रखते हुए प्रत्येक नागरिक अपने ग्रामीण अंचलों में बिकने वाली बाहर की शराब की सूचना पुलिस को दे ताकि बिकने वाली शराब पर सूचना मिलने पर उसे रोका जा सके।

इस अवसर पर नायब तहस. ीलदार विजय कुमार, अपराध निरीक्षक धीरेंद्र गंगवार, कस्बा उप निरीक्षक अशोक मलिक, मंडल अध्यक्ष वैभव गोयल, अरविन्द जोशी, विशेष शर्मा, बिजली विभाग के जेई नूतन प्रकाश, पालिका सभासद विशाल हाशमी, डॉक्टर अनीश, राजेश सैनी, तस्लीम प्रधान, विक्की प्रधान, खुर्शीद आलम, यशपाल, ग्राम प्रधान संजीव चौधरी, इमरान निजामी, विशाल शर्मा, सूरज शर्मा आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर पालिका की ओर से नगर की सफाई व्यवस्था व पेयजल की व्यवस्था बेहतर रखने का आश्वासन दिया गया।

# अंडरपास की चौड़ाई बढ़ाने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** कालाखेड़ी रेलवे फाटक संख्या 470 बी पर बन रहे अंडरपास की कम चौड़ाई की जानकारी होने पर असंतुष्ट भाजपाइयों ने मंडल रेल प्रबंधक के नाम रेलवे स्टेशन अधीक्षक हरीश पंचाल को एक ज्ञापन देकर चौड़ाई 15 फिट करने की मांग की।

मिली जानकारी के अनुसार कालाखेड़ी रेलवे फाटक संख्या 470 बी पर बन रहे अंडरपास को लेकर नगर व क्षेत्र के लोगों में जो उत्साह था, वह कम होता नजर आ रहा है। क्योंकि जैसे ही नगर व क्षेत्र वासियों को कालाखेड़ी मार्ग पर बन रहे अंडर पास की 10 फिट चौड़ाई का पता लगा तो लोगों की बन रहे अंडरपास की खुशी काफूर हो गई। लोगों का कहना है कि इतनी कम चौड़ाई में गाड़ियां सही से नहीं जा पाएंगीं और वहां जाम की स्थिति बन जाएगी व आए दिन लड़ाई झगड़ों का माहौल रहेगा। इसी संदर्भ में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय मंत्री अनूप बाल्मीकि के नेतृत्व में मंडल रेल प्रबंधक के नाम रेलवे स्टेशन अधीक्षक हरीश पंचाल को एक ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में मांग की गई कि कालाखेड़ी रेलवे मार्ग पर बन रहे अंडरपास की चौड़ाई 15 फिट की जाए। ज्ञापन देने वालों में पूर्व जिला उपाध्यक्ष कुंवर कृष्ण बलदेव, निवर्तमान नगर मंडल अध्यक्ष नीरज विश्नोई, चिकित्सा प्रकोष्ठ के पूर्व जिला संयोजक भूपेश चौहान, चिकित्सा प्रकोष्ठ के पूर्व सह जिला संयोजक विकास गुप्ता, पंडित सचिन शर्मा, सोहन सैनी, मुकेश चौधरी आदि भाजपाई उपस्थित रहे।

## थाना प्रांगण में पीस कमेटी की बैठक

**नगीना।** मंगलवार को अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राम अर्ज द्वारा थाना नगीना का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने ग्राम प्रहरियों को भी पुरस्कृत किया। इसके बाद आगामी त्योहारों के दृष्टिगत उपजिलाधिकारी की उपस्थिति में पीस कमेटी की बैठक की और उपजिलाधिकारी के साथ जुलूस मार्गों का भ्रमण किया।

अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा मंगलवार को थाना नगीना का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, परिसर, भोजनालय, बैरिक, मालखाना, महिला हेल्प डेस्क, थाने की राजकीय सम्पत्ति व अभिलेख आदि को चेक किया गया तथा सर्व संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उसके बाद उन्होंने थाना नगीना पर नियुक्त समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण के साथ आगामी त्यौहारों एवं अपराध नियंत्रण के दृष्टिगत गोष्ठी की एवं ग्राम प्रहरियों को पुरस्कार वितरित कर उनका मनोबल बढ़ाया। शाम के समय त्यौहारों के संबंध में पीस कमेटी की बैठक की गई तथा सर्व संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# बिजली चोरों के खिलाफ अभियान से हड़कंप



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सितंबर 2023 से चार्ज संभालने के बाद डेढ़ साल के इस कार्य काल में उपखंड अधिकारी दित्तीय अरविन्द कुमार बिंद ने बिजली चोरों के खिलाफ सघन अभियान चलाकर बिजली चोरों में हड़कंप मचा रखा है।

उन्होंने बताया कि हमारे द्वारा पकड़े गए बिजली चोरों को किसी भी कीमत पर कार्रवाई करे बिना नहीं छोड़ा जाएगा, जिससे बिजली चोरों में हड़कंप मचा हुआ है। उनका कहना है कि विभाग ने जो जिम्मेदारी हमें दी है। हम पूरी निष्ठा से निभायेंगे, हो सकता है हमारे द्वारा की गई कार्रवाई से किसी को परेशानी हो तो वह हमारी शिकायत उच्च अधिकारी से कर सकता है। हमें विभाग के नियमों का पालन करना है। यही हमारी ड्यूटी है। बिजली चोरी रोकने से विद्युत आपूर्ति की सप्लाई की जा सकती है। विद्युत चोरों द्वारा बिजली चोरी करने पर ओवरलोड होकर विद्युत सप्लाई बाधित होती है। मेरा सभी विद्युत उपभोक्ताओं से अपील है कि बिजली बिल का समय से भुगतान करें। परेशानी से बचें। बिजली चोरी की सूचना हमें तथा हमारे टोल फ्री नंबर पर दें आपका नाम गुप्त रखा जाएगा।

## मेगा कैंप में उपभोक्ताओं से 96000 रुपए की वसूली

**बिजनौर।** गंज बिजली कार्यालय पर चला मेगा कैंप (विद्युत सहायता शिविर) जिसमें उपभोक्ताओं की समस्या का समाधान किया गया। शिविर में बिजली बकाया उपभोक्ताओं पर कार्रवाई करते हुए बिजली बिल बकायेदारों के 32 कनेक्शन काटे गए जिन पर 435000 बकाया थी, वहीं 16 कनेक्शन धारक उपभोक्ताओं से 96000 की वसूली की गई। 10000 रूपए की धनराशि बकाया उपभोक्ता से 62000 रुपए बकाया के बकायदारों से पांच मीटर उतारे गए। वहीं बिजली बिल बकाया में कटी कनेक्शन के उपरांत बिजली चोरी करने पर तीन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। जिनके नाम गजेंद्र पुत्र मवासी चंदनपुरा, यशपाल पुत्र मवासी चंदनपुरा, स्वराज पुत्र छोटे चंदनपुरा के उपरोक्त व्यक्ति के विरूद्ध धारा 135 विद्युत अधिनियम का अभियोग पंजीकृत करके आवश्यक कार्यवाही की गई। चैकिंग टीम में उपखंड अधिकारी अरविंद कुमार बिंद, हिमाशु, कमल सिंह संविदाकर्मी, यशपाल तेजियन जेई गंज, बहराम सिंह और अभियंता नांगल जट, राजीव कुमार टीजी 2 सिकंन्दरी, सत्य प्रकाश चौहान अवर अभियंता, सुदेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## हरियाणा पुलिस ने युवती को किया बरामद

**चंदक/मंडावर।** थाना मंडावर क्षेत्र के गंजालपुर निवासी साजिद पुत्र मुस्तकीम हरियाणा राज्य के जिला गुडगांव में मजदूरी करता था। वहां उसने अपने प्रेमजाल में एक युवती को फंसा लिया और अपने गांव ले आया। मंगलवार को हरियाणा के जिला गुडगांव के थाना पटौदी मे तैनात उपनिरीक्षक राजो, महिला कास्टेबल ममता, कास्टेबल भारत भूषण ने थाना मंडावर मे अपनी आमद करायी। थाना मंडावर क्षेत्र के गांव गंजालपुर से बहला फुसलाकर लाई गयी युवती को बरामद कर अपने साथ ले गयी। थाना प्रभारी मंडावर ने मामले की पुष्टि की है। गंजालपुर में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

## शराबी ने महिला से की मारपीट

**मंडावर।** थाना मंडावर क्षेत्र की बालावाली चौकी के गांव छकड़ा निवासी रोहित पुत्र सुरेन्द्र शराबी किस्म का युवक है। बताते हैं कि रोहित शराब पीकर गाली गलौज कर रहा था। युवक को सुमन पत्नी मेवाराम ने गाली गलौज करने से मना किया तो युवक ने महिला के सिर पर ईट से प्रहार व डन्डे से मारपीट कर घायल कर दिया। सूचना पर पुलिस ने घायल महिला को चिकित्सा परिक्षण के लिये जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने तहरीर पर जांच कर कार्यवाही करने की बात कही है। थाना प्रभारी मंडावर मृदूल कुमार ने मामले की पुष्टि की है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**भारत...** उन्होंने 98 गेंदों पर पांच चौकों की मदद से 84 रन बनाए जिसकी मदद से भारत ने 48.1 ओवर में छह विकेट पर 267 रन बनाकर मैच जीता। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और उसने 43 रन पर दो विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद कोहली ने श्रेयस अय्यर के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए 91 रनों की साझेदारी की और भारत को संभाला। श्रेयस हालांकि अर्धशतक लगाने से चूक गए और 62 गेंदों पर तीन चौकों की मदद से 45 रन बनाकर आउट हुए। श्रेयस के आउट होने के बावजूद कोहली क्रीज पर डटे रहे और भारत को जीत के करीब लेकर गए। कोहली शतक की ओर बढ़ रहे थे, लेकिन एडम जैम्पा की गेंद पर बड़ा शाट खेलने के चक्कर में अपना विकेट गंवा बैठे। कोहली के आउट होने के बाद केएल राहुल और हार्दिक पांड्या ने मोर्चा संभाला। हार्दिक ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की और भारत के जीत के बेहद करीब ले आए। जब टीम को जीत के लिए छह रन बनाने की जरूरत थी, तभी हार्दिक बड़ा शॉट लगाने के चक्कर में आउट हो गए। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी की और 265 रन का टारगेट दिया। ऑस्ट्रेलिया से कप्तान स्टीव स्मिथ ने 73 और एलेक्स कैरी ने 61 रन बनाए। इंडियन बॉलर्स ने ऑस्ट्रेलिया को ऑलआउट कर दिया। मोहम्मद शमी ने 3, रवींद्र जडेजा और वरुण चक्रवर्ती ने 2-2 विकेट लिए।

**आठ वर्षो...** प्रदेश में डीजल-पेट्रोल की दरें देश में सबसे कम हैं, बावजूद इसके उत्तर प्रदेश रेवेन्यू सरप्लस स्टेट है। यह सफलता रामराज्य की अवधारणा ही है। उन्होंने रामचरितमानस के एक दोहे का हवाला देते हुए कहा कि बरसत हरसत सब लखें, करसत लखे न कोय, तुलसी प्रजा सुभाग से, भूप भानु सो होय। अर्थात श्रीराम जी भरत जी से कहते हैं कि हमें प्रजा से कर ऐसे लेना चाहिए, जैसे सूर्य लेता है। जैसे सूर्य समुद्र, नदी, तालाब से पानी लेता है, लेकिन किसी को पता नहीं चलता, लेकिन जब वह बादलों के रूप में जरूरत की जगहों पर बरसता है, तो सबको पता चलता है, खासकर जब जरूरत की जगह पर बरसता है, तो सभी खुश हो जाते हैं। इसी प्रकार, सरकार को कर इस तरह से लेना चाहिए कि किसी को पता न चले, पीड़ा न हो, लेकिन जब उसी टैक्स का इस्तेमाल जनता के हित में खर्च हो, जैसे हाइवे बनें, पुल बनें, स्कूल-कॉलेज बनें, हॉस्पिटल बनें तो सबको पता चले। हमारी सरकार यही भाव लेकर काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश डिजिटल क्रांति का सर्वश्रेष्ठ उदहारण बन कर उभरा है। 2017-18 में यूपी में जहां 122.84 करोड़ डिजिटल ट्रांजैक्शन हुए थे वहीं 2024-25 में दिसम्बर 2024 तक 1024.41 करोड़ डिजिटल ट्रांजैक्शन हो चुके हैं। यूपी डिजिटल लेनदेन अपनाने में नंबर एक है। आधे से अधिक लेन देन यूपीआई से हुए। बैंकों की 20416 शाखाओं, 4,00,932 बैंक मित्र एवं बीसी सखी,18,747 एटीएम तथा 4,40,095 बैंकिंग केन्द्रों के माध्यम से बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। डीबीटी बजरंग बली की गदा है, जो भ्रष्टाचार और बेईमानी पर कठोर प्रहार कर रही है 11 विभागों की 207 योजनाओं की धनराशि डीबीटी के माध्यम से दी जा रही है। इसमें 113 केन्द्रीय योजनाएं और 94 राज्य सेक्टर की योजनायें हैं। डीबीटी से 9 करोड़ 8 लाख से अधिक लोगों को एक लाख 11 हजार 637 करोड़ रुपये से भुगतान किया गया। डीबीटी ट्रांजेक्शन के कारण 10 हजार करोड़ की बचत की है।

## अधिकारियों की नीति और कार्यों का उद्देश्य सभी का विकास होना चाहिए: मुर्मू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अधिकारियों से कहा है कि डेटा-संचालित प्रणालियां दक्षता बढ़ा सकती हैं, लेकिन वे सहानुभूति और अखंडता की जगह नहीं ले सकती इसीलिए उनकी नीतियों और कार्यों का उद्देश्य सभी के विकास, विशेष रूप से वंचित और कमजोर वर्गों का विकास होना चाहिए। श्रीमती मुर्मू ने मंगलवार को यहां राष्ट्रपति भवन में भारतीय राजस्व सेवा के 78वें बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों से मुलाकात की। राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारियों के रूप में वह यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे कि इस आवश्यक संसाधन को निष्पक्ष, प्रभावी और पारदर्शी तरीके से एकत्र किया जाए। उन्होंने कहा कि देश में बुनियादी ढांचा बढ़ रहा है, डिजिटल कनेक्टिविटी अंतराल को पाट रही है और आर्थिक अवसर पहले से कहीं अधिक सुलभ हैं। विकास को टिकाऊ और समावेशी बनाने के लिए, संसाधनों का प्रबंधन दक्षता तथा निष्पक्षता के साथ किया जाना चाहिए और नागरिकों को सिस्टम पर भरोसा करना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि उनकी यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका है कि सभी अपनी वैध क्षमता के अनुसार योगदान दे और लोगों के साथ सम्मान के साथ व्यवहार किया जाए। राष्ट्रपति ने कहा कि बदलते समय, बढ़ती अपेक्षाओं और सरकारी पहलों ने अधिक दक्षता, पारदर्शिता और सुविधा के एक नए युग की शुरुआत की है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

काले इल्म व सिपली इल्म की काली तांत्रिक शक्तियों का चमत्कार सात घंटों में अपनी आंखों से देखें।
पंडित जी शर्मा
9634608433
जैसे:- नौकरी, व्यापार, कारोबार, पति-पत्नी में झगड़ा, लव मैरिज में अड़चन, शादी में रुकावट, प्यार में धोखा खाये प्रेमी व प्रेमिका एक बार अवश्य फोन करें। आपका बेटा-बेटी, पति-पत्नी किसी के वश में हो महावशीकरण करवाएं या तुड़वाएं, सौतन-दुश्मन को अपनी आंखों के सामने तड़पता देखें, घर में खून के छींटे या प्रेत आत्माओं का साया।
My Promise आपका प्यार टूटने नहीं दूंगा।
महावशीकरण व मुठकरनी के स्पेशलिस्ट
माताएं व बहनें घर बैठे गारंटीड समाधान करवाएं।
21 वर्षो से आपकी सेवा में
अजमेर शरीफ

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मैडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# नूरपुर में बलात्कार के दौरान वीडियो बनाकर ब्लैकमेलिंग

## आरोपी सलमान गिरफ्तार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नूरपुर पुलिस ने बलात्कार करते हुए इस दौरान वीडियो बनाकर पीड़िता को ब्लैकमेल करने के आरोपी सलमान को गिरफ्तार किया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार नूरपुर थाने में 24 फरवरी को पीड़िता ने तहरीर दी थी कि सलमान पुत्र मौहम्मद असगर निवासी मौहल्ला गांधी नगर ने उसके साथ बलात्कार किया। इस दौरान उसके फोटो खींच लिए गए और वीडियो बनाई गई। जिसमें इसके अन्य साथियों ने सहयोग किया। सलमान के द्वारा फोटो व वीडियो का सहारा लेकर पीड़िता को ब्लैकमेल किया गया। साथ ही उससे नकदी व अन्य सामान ले लिया गया। पीड़िता की तहरीर पर नूरपुर पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 70/25 धारा 123, 70 (2) व 308 (2) बीएनएस एवं धारा 5जी/6 पॉक्सो एक्ट में पंजीकृत किया गया था। विवेचना के दौरान अभियोग में धारा 123, 70 (2) व 308 (2) बीएनएस एवं धारा 5जी/6 पॉक्सो एक्ट को हटाकर धारा 64 (1) बीएनएस व धारा 3/4 पॉक्सो एक्ट की वृद्धि की गई। नूरपुर पुलिस ने अभियुक्त सलमान पुत्र मौहम्मद असगर निवासी मौहल्ला गांधी नगर को गिरफ्तार कर लिया है।

# रेंजर्स निपुण शिविर का द्वितीय दिवस संपन्न



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय में प्राचार्या के मार्गदर्शन में पांच दिवसीय निपुण शिविर का शुभारंभ हुआ।

शिविर का आरंभ ध्वज शिष्टाचार के साथ हुआ, जिसमें महाविद्यालय की प्रवक्ता डॉ. मृदुल त्रिवेदी, डॉ. आबिदा, कु. अल्पना, प्रो. मंजू अरोड़ा, रेंजर्स प्रभारी डा. दयावती भी उपस्थित रही। तत्पश्चात आज की प्रशिक्षक श्रीमती पुष्पा चौहान के द्वारा रेंजर्स के पूर्वज्ञान का निरीक्षण एवं मूल्यांकन किया गया। आज के प्रशिक्षण में रेंजर्स को समस्त सीटी का संकेत, हाथ का संकेत, अनुमान, नक्शा के बारे में व्यावहारिक ज्ञान दिया गया। उसके पश्चात उनसे पुन: प्रार्थना एवं झंडा गीत भी सुना गया। रेंजर्स को परेड के लिए भी प्रशिक्षित किया गया।

# मुख्यमंत्री की घोषणा को शेरबाज पठान ने बताया जनता की विजय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कांग्रेस के जिला अध्यक्ष शेरबाज पठान ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा विधानसभा में गंगा एक्सप्रेस वे को बिजनौर से होकर निकाले जाने की घोषणा का स्वागत करते हुए इसे जनपद की जनता की विजय बताया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार कांग्रेस के जिला अध्यक्ष शेरबाज पठान ने मुख्यमंत्री के द्वारा विधानसभा में की गई घोषणा का स्वागत किया है। जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि गंगा एक्सप्रेस वे को गंगा नदी के किनारे से ही निकाला जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने भाषण में विदुर कुटी से गंगा एक्सप्रेस वे को निकाले जाने की घोषणा करते हुए शुक्रताल का भी जिक्र किया है।



## बिजनौर से होकर गुजरेगा गंगा एक्सप्रेस-वे

जिससे साफ है कि गंगा एक्सप्रेस वे जनपद बिजनौर की चांदपुर व बिजनौर तहसील के साथ ही मुजफ्फरनगर की जानसठ तहसील से भी होकर गुजरेगा।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष शेरबाज पठान ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद की जनता की भावनाओं का सम्मान किया है। उन्होंने कहा कि जनपद की जनता लम्बे समय से मांग कर रही थी कि गंगा एक्सप्रेस वे को यहा से होकर निकाला जाए। क्योंकि गंगा उत्तराखण्ड से जनपद बिजनौर में ही प्रवेश करती है। गंगा एक्सप्रेस वे को बिजनौर में गंगा किनारे से होते हुए हरिद्वार की तरफ मोड़ा जाना चाहिए। गंगा एक्सप्रेस वे को अनावश्यक लम्बा नहीं किया जाना चाहिए। कांग्रेस जिला अध्यक्ष शेरबाज पठान पूर्व से ही गंगा एक्सप्रेस वे को जनपद बिजनौर से ही निकाले जाने की मांग उठाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे जनपद का विकास होगा।

# दो बाइकों की भिड़ंत में तीन गंभीर घायल

**नहटौर।** नहटौर नूरपुर मार्ग पर ग्राम आंकू के पास दो बाइकों में आमने-सामने की भिड़ंत होने पर तीन लोग घायल हो गए। तीनों को सीएचसी में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार ग्राम चौरहा निवासी शिवम पुत्र सुमेर सिंह, आर्यन पुत्र रिशिपाल सोमवार की रात को नूरपुर की तरफ से अपने घर वापस आ रहा था। नहटौर की तरफ से ग्राम मंडोरा विप निवासी उदल सिंह अपनी बाइक से नूरपुर की ओर जा रहा था। सोमवार की रात को करीब 8:30 बजे ग्राम आंकू के पास क्रेशर के निकट दोनों बाइकों में भिड़ंत हो गई। जिससे तीनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को राहगीरों की मदद से सीएचसी में भर्ती कराया गया।कोतवाल धीरज सिंह सोलंकी ने बताया कि इस मामले में अभी कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

# छत से कूदी खुशबू वर्मा की मेरठ में उपचार के दौरान मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नजीबाबाद में दो दिन पूर्व रहस्यमय परिस्थितियों में छत से गिरी महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। जिससे उसके परिवार में कोहराम मच गया। गंभीर बात यह है कि महिला के पति ने नजीबाबाद के ही एक उद्योगपति पर गंभीर आरोप लगाए है।

प्राप्त समाचार के अनुसार नजीबाबाद में रेलवे स्टेशन रोड स्थित मेडिकल स्टोर स्वामी अमित वर्मा पुत्र बालकृष्ण वर्मा की पत्नी खुशबू वर्मा दो दिन पूर्व रहस्यमय परिस्थितियों में घर की तीसरी मंजिल से नीचे गिर गई थी। उन्हें गंभीर हालत में मेरठ के एक अस्पताल में भर्ती कराया था। वह नीचे एक बाइक पर गिरी थीं। उनके पैरों की हड्डी टूट गई थी। साथ ही सिर में भी गंभीर चोट आई थी। मेरठ में उनका उपचार चल रहा था। बताते है कि उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। जिसके बाद उनके शव को तमाम



## पति ने उद्योगपति पर लगाया गंभीर आरोप

औपचारिकताएं पूरी करने के बाद अंतिम संस्कार के लिए नजीबाबाद लाया गया।

दूसरी तरफ इस मामले में नया मोड़ उस समय आ गया, जब खुशबू वर्मा के पति अमित वर्मा ने नजीबाबाद पुलिस के नाम एक तहरीर जारी की। जिसमें कहा गया है कि वह एक व्यापारी है। उसकी पत्नी खुशबू वर्मा की हत्या की जिम्मेदारी नगर के एक उद्योगपति की है। वह लगातार उनकी पत्नी का शारीरिक शोषण करता रहा है और वर्तमान में मानसिक शोषण कर रहा था। उसके द्वारा तरह-तरह से उत्पीड़न किया गया। उसने मेरी पत्नी की मजबूरी का फायदा उठाया और कैमरे के माध्यम से उसकी अश्लील वीडियो बना ली थी। साथ ही फोटो भी खींच लिए थे। उसी को वायरल करने की धमकी देकर बुलाया व धमकाया करता था। जिसकी वजह से उसकी पत्नी इज्जत की खातिर छत से कूद कर जान देने को मजबूर हुई। इस संबंध में जब नजीबाबाद के प्रभारी निरीक्षक से वार्ता की गई, तो उन्होंने बताया कि अभी तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। जबकि तहरीर में जिस उद्योगपति का नाम लिखा गया है, उससे पक्ष जानने का प्रयास किया गया, तो सम्पर्क नहीं हो पाया।

# पुरानी पेंशन बहाली के लिए सौंपा ज्ञापन

## सांसद चंदन चौहान ने संसद में मुद्दे को उठाने के लिए किया आश्वस्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच उत्तर प्रदेश जनपद शाखा बिजनौर द्वारा बिजनौर लोकसभा सांसद चंदन चौहान को जिला संगठन मंत्री ज्ञानेंद्र चौधरी एवं ब्लॉक अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी के नेतृत्व में पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर ज्ञापन दिया गया।

इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने बताया कि एनपीएस एवं यूपीएस शेयर बाजार पर आधारित है और विगत पांच माह से शेयर बाजार में लगातार गिरावट आने से देश के 75 लाख से अधिक शिक्षक एवं कर्मचारी अपने भविष्य की आर्थिक सामाजिक सुरक्षा को लेकर चिंतित है क्योंकि उनके वेतन से 10% होने वाली कटौती को सरकार द्वारा शेयर बाजार में लगाया गया है, जिस देश के शिक्षकों एवं कर्मचारी को शेयर



बाजार के लगातार गिरने नुकसान हुआ है। जिसमें 91.13 लाख करोड़ रुपए कम हुए हैं। देश के शिक्षक एवं कर्मचारी शेयर बाजार की इस गिरावट से आर्थिक सामाजिक सुरक्षा जोखिम में है। पुरानी पेंशन में शिक्षकों एवं कर्मचारियों का भविष्य सुरक्षित है। सांसद चन्दन चौहान ने सदन में मुद्दे को उठाने व प्रधानमंत्री को पत्र लिखने के आश्वासन किया।

इस अवसर पर डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष राजेश कुमार रवि, कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ की जिला अध्यक्ष बीना रानी, उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिला उपाध्यक्ष संजीव कुमार, वाहन चालक संघ के जिला मंत्री नरेंद्र कुमार, अटेवा जिला आईटी सेल प्रभारी आकाश दीप, आईटीआई कर्मचारी संघ के पूर्व जिला मंत्री सतवीर सिंह, जय प्रकाश पटेल, अशोक कुमार, अबरार अहमद, सत्येंद्र कुमार, विजयपाल सिंह, सुमित कुमार, विकास कुमार, निशु कुमार, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

# मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम के तहत वृहद कैंप का आयोजन किया गया।

इस दौरान जिला अस्पताल के मनोरोग विशेषज्ञ डा. नितिन ने बताया कि जिसको भी मनोरोग की समस्या हो वह झोलाछाप डॉक्टर, नीम हकीम और झाड़ फूंक के चक्कर मे न पड़ें। उन्होंने बताया कि अल्जाइमर डिजीज 65 साल से ऊपर के व्यक्तियों में देखने को मिलती है, जिनमें याददाश्त कमजोर पड़ जाती है। इसके इलाज के लिए कोई दवा फिलहाल मौजूद नहीं है। आप लोग चिकित्सक से संपर्क में रहकर नियमित इलाज ओर जांच करवाएं ताकि बीमारी और न बढ़ पाएं। नींद न आना या देर से आना, चिंता, घबराहट, तनाव आदि रहना, काम में मन न लगना और आत्महत्या का विचार आना आदि मनोरोग के लक्षण हो सकते है आप तत्काल मनोरोग चिकित्सक से मिलकर इलाज करवाये। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख उज्जवल चौहान ने बताया कि सरकार की पहल से हमारे



जिला अस्पताल में मनोरोग विशेषज्ञ की सेवा मिलने लगना हम लोगो के लिए सौभाग्य की बात है।

मेरा हर तरह का सहयोग जनहित में स्वास्थ्य विभाग को मिलता रहेगा। नगर के वरिष्ठ चिकित्सक और समाजसेवी डॉ. मनोज वर्मा ने बताया कि मोबाइल के कारण और एकल परिवार के कारण लोग डिप्रेशन का शिकार हो रहे है। उन्होंने एक घंटे मोबाइल न चलाने की नसीहत दी। बच्चों को अपना कीमती समय देने की बात कही। इस दौरान प्रभारी डा. बीके स्नेही ने बताया कि हमारे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्योहारा में मनोरोग विशेषज्ञ की सेवाएं इस माह में मिल रही है, इससे मरीजों को लाभ मिलेगा जिसमें जिला अस्पताल की टीम और चिकित्सक आकर नि:शुल्क दबाए और सलाह मुहैया कराते हैं। वहीं डा. एचएस कालरा ने कहा कि आप सभी अपने घर परिवार और आसपास के लोगों को यहां भेजकर उनका भला कर पुण्य कमा सकते है। मनोरोग का इलाज लम्बा चलता है। सलाह के लिए जिला अस्पताल के कमरे नंबर 6 सोमवार, बुधवार ओर शुक्रवार को दिखा सकते है।

इस मौके पर डा. मनोज वर्मा, भाजपा मण्डल अध्यक्ष नीरज राणा, विपिन सिसोदिया, जिला अस्पताल के मनोरोग चिकित्सक/विशेषज्ञ डा. नितिन कुमार, क्लीनिकल साइकोलोजिस्ट आयुषी दीक्षित साइकरियाटिक आदि मौजूद रहे।

# गंगा एक्सप्रेस-वे की मुहिम में खटीक समाज भी उतरा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अखिल भारतीय खटीक समाज के जिलाध्यक्ष सुनीलपाल मनोहारिया ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर गंगा एक्सप्रेस वे को बिजनौर गंगा तट की ओर बनाए जाने की मांग की ।

अखिल भारतीय खटीक समाज के जिलाध्यक्ष सुनीलपाल मनोहारिया ने जिला कलेक्ट्रेट पहुंच कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया। जिसमें कहा गया कि मां नमामि गंगे बिजनौर जनपद नजीबाबाद के नांगल सोती और बिजनौर के बालावाली, मिर्जापुर, शिमलाकला, राजारामपुर, देवलगढ़, रावली, बैराज, जलालपुर, विदुरकुटी, दारानगर गंज और चांदपुर क्षेत्र के जलीलपुर, बांकीपुर, बसंतपुर आदि स्थानों में बहती हुई जनपद अमरोहा के तिगरी, गढ़मुक्तेश्वर और प्रयागराज जाती हैं । बिजनौर जनपद के जिन स्थानों से पवित्र गंगा बहती है ये सभी ऐतिहासिक और पौराणिक धार्मिक स्थल मौजूद हैं। जबकि हजारों साल

## जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा

से कार्तिक पूर्णिमा पर ग्राम दारानगर गंज, बालावाली और नांगल सोती में गंगा किनारे विशाल मेले लगते हैं। किंतु मुजफ्फरनगर निवासी विधायक और बिजनौर के जिला प्रभारी मंत्री कपिलदेव अग्रवाल बिजनौर की जनता के साथ छल करके गंगा एक्सप्रेस वे बिजनौर जिले से बाहर निकालना चाहते हैं। जो वास्तव में तिगरी से विदुर कुटी, रावली कण्व आश्रम रावली बालावाली नांगल सोती होते हुए हरिद्वार तक बनना चाहिए।

ज्ञापन में गंगा एक्सप्रेस वे को बिजनौर गंगा किनारे बनाए जाने, पद का दुरूप्रयोग करने और गलत संस्तुति करने वाले बिजनौर के जिला प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल को तत्काल हटाये जाने तथा गंगा किनारे पड़ने वाले ऐतिहासिक पौराणिक धार्मिक स्थानों को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किए जाने की मांग की गई है।

## एक नजर

### नन्ही आलिया ने रखा पहला रोजा



**नजीबाबाद।** मुकद्दस रमजान बडा ही मुबारक और बरकत वाला महीना माना जाता है। इस महीने में अल्लाह की रहमत बरसती है। आलिया (8 वर्ष) ने रमजान मुबारक में पहला रोजा रखा। आलिया ने सुबह सवेरे सहरी कर शाम को रोजा इफ्तार किया। रोजे के साथ-साथ आलिया ने पांच वक्त की नमाज पढ़ कर पूरे आलम के लिए चैन सुकून की दुआ भी की।

### वेदी शिलान्यास समारोह



**नहटौर।** नहटौर के हल्दौर मार्ग पर स्थित गांव पाडला में भगवान श्री ऋषभनाथ जी की कई हजार वर्ष पुरानी अतिशय प्रतिमा विराजमान है। जहां पर मंदिर का श्री दिगंबर जैन समाज नहटौर द्वारा करीब 1 करोड़ की लागत से भव्य पुन:निर्माण कराया जा रहा है। इसी क्रम आज प्रात: समर्पण सागर महाराज जी के सानिध्य में वेदी शिलान्यास समारोह का आयोजन किया। जैन समाज द्वारा सर्वप्रथम पूजा अर्चना स्थान शुद्धि मंत्र जाप आदि से प्रतिष्ठाचार्य पंडित नरेश कुमार जैन हस्तिनापुर द्वारा पूजा अर्चना कराई गई। आज के मुख्य शिलायन्स कर्ता श्रीयांस जैन व संदीप जैन रहें। इस दौरान समाज के प्रत्येक व्यक्ति द्वारा शिला स्थापित की गयी। इस मौके पर राजीव कुमार जैन, ऋषभ जैन, मुकेश जैन, नितिन जैन, डॉ. अंकुर जैन, विनय कुमार जैन, अशोक जैन, सुनील कुमार, सुकेश जैन, विजय जैन, पवन जैन, नीरज जैन, निकुंज जैन, राजेश जैन, नूतन जैन, रमा जैन, रिया जैन, पूनम जैन, रुपाली जैन, खुश्बू जैन, श्वेता जैन, अनिता जैन, वंदना जैन, विनीता जैन, सुमन जैन आदि समाज के महिला पुरुष मौजूद रहे।

# भाकियू महात्मा टिकैत की चार दिवसीय पदयात्रा शुरू



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भाकियू महात्मा टिकैत की चार दिवसीय पदयात्रा चौधरी सुखविंदर सिंह जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में तेल पेट्रोल पंप से शुरू की गई।

यात्रा उप जिलाधिकारी नजीबा. बाद को ज्ञापन देकर शुरू हुई। इस यात्रा के मुख्य बिंदु गन्ना मूल्य वृद्धि तहसीलों में व्याप्त भ्रष्टाचार बिजली से संबंधित समस्याओं से आम जनमानस और किसानों को राहत मिले और जिले में व्याप्त हिंसक पशुओं, गुलदार के आतंक से राहत दिलाई जाए। इस यात्रा का अगला पड़ाव नजीबाबाद से चलकर नगीना तहसील में आज शाम को एसडीम अधिकारी को ज्ञापन दिया जायेगा जो मुख्यमंत्री के नाम संबोधित होगा। पैदल यात्रा में किसान यूनियन महात्मा टिकैट के अध्यक्ष चौधरी सुखविंदर सिंह के साथ जिला उपाध्यक्ष कुलदीप मोर और जिला महामंत्री जितेंद्र हुड्डा, जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा कपिल अंसारी, जिला प्रभारी राजवीर सिंह जिला संगठन मंत्री जगबीर सिंह, जिला महासचिव विकास चौधरी, तहसील अध्यक्ष सतपाल शर्मा, कोषाध्यक्ष सज्जाउद्दीन, युवा महासचिव कृष्ण पाल, साकिब अंसारी मीडिया प्रभारी शहजाद मलिक, जिला मीडिया प्रभारी जकी मलिक, इरफान अंसारी अध्यक्ष विपिन कुमार ठाकुर और बहुत सारे संगठन के पदाधिकारी मीडिया कर्मी एकजुट होकर भाकियू महात्मा टिकैत की चार दिवसीय पद यात्रा में शामिल हुए।

# नलकूप की भूमि कब्जा मुक्त कराने की मांग

## डीएम के नाम ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नजीबाबाद भारतीय किसान यनियन प्रधान के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश प्रधान की संस्तुति पर कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने तहसील नजीबाबाद पहुंचकर नायब तहसीलदार ममता यादव को एक ज्ञापन उप जिला अधिकारी के नाम सौंपा।

जिसमें बताया गया कि सरकारी नलकूप की भूमि पर भूमाफिया द्वारा कब्जा कर दुकानों का निर्माण करा दिया गया है और सरकारी नलकूप की बिल्डिंग तोड़कर उक्त भूमि पर भूमाफियाओं द्वारा कब्जा किया गया। जिसे कब्जा मुक्त कराने को लेकर ज्ञापन दिया गया। जिसमें बताया गया कि खसरा संख्या 374 पर पिछले 45 वर्षों से सरकारी नलकूप बना हुआ था और कुछ भूमाफियाओं ने सरकारी अभिलेखों को छुपा कर तथा अधिकारियों को गुमराह कर 11 जून 2020 को खसरा संख्या 374 का



बैनामा धर्मेंद्र कुमार निवासी जोगी औनधा, थाना हीमपुर दीपा ने अपने नाम करा लिया था। उक्त भूमि पर उस समय सरकारी नलकूप की बिल्डिंग मौजूद बनी हुई थी। वर्तमान जोत चकबंदी आकार पत्र संख्या 41 के विशेष विवरण कॉलम में भी सरकारी नलकूप दर्ज है। उक्त भूमि पर बनी नलकूप की बिल्डिंग को भूमाफियों द्वारा तोड़ दिया गया। जिसकी भी सूचना ग्राम पंचायत व राजस्व विभाग को नहीं दी गई। उक्त भूमि की धारा 80 (2) करा दी गई। इस भूमि से संबंधित सभी साक्ष्य जिलाधिकारी बजनौर को भी पूर्व में ग्राम प्रधान रविंद्र कुमार के द्वारा प्रस्तुत कराए गए है। आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि अधिकारी और भूमाफिया कितने हम साज हैं। जोकि सरकारी करोड़ों की संपत्ति पर दुकानों का निर्माण करा दिया गया है। प्रशासन की आंखों पर पट्टी बंधी रही। जिस पर भारतीय किसान यूनियन प्रधान ने कार्यवाही करने हेतु पांच दिन का समय देते हुए ज्ञापन उप जिलाधिकारी के नाम सौंपा है। अन्यथा नजीबाबाद तहसील प्रशासन के खिलाफ अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा।

इस अवसर पर गुनियापुर ग्राम प्रधान रविंद्र कुमार, मंडल प्रभारी दलवीर चौधरी, रामोद कुमार, नरेंद्र सिंह, प्रमोद कुमार, मौहम्मद फैयाज आदि क्षेत्रीय किसान भी उपस्थित रहे।

## सार्वजनिक सूचना

मेरे तीन बच्चे हैं, जिनमें एक बेटा मौ. हारून आयु 19 वर्ष, दूसरा बेटा मौ. हादिन आयु 17 वर्ष व एक बेटी हादिया आयु 12 वर्ष हैं, जो मेरे साथ ही रहते है और मेरी देखभाल करते है। मैं अपने तीनों बच्चों से बहुत प्यार करता हूं। मेरे तीनों बच्चे मेरी सम्पत्ति के वारिस है। मैंने अपने बच्चों की बेदखली के सम्बंध में पूर्व में जो पब्लिकेशन कराया है, उसे मैं निरस्त करता हूं।

**मौ. कासिम पुत्र इकबाल खान, मौहल्ला नौमी, कस्बा बढ़ापुर, जिला बिजनौर**

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा छोटा पुत्र अर्पित गांधी तथा उसकी पत्नी सुषमा गलत संगत में पड़ गए हैं। मेरा कहना भी नहीं मानते हैं तथा मुझसे गलत व्यवहार करते हैं। इसलिए मैंने अपने छोटे पुत्र अर्पित तथा पुत्रवधू सुषमा एवं उसके वारिस से संबंध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में यदि कोई इनसे संबंध या पैसे का लेन देन रखता है, तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **सुनीता गांधी पत्नी स्वर्गीय राजन गांधी निवासी मौहल्ला काहरान, धामपुर, जिला बिजनौर।**

# छोटू मांझी हत्याकांड में जितेन्द्र सैनी गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** धामपुर पुलिस ने छोटू मांझी हत्याकांड का खुलासा करते हुए नगला गूंगा का जितेन्द्र उर्फ जीतू सैनी को गिरफ्तार किया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार एक मार्च को वादी मोती मांझी पुत्र रामबली मांझी निवासी ग्राम कठार थाना शेरघाटी, जनपद गया (बिहार) ने थाना धामपुर पर तहरीर दी थी कि वादी का मौसेरा भाई छोटू मांझी पुत्र डोमन मांझी निवासी ग्राम ताराडीह, थाना रोशनगंज, जनपद गया बिहार, कस्बा शेरकोट के मौहल्ला खुराड़ा चंगी निवासी नत्थू सिंह सैनी पुत्र बनवारी सिंह के यहां गन्ना छिलाई का काम करता था। 20 फरवरी को सुबह करीब नौ बजे छोटू मांझी अपने ग्राम तारडीह जाने के लिए कपड़ों का बैग लेकर निकला था, परंतु वह अपने घर नहीं पहुंचा था। 22 फरवरी को वादी के भाई का शव थाना धामपुर के ग्राम जैतरा के जंगल में रेलवे लाइन के पास झाड़ियों में पड़ा मिला था। किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा वादी के भाई की गला घोंटकर हत्या की गई थी। तहरीर के आधार पर थाना धामपुर पर मुकदमा अपराध सं. 81/2025 धारा 103/(1)/238 बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण गला घोंटने से होना पाया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान शेरकोट से रेलवे स्टेशन, धामपुर तक सीसीटीवी फुटेज चेक की गई, तो यह तथ्य प्रकाश में आया कि मृतक छोटू स्टेशन के सामने दुकान पर किसी अनजान साइकिल सवार व्यक्ति के साथ पैदल-पैदल रेलवे स्टेशन से तहसील फाटक की ओर जाता हुआ दिखाई दिया था। साक्ष्य संकलन के आधार पर मृतक के साथ पैदल जा रहे व्यक्ति की पहचान जितेन्द्र उर्फ जीतू सैनी पुत्र किशोरी सैनी निवासी ग्राम नंगला गूंगा, थाना धामपुर के रूप में हुई।

## मृतक का मोबाइल फोन बरामद

धामपुर पुलिस द्वारा जितेन्द्र उपरोक्त को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, तो यह तथ्य प्रकाश में आया कि 20 फरवरी को जितेन्द्र साइकिल से अपनी दुकान के लिए बीडी व सिगरेट आदि सामान लेने के लिए रेलवे स्टेशन धामपुर के पास बाजार में गया था। दोपहर करीब 12 बजे स्टेशन के सामने सड़क पर जितेन्द्र को छोटू मांझी मिला था। बातचीत के दौरान दोनों का आपस में परिचय हो गया तथा दोनों ने एक साथ बैठकर शराब का सेवन किया। शराब पीने के उपरान्त जितेन्द्र शराब के दो पाउच लेकर छोटे मांझी के साथ पैदल -पैदल अपनी साइकिल सहित रोडवेज की तरफ गया था। स्टेशन से पहले रेलवे फाटक पार करके रेलवे पटरी के पास से होते हुए स्टेशन की तरफ चल दिये थे। स्टेशन से पहले रेलवे पटरी के किनारे जितेन्द्र ने अपनी साइकिल खड़ी कर दी थी और छोटू मांझी ने उसी पर अपना बैग रख दिया था। दोनों नशे में थे और वहां से साइकिल और बैग को वहीं छोड़कर पैदल-पैदल रेलवे पटरी पर चलकर जैतरा फाटक से आगे शुगर मिल की तरफ करीब 200 मीटर चलकर रेलवे लाइन की बगल में झाड़ियों में बैठकर फिर शराब पीने लगे थे।

शराब खत्म होने पर जितेन्द्र ने छोटू मांझी से और शराब लाने के लिए पैसे मांगे थे, तो छोटू मांझी ने पैसे देने के लिए मना कर दिया था। इसी बात पर दोनों का आपस में झगड़ा एवं मारपीट हुई। जितेन्द्र ने छोटू की जेब से जबरन पर्स निकालने की कोशिश की, तो उसकी पैन्ट ढीली होने के कारण वह अंडरवीयर के साथ नीचे निकल गई थी। जिस पर जितेन्द्र व छोटू मांझी की आपस में गाली-गलौच हुई। इसी दौरान जितेन्द्र ने हाथों से छोटू का गला दबा दिया था, जिससे वह बेहोश हो गया। इसके बाद उसने पैन्ट से बैल्ट निकालकर छोटू का गला घोट दिया था। जिससे उसकी मौत हो गयी। इसके बाद अभियुक्त जितेन्द्र ने छोटू का मोबाइल निकाल लिया और उसके शव को वहीं झाड़ियों के पीछे छिपा दिया। छोटू मांझी के मोबाइल फोन से सिम निकाल दिया था। छोटू मांझी का बैग, उसमें रखे कपड़े तथा घटना के समय पहनी शर्ट व सिम को घर के पास रेलवे लाइन के किनारे गली में जला दिया था।

अभियोग की विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान प्रकाश में आए अभियुक्त जितेन्द्र उर्फ जीतू सैनी पुत्र किशोरी सैनी निवासी ग्राम नंगला गूंगा को गिरफ्तार कर लिया गया है। अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त साइकिल, मृतक का मोबाइल फोन, मृतक द्वारा पहने कपड़ों के जले हुए अवशेष आदि बरामद किए गए है।

# जनपद के पुलिस कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रणाली लागू

**बिजनौर।** पुलिस प्रशासन द्वारा डिजिटल इंडिया की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अब समस्त पुलिस कार्यालयों, थाना कार्यालयों व शाखाओं में ई-ऑफिस प्रणाली को लागू किया गया है। यह कदम प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, तत्परता और दक्षता को बढ़ावा देने के लिए उठाया गया है। ई-ऑफिस प्रणाली के तहत सभी प्रकार के प्रशासनिक दस्तावेजों, रिपोर्टों और अभिलेखों का लेन-देन डिजिटल रूप में होगा। जिससे कागजी कार्यवाही में कमी आएगी और समय की बचत होगी। इससे पुलिस कर्मचारियों को कार्यों में गति प्राप्त होगी और कार्यों में सुधार आएगा। इस कदम से पुलिसकर्मियों के कार्यों में गति प्राप्त होगी और कार्यों में सुधार आएगा। यह कदम पुलिस कर्मियों के कार्यों को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और उत्तरदायी बनाने के लिए लिया गया है। इसके अलावा, यह डिजिटल पहल जनपद के नागरिकों के लिए बेहतर सेवा सुनिश्चित करने में भी सहायक सिद्ध होगी। पुलिस प्रशासन का उद्देश्य है कि यह परिवर्तन पुलिस कार्यप्रणाली को अधिक तेज, सटीक और नागरिकों के लिए जवाबदेह बनाए। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि सभी ई-ऑफिस प्रणाली का पूर्ण रूप से पालन करें और इसे सुचारू रूप से संचालित करें।

# कॉलेज की ईमेल ठगों ने कर दी हैक

**धामपुर।** साइबर अपराधियों ने धामपुर के प्रमुख सौभाग्यवती बाई दानी महिला महाविद्यालय की आधिकारिक ईमेल आईडी हैक कर ली।

प्राचार्या डा. पूनम चौहान ने बताया कि ईमेल कंपनी के मुख्य कार्यालय से संपर्क करने के बाद कॉलेज की हैक हुई आधिकारिक ईमेल आईडी को सुचारु करा लिया गया है। उन्होंने बताया कि यदि कॉलेज की आधिकारिक ईमेल आईडी, कार्यवाहक प्राचार्य व प्रो. बिमला सिंह के नाम के अलावा किसी अन्य आईडी से कोई संदेश या धनराशि संबंधी मांग की जाती है तो उसे ब्लाक करे दें। किसी भी ठगी की स्थिति में कॉलेज की जिम्मेदारी नहीं होगी।

# छप्परनुमा तीन घरों में लगी आग



शाह टाइम्स संवाददाता

**शेरकोट।** छप्परनुमा तीन घरों में लगी आग से लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। बताया जाता है कि घटना के वक्त परिजन घर पर नही थे। सूचना पर पुलिस सहित अग्निशमन की गाड़ी भी मौके पर पहुँची और आग पर काबू पाया

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम हाफिजाबाद बिहारीपुर में आज अचानक धर्मपाल, छोटे, रिजवान व संजय के घर के बराबर में ही स्थित छप्परनुमा पशुशाला में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटें देख पड़ोसियों ने घटना की

## घरेलू सामान जलकर राख

सूचना पीड़ितों को दी तथा पशुशाला में बंधे पशुओं को खोल दिया। जिससे पशुओं की हानि होने से बच गई। सूचना पर अग्निशमन की गाड़ी मौके पर पहुँची और किसी तरह आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक संजय के कृषि यंत्रों सहित घरेलू सामान, छोटे सिंह, धर्मपाल सिंह का घरेलू सामान सहित रिजवान का हजारों रुपयो का घरेलू सामान जलकर स्वाहा हो गया। घटना की जानकारी पर हल्का दरोगा विजेंद्र राठी भी पुलिसबल के साथ मौके पर पहुँचे। आग लगने के कारणों का पता नहीं लग पाया है। लेकिन अंदेशा जताया जा रहा है कि कुड़ियों में किसी ने आग लगाई होगी, जो मकानों तक जा पहुंची।

## एक नजर

### बिलाई शुगर मिल में सुरक्षा सप्ताह




**बिजनौर।** 54वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के उपलक्ष्य में बजाज हिन्दुस्थान शुगर लि. बिलाई के प्रशासनिक भवन के प्रांगण में सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ इकाई प्रमुख विजय वीर सिंह के द्वारा फीता काट कर किया गया। इस अवसर पर कारखाना के इएचएस विभाग द्वारा सुरक्षा उपकरणों की एक प्रदर्शनी लगायी गई। सभी विभागाध्यक्ष सहित भारी संख्या में अधिकारियों व कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर इसमें भाग लिया। ईएचएस हेड सुधीर पंवार के द्वारा प्रदर्शनी में रखे हुए उपकरणों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर सभी को सामूहिक रूप से सुरक्षा शपथ दिलवाई गई कि हम अपने आपको सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण से बचाव के प्रति पूर्ण समर्पित करेंगे और सुरक्षा नियमों का पालन करेंगे। इकाई प्रमुख्य विजयवीर सिंह द्वारा बताया गया कि दुर्घटना देश की अर्थव्यवस्था को कमजोर करती है तथा संपत्ति की भी क्षति करती है। अतएवं सभी अपने संबंधित कार्य क्षेत्र में सुरक्षा नियमों का अक्षरश: पालन करना सुनिश्चित करें। जिससे कोई भी दुर्घटना के शिकार न हो। अगर कारखाना के अंदर कोई भी अधिकारी व कर्मचारी चोटिल होता हैं, तो उसका खामियाजा उसके पूरे परिवार को उठाना पड़ता है। साथ ही इससे कारखाना के कार्य पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता है। हम सुरक्षा के नियमों का शत-प्रतिशत पालन कर कारखाना परिसर को दुर्घटना रहित बनाने के लिए कृतसंकल्प हों। परिसर में स्थित स्कूल के बच्चों को प्रदर्शनी में भ्रमण करवाया गया। साथ ही उन्हें सभी उपकरणों के उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। इस अवसर पर गन्ना विभाग के प्रमुख राहुल चौधरी, पंकज अग्रवाल, अनुज शर्मा, विजय वीर सिंह, संजय गोयल, कपिल त्यागी, संजय गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### हादसे में बाइक सवार गंभीर घायल



**अफजलगढ़।** बाइक व कार की टक्कर में बाइक सवार नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को 108 एम्बुलेंस व राहगीरों की मदद से इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उसे हायर सेंटर रैफर कर दिया। ग्राम निवासी भूतपुरी दल्ली वाला ओमप्रकाश पुत्र सतनाम सिंह (50 वर्ष) अपनी बाइक द्वारा घर से धामपुर की ओर जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार राष्ट्रीय राजमार्ग ग्राम भूतपुरी दल्ली वाला के समीप पहुंचा, तो हाईवे पर सामने से आ रही अज्ञात कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया, जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद डॉ. फहीम ने उसे हायर सेंटर रैफर कर दिया। वहीं अज्ञात कार स्वामी बाइक में टक्कर मार कर मौके से फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने कहा कि तहरीर मिलने पर जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

### गुलदार के हमले बढ़ने से दहशत



**चांदपुर।** तहसील क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में एक बार फिर से गुलदार के हमलों व उसके बढ़ते आतंक को लेकर ग्रामीण ही नहीं बल्कि शहरी इलाके से सटे गावों में भी भय का माहौल बना हुआ है। ग्रामीण इलाकों से शिक्षा ग्रहण करने आने वाले बच्चे भी अपने स्कूल कॉलेज आने से कतरा रहे है। इसका कारण भी गुलदार के हमले ही हैं। हालांकि वन विभाग भी इसको लेकर अब सक्रिय हुआ है। जगह जगह पिंजरे लगाकर गुलदार को पकड़ने के लिये पिंजरे लगा रहा है और जाल बिछाये जा रहे है, मगर गुलदार पकड़ से बाहर है। अब तक कई गावों से गुलदार के देखे जाने, हमला करने के मामले सामने आ चुके है। इसी क्रम मे गत दिवस ग्राम चौंधेड़ी में जंगल से चारा लेने गई एक महिला पर गुलदार ने हमला कर दिया, जिसमें महिला की मौत हो गई थी। अब गुलदार के अनेकों गावों मे से देखे जाने, जंगलो मे पंजों के निशान मिलने आदि की जोरदार चर्चा है।

### नगीना में पुलिस का फ्लैग मार्च



**बिजनौर।** होली के मौके पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी राम अर्ज एवं एसडीएम आशुतोष जैसवाल के नेतृत्व में पुलिस फोर्स ने नगीना नगर में फ्लैग मार्च किया।

### एक्सप्रेस-वे से जनपद को होगा लाभ



**किरतपुर।** एडवोकेट एसोसिएशन के नगर अध्यक्ष अंकित रस्तौगी ने गंगा एक्सप्रेसवे की मांग करते हुए कहा कि संगठनों जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, किसान यूनियन, व्यापार मंडल एवं जिला बिजनौर की समस्त जनता द्वारा गंगा एक्सप्रेसवे की जिला बिजनौर से जोड़ने की मांग की जा रही है। जो कि जायज मांग है और यह जिला बिजनौर वासियों का हक है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इस ओर ध्यान देते हुए जिला बिजनौर के विकास के लिए उक्त मांग पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर गंगा एक्सप्रेसवे को जिला बिजनौर से जोड़ने के लिए संबंधित आवश्यक कदम उठाने चाहिए, जिससे जिला बिजनौर को भी एक्सप्रेसवे का लाभ मिले सके।

# धूमधाम से निकाला जाएगा होली का जुलूस

## अजयवीर चुने गए होली समिति के अध्यक्ष



शाह टाइम्स संवाददाता

**नूरपुर।** होली के अवसर पर निकाले जाने वाले रंग के जुलूस के लिए अजयवीर चौधरी को सर्वसम्मति से होली समिति का अध्यक्ष चुना गया। नव मनोनीत अध्यक्ष अजयवीर चौधरी ने कहा कि होली का जुलूस भव्य ढंग से निकाला जाएगा।

सोमवार को देर शाम प्राचीन शिव मंदिर प्रांगण में धर्मेंद्र जोशी की अध्यक्षता एवं मुकुल गुप्ता के संचालन में आयोजित बैठक में निवर्तमान अध्यक्ष उमेश त्यागी ने दो वर्ष तक होली कमेटी के अध्यक्ष के रूप में सहयोग देने के लिए सभी का आभार जतायां उन्होंने कहा है कि होली के त्योहार को भाईचारे के साथ मनाना है। होली के रंग में कोई भी शराब पीकर हुड़दंग ना मचाये। ऐसा कोई काम ना करें, जिससे दूसरे समाज के लोगों की भावना को ठेस पहुंचें। रंगों का त्योहार मोहब्बत व भाईचारे का त्यौहार है तथा इस वर्ष नए अध्यक्ष चुनने का सुझाव दिया। धर्मेंद्र जोशी द्वारा अजयवीर चौधरी के नाम का प्रस्ताव रखा गया, जिसे सर्व सम्मति से सहमति दी गई। इसके अतिरिक्त वीर सिंह को महामंत्री तथा सौरभ जुनेजा को कोषाध्यक्ष चुना गया।

बैठक में वीर सिंह, मुकुल गुप्ता, संजीव जोशी, प्रेमपाल रवि, अंकित जोशी, सत्यम जोशी, जागेश शर्मा, विपिन कौशिक, मुकेश कुमार, प्रमोहन चौहान, मनोज वर्मा आदि ने हिस्सा लिया।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आकर युवक की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**स्योहारा।** अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर परिजनों के आग्रह पर शव परिजनों को सौंप दिया।

शावेज (35 वर्ष) पुत्र शमीम निवासी मोहल्ला अफगानान सहसपुर प्रतिदिन स्योहारा स्टेशन रोड स्थित बाबू स्वीट हाउस पर काम करने आता था। सोमवार की दोपहर शावेज सहसपुर से स्योहारा आया था। मुरादाबाद रोड स्थित मन्नत विवाह मंडप के सामने किसी अज्ञात वाहन टक्कर मार कर फरार हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव की



शिनाख्त कर परिजनों को घटना की जानकारी दी। थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि परिजनों के आग्रह पर शव का पंचनामा भर कर परिजनों को सौंप दिया गया है।

# स्वर्ण रथ यात्रा महा महोत्सव कल से

शाह टाइम्स संवाददाता

धामपुर। गुजरातियान स्थित अतिशय युक्त ट्रस्ट श्री पार्श्वनाथ जैन मंदिर के आगामी 6 मार्च से आयोजित होने वाले तीन दिवसीय गौरवशाली 140 वे वार्षिक स्वर्ण रथ यात्रा महा महोत्सव की तैयारी जोरों शोरों से जारी है।

तीन दिवसीय महा महोत्सव के अंतर्गत विशाल रथ यात्रा निकाली जाएंगी। परम पूजनीय संस्कार प्रणेता आचार्य श्री 108 सौरभ सागर जी महाराज तथा परम पूजनीय वात्सल्य रत्नाकर उपाध्याय श्री 108 विशोक सागर जी महाराज के अलावा छुल्लक रत्न 105 श्री समर्पण सागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद की अनुभूति रखते हुए आयोजित किए जाने वाले इस तीन दिवसीय महा महोत्सव के अंतर्गत 6 मार्च को प्रात: 6:30 बजे मंगलाचरण एवं ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित होगा प्रात: 7:00 बजे श्री जी का सामूहिक अभिषेक एवं पूजन प्रात: 7:30 बजे मूल नायक 1008 श्री चंद्र प्रभु भगवान का निर्माण लड्डू 7:45 बजे निर्वाण लड्डू श्री शांतिनाथ जिनालय में प्रात: 11:00 रथ यात्रा के लिए पारंपरिक बोलियां 11:30 बजे रथ यात्रा का शुभारंभ होगा। तीन दिवसीय महोत्सव को सफलता दिलाने के लिए सभी जैन धर्मावलंबी परिवार पूरी सक्रियता एवं समर्पित भावना के साथ जुटे हुए हैं।

# एक्सप्रेस-वे व हाईवे पर बनेंगे अस्पताल: अरुण वर्मा

शाह टाइम्स संवाददाता

**स्योहारा।** नगर निवासी उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता अरुण कुमार वर्मा ने भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनवाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा उत्तर प्रदेश में विकास कार्यों को गति देते हुए कार्य किये जा रहे हैं।

अरुण कुमार वर्मा ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्सप्रेसवे और हाईवे पर दुर्घटना रोकने के लिए कई बड़े कदमों की घोषणा की है। उन्होंने ऐलान किया है कि एक्सप्रेसवे और हाईवे के दोनों तरफ फूड प्लाजा की तरह अस्पताल बनाए जाएंगे। इन अस्पतालों में ट्रॉमा सेंटर, एंबुलेंस और प्रशिक्षित कर्मियों को तैनात किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि एक्सप्रेसवे और हाईवे पर शराब की एक भी दुकान नहीं होगी। मुख्यमंत्री ने सड़क दुर्घटना के



## मुख्यमंत्री की एक और अच्छी पहल

कारण बताते हुए उनके प्रति जागरूकता बढ़ाने को भी कहा। उन्होंने कहा कि तेज रफ्तार से गाड़ी चलाना, शराब पीकर गाड़ी चलाना, गलत साइड पर गाड़ी चलाना, रेड लाइट जंप करना और गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल करना सड़क हादसे होने के बड़े कारण हैं। इसके लिए लोगों में जागरूकता फैलाने की जरूरत है। अरुण कुमार वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को यूपी राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में और कई निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एनएचएआई की 93 सड़कें हैं। इनमें से सिर्फ चार सड़कों पर कैमरे लगे हैं। बाकी सड़कों पर भी कैमरे लगाए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग और उच्च शिक्षा विभाग अपने स्कूल व कॉलेजों में छात्रों को सड़क सुरक्षा के लिए जागरूक करें। बेसिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग के विद्यालयों के पाठ्यक्रम में ट्रैफिक के नियमों को जोड़ा जाए। उन्होंने एनएचएआई की सड़कों पर फुटओवर ब्रिज बनाने को भी कहा है।

# सांसद चंद्रशेखर के ऊपर हमले से कार्यकर्ताओं में गुस्सा

## आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के साथ सांसद को जेड श्रेणी की सुरक्षा देने की मांग









शाह टाइम्स संवाददाता

**किरतपुर।** आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व नगीना लोकसभा सांसद चंद्रशेखर आजाद के ऊपर हुए हमले से उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं में जबरदस्त गुस्सा देखा जा रहा है। उन्होंने हमले के आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है और सांसद चंद्रशेखर आजाद की सुरक्षा बढ़ाए जाने का मुतालबा किया।

मंगलवार को आजाद समाज पार्टी के नेताओं ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्र शेखर आजाद के ऊपर हुए हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि जिस साजिश की तहत भी चंद्रशेखर आजाद के ऊपर मथुरा में हमला हुआ है उसका जल्दी से पर्दाफाश होना चाहिए और हमले के आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जानी चाहिए।

इस मौके पर आसपा के युवा नेता साहिल मेहरा ने कहा कि नगीना लोकसभा सांसद चंद्रशेखर आजाद हमारे दिलों पर राज करते है, उनके एक इशारे पर पार्टी का एक एक सिपाही अपनी जान न्यौछावर करने को तैयार है। उन्होंने कहा कि जब प्रदेश में एक जनप्रतिनिधि तक सुरक्षित नहीं तो आम जनता क्या सुरक्षित रहेगी। यह घटना बहुत ही दुखद है व निंदनीय है। इस घटना की सीबीआई जांच होनी चाहिए तथा सांसद चंद्रशेखर आजाद को जेड श्रेणी की सुरक्षा दी जानी चाहिए और आरोपियों को कानून अच्छे से सबक सिखाए।

एडवोकेट अशरफ जमील ने कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि यह हमला शोषितों, वंचितों, मजलूमों, गरीबों, महिलाओं, शिक्षकों, युवाओं, बुजुर्गों, दलितों, पिछड़ों, मुस्लिमों की आवाज को दबाने की साजिश है लेकिन हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष और उनकी पार्टी का एक भी कार्यकर्ता डरने वाला नहीं हैं। उन्होंने कहा कि इस कायराना हमले से सत्ताधारी पार्टी की मानसिकता साफ नजर आ रही है। भाजपा सरकार में पूरी तरह से जंगल राज चल रहा है। उन्होंने कहा कि हमलावरों के खिलाफ अगर जल्द ही ठोस कार्यवाही नहीं हुई और माननीय सांसद जी की सुरक्षा नहीं बढ़ाई गई, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

आजाद समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता जिला पंचायत सदस्य धर्मेंद्र कुमार ने हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि मथुरा में हुए दलित बहनों के साथ अत्याचार पर उनकी आवाज उठाने गए एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद व उनके काफिले पर कायराना हमला करके भाजपा ने गंदी मानसिकता का सबूत दिया है जो कि कभी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मेरठ में भी दलित के बेटी की बारात व दूल्हे के साथ मारपीट की घटना हुई है वो भी काबिले बर्दाश्त नहीं है। उन्होंने इन घटनाओं को लेकर भाजपा सरकार को गंदी मानसिकता रखने वाले लोगों की पार्टी बताते हुए कहा कि यह तानाशाही बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आजाद समाज पार्टी का एक एक सिपाही अपनी बहन बेटियों के सम्मान बचाने के लिए अपना तन मन धन लगा देगा, लेकिन बेइज्जती बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने सांसद चंद्रशेखर आजाद की सुरक्षा बढ़ाए जाने की मांग की।

आसपा के युवा नेता सरफराज मलिक ने कहा कि मथुरा में एमपी चंद्रशेखर आजाद के साथ चल रही कार्यकर्ताओं की गाड़ियों पर विरोधियों द्वारा संयोजित तरीके से पुलिस की मौजूदगी में हमला हुआ वो बड़े शर्म की बात है। पुलिस घटना को मूकदर्शक बने देखती रही। पुलिस अधिकारी चाहते तो हमला नहीं हो सकता था परंतु कुछ सुरक्षा व्यवस्था में खामियां रही। हमले में गाड़ियों को तोड़ा गया और घायल कार्यकर्ताओं ने भाग कर जान बचाई। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। भाजपा सरकार ऐसी घटनाओं को रोक नहीं पा रही है।

उन्होंने चंद्रशेखर आजाद की जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा की मांग की। उन्होंने कहा कि अगर सांसद जी की सुरक्षा व्यवस्था ठीक नहीं की गई और हमलावरों को सख्त सजा नहीं दी गई तो धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

# रोज़ा देता है अमन, मौहब्बत और सब्र का पैगाम: नुसरत इलाही

शाह टाइम्स ब्यूरो



**सम्भल।** रोज़ा सब्र देता है जबकि इस पाक महीने में रोज़ेदारों को अल्लाह तरह-तरह की नैमतों को भोजता है। इस पाक माह में सब्र और सुकून के साथ एकता व अमन को कायम रखकर कानून का पालन करते हुए एकता व भाईचारे का सबूत दें।

उक्त उद्गार नगर पालिका परिषद के पूर्व चैयरमेन व समाजसेवी हाजी नुसरत ईलाही जामई ने मुस्लिम समुदाय के लोगों से अपील करते हुए कहा कि माहे रमजान का महीना इबादत, मौहब्बत और अमन शांति का भी पैगाम देता है। इस माह हमे खूब इबादत करनी चाहिए। उन्होने कहा कि इसके साथ कानून का पालन करते हुए आपसी भाईचारा भी बनाये रखना है। इस महीने मे सब्र और सुकून पाने के लिए आपसी मौहब्बतों का कायम रहना जरूरी है। हर एक का फर्ज है कि वह अमन शांति की पहल करते हुए और कानून का पालन करते हुए एकता का सुबूत दे। उन्होने कहा कि मुल्क से मौहब्बत इस्लाम का अहम फर्ज है।

# पुलिस चौकी निर्माण के लिए कराया भूमि पूजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** सपा सांसद के निवास क्षेत्र में बन रही पुलिस चौकी के निर्माण से पूर्व भूमि पूजन किया गया। छोटी कन्या इनाया के हाथों नींव में पहली ईंट रखवाई गयी।

नखासा कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला दीपा सराय चौक में प्रस्तावित पुलिस चौकी का निर्माण कार्य विधिवत पूजन अर्चन के बाद शुरू करा दिया गया।24 नवम्बर 24 को शाही जामा में हरिहर मंदिर होने को लेकर किए गए दावे के बाद दूसरी बार सर्वे कराने पर हिंसा भड़क उठी थी। जिसमें पांच की मौत हो गयी थी। हिंसा के बाद से ही शहर के विभिन्न क्षेत्रों और संवेदनशील स्थानों पर विशेषकर पुलिस चौकियों का निर्माण कराया जा रहा है। तेज गति से हो रहे पुलिस चौकी निर्माण कार्य स्थानों पर आरम्भ करा दिया,जबकि सपा सांसद के निवास क्षेत्र दीपा सराय चौक में पुलिस चौकी का निर्माण प्रस्तावित थी। सोमवार को अपर पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में

**0बच्ची से रखवाई गई नींव में पहली ईंट**

निर्माण कार्य शुरू कराने से पूर्व जे सी बी से नींव आदि की खुदाई का कार्य कराया गया था। मंगलवार को नींव रखने से पूर्व एएसपी श्रीश्चंद्र, सीओ कुलदीप सिंह, इंस्पेक्टर गजेंद्र सिंह ने विधि-विधान पूर्वक भूमि पूजन कर निर्माण कार्य शुरू करा दिया। पंडित वैभव शुक्ला एवं सम्भल के श्रीराम मंदिर पुजारी शंकरलाल ने भूमि पूजन कराया। अपर पुलिस अधीक्षक श्रीशचंद ने बताया कि आम जनमानस की सुरक्षा एवं अपराधियों पर पैनी नजर रखने के उद्देश्य से सम्भल हिंसा के मास्टरमाइंड भारत के सबसे बड़े ऑटो लिफ्टर गैंगस्टर शारिक साठा, पाकिस्तान की लाहौर सेंट्रल जेल में बंद है। उस्मान एवं विदेशी हथियारों की तस्करी के आरोप में जेल गए गुलाम के घरों से 100 मीटर की दूरी पर दीपा सराय पुलिस चौकी का निर्माण कार्य शुरू हुआ है। तीन मंजिला बनने वाली पुलिस चौकी में कंट्रोल रूम की स्थापना होगी और सीसीटीवी कैमरा से निगरानी की जाएगी। उन्होने बताया कि सुरक्षा के लिहाज से पुलिस चौकी का निर्माण कराना अत्यंत ज़रूरी था। वहीं पुलिस अपराधियों पर नज़र रख सकेगी। इस दौरान थाना पुलिस व पीएसी के जवान भी मौजूद रहे।



सम्भल- दीपा सराय चौक स्थित पुलिस चौकी के निर्माण को भूमि पूजन करते एएसपी श्रीशचंद।



सम्भल- नियमों को ताक पर रखकर एक बाइक पर चार-चार सफर करते युवक।

# शीतल पैयजल बने शोपीस

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** बदलते मौसम के कारण जहा एक ओर प्यासा अपनी प्यास बुझाने के लिए सरकारी इमारतों में लगे शीतल पेयजल की तरह इस उम्मीद से जा रहा है कि वहा उसको शुद्व पेयजल मिलेगा लेकिन वहां जाकर उसके हाथ सिर्फ मायूसी ही लग पा रही है। नगर व देहात क्षेत्र में लगे शुद्व व शीतल पेयजल राहगीरों की क्या प्यास बुझा पा रहे होंगे इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि नगर के उपजिलाधिकारी व पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यलय पर लगे प्याऊ पर यदि अपना सूख गला तर करने पहुंच जाये तो उसे मायूसी ही हाथ लगेगी। यह प्याऊ कुछ दिरन से नहीं बल्कि साल भर से भी अधिक समय से खराब पड़ा हुआ है। अब यह अंदाजा लगाना सहज ही आसान होगा कि अधिकारियों के आंखों के सामने लगे प्याऊ जब ठीक नहीं है तो फिर इधर-उधर लगे प्याऊ के क्या हाल होंगे।

**0उपजिलाधिकारी कार्यालय परिसर में एक साल से खराब पड़ा है प्याऊ**

# जल्द हो सकता है पुलिस मुख्यालय की स्थापना को निर्णय

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** पुलिस मुख्यालय स्थापित करने के चल रहे प्रयासों को पंख लगने लगे हैं। ज़मीन की तलाश को पहुंची हाइ लेवल कमेटी की रिपोर्ट शासन तक पहुंचने से माना जाने लगा है कि पुलिस का जिला मुख्यालय की स्थापना में अब देर नहीं लगेगी।

24 नवम्बर 24 को जामा मस्जिद के दूसरी बार हुए सर्वे के दौरान भड़की हिंसा में पांच की जान चली गई। उसके बाद से ही सुरक्षा कारणों से सम्भल में पुलिस मुख्यालय की आवश्यकता को महसूस किया जाने लगा,जबकि सत्तादल के नेताओं और हिंदूवादी संगठनों की और से भी प्रदेश सरकार से सम्भल में जिला पुलिस मुख्यालय की स्थापना की मांग की जाने लगी। सुरक्षा और संवेदनशीलता के मददेनजर शासन भी इस मामले

**0हाईलेवल कमेटी की और से रिपोर्ट शासन को सौंपी, हिंसा के बाद से ही कवायद होने लगी थी शुरू**

को गम्भीर बना हुआ है। शासन की और से यहां की स्थिति पर नज़र रखी जा रही है। इसी को लेकर प्रदेश शासन की और से सम्भल में पुलिस के मुख्यालय की स्थापना को कवायद की गई। जिसके तहत हाइ लेबल कमेटी बनाकर जमीन की तलाश और निरीक्षण के लिए भेजी गयी थी। बताया जा रहा है कि हाइ लेवल कमेटी की और से अपनी रिपोर्ट शासन को भेज दी गई है। जल्द ही शासन की और से हाइ लेवल कमेटी की रिपोर्ट का अध्यन कर पुलिस मुख्यालय की स्थापना के लिए कवायद तेज कर दी जायेगी। हालांकि अभी शासन की और से कोई इशारा भी इसे लेकर नहीं किया गया है,लेकिन जिस तरह से हाइ लेवल कमेटी ने पहुंचकर जमीनों का निरीक्षण किया था उससे यह भी तय माने जाने लगा है कि जल्द ही पुलिस का मुख्यालय की स्थापना सम्भल के आसपास हो जायेगी। पुलिस का मुख्यालय बन जाने से सुरक्षा व्यवस्था भी मजबूत होगी।

# संयुक्त अभियान में 502 वाहनों के चालान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** यातयात नियमों का उल्लंघन कर तीव्र गति से वाहन चालकों के विरूद्व यातयात व थाना पुलिस के चैकिंग अभियान में पुलिस ने 502 वाहनों के चालान किए और सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को मुक्त कराया।

पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई के दिशा निर्देशन में क्षेत्राधिकारी यातायात संतोष कुमार और यातायात प्रभारी प्रमोद मान के नेतृत्व में संयुक्त रूप से चैकिंग अभियान चलाया गया। अभियान में दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी बिना हेलमेट और चार पहिया वाहनों पर बिना सीटबेल्ट का प्रयोग करने वाले वाहन चालकों के एम वी एक्ट के अंतर्गत 502 चालान किए गए तथा कस्बा सम्भल में रोड किनारे खड़े वाहनों और अतिक्रमण को हटाया गया और रोड किनारे खड़े वाहनों के नो पार्किंग के एम वी एक्ट के अंतर्गत चालान किए गए। इसके पश्चात यातायात प्रभारी प्रमोद मान द्वारा अभियान के अंतर्गत सम्भल तिराहा बहजोई पर शराब पीकर वाहन चलाने वालों की ब्रेथ एनालाइजर द्वारा चेकिंग की गई और एम वी एक्ट के अंतर्गत चालान की कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस के विशेष अभियान के क्रम में कुल 515 वाहनों के चालान एम वी एक्ट तहत किये गए। सभी वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया।

# चोरी की दो बाइकों के साथ दो गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** गुन्नौर कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो बाइक चोरों को गिरफ्तार किया। उनके पास से दो बाइकें बरामद हुई हैं। इसके अलावा अन्य बाइकों के इंजन भी मिले हैं। मंगलवार को चैकिंग के दौरान आगरा मुरादाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर नूरपुर तिराहे से दो बाइक चोरों को गिरफ्तार किया है। कोतवाल अखिलेश प्रधान ने बताया कि पुलिस ने चैकिंग के दौरान दो बाइक सवारों को जांच के लिए रुकवाया। पुलिस के द्वारा कागज मांगने पर दोनों बाइकों के कागजात नहीं दिखा पाए। संदेह के आधार पर की गई पूछताछ में दोनों ने अपने नाम शिवकुमार पुत्र वीर सिंह निवासी तुमरिया थाना रजपुरा व महेन्द्र पुत्र हरीचन्द निवासी देवपुरा बताते हुए स्वीकार किया। दोनों बाइक चोरी की है। दोनों आरोपियों की निशानदेही से चोरी की दो बाइक तथा कुछ अन्य बाइकों के पुर्जे बरामद हुए है। पकड़े गए अभियुक्त एक साथ मिलकर वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों पर कार्रवाई करते हुए न्यायालय में भेजा गया है।



बबराला-चोरी की दो बाइकों के साथ पकड़े गए ऑटो लिफ्टर।

# नि:शुल्क होम्योपैथी चिकित्सा शिविर में रोगियों का उपचार

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय,गुन्नौर के द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय गुन्नौर में निशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। मंगलवार को विद्यालय में आयुष सचिव उत्तर प्रदेश एवं आयुष मिशन निदेशक, होम्योपैथिक निदेशक लखनऊ व मंडलीय अधीक्षक मुरादाबाद डा. अरुणा गौतम के निर्देशानुसार जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी सम्भल डा. अंजू सिंगला के आदेश पर शिविर लगाया गया। जिसमें कुल-80 मरीजो की जांच कर दवा दी गयी।इसमे छात्राएं, शिक्षिकाएँ व स्टाफ का चिकित्सा परीक्षण किया गया और नि:शुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। शिविर में प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. कृति वार्ष्णेय द्वारा बच्चो को पौष्टिक भोजन प्रोटीनयुक्त आहार, साग-सब्जियों, शरीर की साफ सफाई, व्यायाम और योग करने की सलाह दी गई। इसके साथ ही चर्म रोग, नेत्र सम्बन्धी रोग, मस्तिष्क रोग ,पेट के रोग तथा कान, नाक, गला सम्बन्धी रोगों के मरीजो का उपचार किया गया। इस अवसर पर डा. कृति वार्ष्णेय सहित वार्ड ब्वाय तिलक सिंह, विद्यालय वार्डन सरताज बी व शिक्षिकाएँ उपस्थित रहीं।

**0चर्म, नेत्र और कान नाक व गला, पेट रोग के रोगियों का उपचार**

## संवदेनशील क्षेत्रों में पुलिस की चौकसी बरकरार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** विगत वर्ष हुई हिंसा को सौ दिन से अधिक हो गए हैं। जबकि पुलिस अब तक 79 को पकड़कर जेल भी भेज चुकी है और छह मुकदमों में चार्जशीट भी अदालत में दायर कर चुकी है लेकिन प्रकाश में आए और पकड़ से दूर रहने वालों की गिरफ्तारी के प्रयास भी जारी हैं। पुलिस की कई टीमों को इसके लिए लगाया गया है। पुलिस ने बड़ी संख्या में लोगों के पोस्टर भी जारी किए गए हैं। मगर इनमें से पहचान नहीं हो पायी है। जबकि पहचान उजागर होने वाले बवालियों की गिरफ्तारी पर इनाम भी घोषित किया जा चुका है। मगर इसी के साथ शहर के संवेदनशील इलाकों के साथ प्रमुख चौराहों और अन्य स्थानों पर पुलिस की चौकसी आज भी बराबर बनी हुई है। जगह-जगह गश्त और आसमाजिक तत्वों पर निगाह रखी जा रही है।

# फर्ज़ी बीमा गिरोह के दो और सदस्य पुलिस के हत्थे चढ़े

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** फर्जी बीमा पॉलिसी करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह (बीमा माफिया) के विरूद्व चल रहे अभियान मे पुलिस ने एक ओर बीमा माफिया को धर दबौचने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए आरोपी से एक आई.डी व तीन मोबाइल फोन व मृतक की बीमा पॉलिसी से सम्बन्धित प्रपत्र बरामद की है।

पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई व अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अनुकृति शर्मा के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी दीपक कुमार गुन्नौर के नेतृत्व फर्जी बीमा गिरोह की धर पकड़ को चलाये जा रहे अभियान में पुलिस ने फर्जी बीमा पॉलिसी करने वाले अन्तर्जनपदीय गिरोह के दो और सदस्यों मौ. दानिश पुत्र जाहिद हुसैन निवासी बहेडी ब्रहमनान थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद व नबीजान पुत्र हाजी भूरे नि. भैसिया थाना कटघर जनपद मुरादाबादको गिरफ्तार कर लिया। एएसपी अनुकृति शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से एक अदद आई.डी ईस्ट इण्डिया इन्वेस्टीगेशन कम्पनी व तीन मोबाइल फोन व मृतक मुकेश की बीमा पॉलिसी से सम्बन्धित प्रपत्र बरामद हुये। आरोपी फर्जी बीमा पॉलिसी करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह के सदस्य है। जिनका केन्द्र मुरादाबाद व बरेली में है। पकड़ा गया आरोपी मौ. दानिश ईस्ट इण्डिया इन्वेस्टीगेशन कम्पनी में इन्वेस्टीगेटर के तौर पर काम करता है और उसका साथी नबी जान भी उसके साथ ही काम करता है। जो मौ. दानिश का सगा बहनोई है। यह दोनों गिरोह के अन्य सदस्य ओंकारेश्वर मिश्रा करन व अमित थाना रजपुरा से पूर्व में जेल भेजा जा चुका है। उनके साथ व गिरोह के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर अपराध कारित करते है। इनका एक गिरोह है जिसमें काफी लोग जुडे है जो सुनियोजित तरीके से गरीब लोगों को माध्यम बनाते हुये फर्जी बीमा पॉलिसी करके विभिन्न जीवन बीमा कम्पनी जैसे आईसीआईसीआई प्रूडिंशयल, पीएनबी मेटलाईफ, बजाज एलाईन्स, एसबीआई जीवन बीमा इत्यादि को आर्थिक हानि पहुँचाते है और बीमा का सारा पैसा हडप लेते है। यह लोग दो तरीके से फर्जी बीमा करवाते हैं। जो लोग मरणासन्न स्थिति में होते है यह लोग निरन्तर रुप से ऐसे लोगों की तलाश में रहते है जो कि बीमारी की वजह से मरणासन्न स्थिति में होते है। ऐसे व्यक्तियों के परिवार वालो से बात कर मरणासन्न व्यक्तियों को स्वस्थ दिखाते हुये फर्जी तरीके से इनकी जीवन बीमा पॉलिसी करवायी जाती है। क्योंकि यह लोग अक्सर गरीब होते है इनका प्रीमियम इन लोगों के द्वारा ही भरा जाता है। इन लोगों को ज्यादा प्रीमियम नहीं भरना पडता क्योंकि यह लोग जल्दी मर जाते है और मरने के बाद ये सभी क्लेम का पैसा बाँट लेते है।जो व्यक्ति मर गये हैं और जो व्यक्ति मर गया हो उनकी भी बैक डेट में फर्जी तरीके से पॉलिसी कराकर उनका जो बीमा क्लेम का रुपया मिलता है, उसे भी आपस में बाट लेते है। दोनों ही स्थिति में नॉमिनी का जो खाता खुलवाया जाता है। उन खातों का संचालन गिरोह के सदस्यों द्वारा ही किया जाता है। खातों के डेबिट कार्ड इन्ही के पास रहते है व खातों में मोबाइल नम्बर भी इनका लिखा होता है। मृत्यु के बाद जब बीमा का पैसा खातों में आता है तो उसमें कुछ हिस्सा यह लोग परिवार को दे देते है बाकी समस्त राशि आपस में बाँट लेते है। अगर परिवार नहीं पूछता है तो कोई भी राशि परिवार को नहीं देते है।

## एक नज़र इधर भी



सम्भल-रमजान माह व होली पर्व को लेकर चौकी में बैठक करते।

## रमज़ान और एकता व सदभाव के साथ मनाएं रंगों के पर्व

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** माहे रमजान व एकादशी के रंग के जुलूस शांति सदभाव व एकता अखंडता के साथ सम्पन्न कराने को पुलिस ने बैठक का आयोजन किया और पर्व भाईचारे व प्रेमपूर्वक परम्परागत तरीके से मनाने पर ज़ोर दिया।

नखासा स्थित एकता पुलिस चौकी पर आयोजित अमन कमेटी की बैठक मोहल्ला ठेर के हिंदू समाज के गणमान्य व्यक्तियों और अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में शहर कोतवाल अनुज कुमार तोमर ने बताया की माहे रमजान का मुबारक महीना चल रहा है और आगामी पर्व होली का है। जिसको लेकर 10 मार्च को रंग एकादशी का जुलूस निकाला जाता है। उन्होने अनेकता में एकता का रंगों का पर्व आपसी भाईचारे और सद्भाव के साथ प्रेमपूर्वक तरीके से मनाने पर ज़ोर दिया। इस दौरान मुख्य रूप से रजनीकांत तिवारी बबलू शर्मा रूपेश सर्राफ हाजी एहतेशाम मोहम्मद नाजिम सैफी फुरकान वारसी बिट्टू वारसी आदिल मोहम्मद दानिश गुलजार अंसारी मोहम्मद अमान व कई मस्जिद के इमाम व मौलाना उपस्थित रहे। इस दौरान एकता चौकी प्रभारी के हेड कांस्टेबल संतोष कुमार व कांस्टेबल प्रदीप कुमार ने अमन कमेटी की बैठक में आए गणमान्य व्यक्तियों का आभार जताया।

# बाल संरक्षण को ग्राम पंचायत स्तर की बैठक में करें सहभागिता

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक बालकों को बाल संरक्षण एवं सशक्त सरक्षणात्मक परिवेश पालन पोषण करने, बाल श्रम, बाल तस्करी बाल विवाह, परिवार की देख-रेख पाने, हिंसा व दुर्व्यवहार से बचने और सरक्षंण जैसे विषय पर चर्चा की गयी।

विकास खंड बहजोई के सभागार में खण्ड विकास अधिकारी, ओमवीर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित समिति की बैठक में बाल विकास परियोजना अधिकारी, मालती यादव ने किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 एवं बाल संरक्षण एवं कल्याण से जुड़ी योजनाओं को विस्तृत रूप से बताते हुए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के सहयोग से नियमित समीक्षा के निर्देश दिए। बैठक में संरक्षण अधिकारी तेजपाल यादव ने सरकार द्वारा बालकों एवं छात्राओं के हितार्थ चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमगला योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, बाल विवाह, बाल श्रम आदि एवं विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे 1098, 181, 112, 1076 आदि हेल्पलाइन नंबर जिनका प्रयोग आपातकाल स्थिति में किया जा सकता है के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। खण्ड विकास अधिकारी ने बैठक में सभी सचिवों को निर्देश ग्राम पंचायत स्तर की बैठक में सभी सदस्यों की सक्रिय सहभागिता होने के निर्देश दिए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी। बैठक में सहायक विकास अधिकारी दिनेश कुमार, स्वास्थ्य विभाग से डॉ. जयकरन, शिक्षा विभाग से नरेश चन्द्र, पुलिस विभाग से एस.आई संदीप कुमार शर्मा, बाल कल्याण समिति से अध्यक्ष गौरव गुप्ता, सदस्यगण नीलम रॉय एवं नूतन चौधरी, अरूण कुमार परामर्शदाता एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**0बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक में दिए सचिवों को निर्देश**

शाह टाइम्स
Mob. 9837240139
नगर पालिका गेट के ऊपर
तहसील रोड सम्भल

# उधार ली गई रकम वापस दिलाने की गुहार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** कारोबार को लिए गए रूपये वापस न करने जैसे गम्भीर आरोप लगाते हुए थाना पुलिस को तहरीर देकर कड़ी कार्यवाही करने की गुहार लगाई है।

जानकारी अनुसार शहादत हुसैन पुत्र वाहिद हुसैन निवासी भालेभाज खां सरायतरीन सम्भल ने थाना हयातनगर को दिये गये शिकायती पत्र मे कहा कि लईक अहमद पुत्र रईस अहमद निवासी मौहल्ला बरखेरियान को साढ़े पांच वर्ष पूर्व बीस हजार रूपये बतौर उधार दिये थे। जिसको लेकर यह तय पाया गया कि जो मुनाफा होगा वह लईक प्रतिमाह तीन हजार देगा। कारोबार समात्प होने पर बीस हजार रूपये वापस कर देगा। जानबूझकर पन्द्रह हजार रूपये वापस नहीं कर रहा है। शिकायतकर्ता ने पैसे वापस न देने और अभद्रता करने जैसे गम्भीर आरोप लगाये है।

## बालिकाओं के हितार्थ दी योजनाओं की जानकारी

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** जिला प्रोबेशन अधिकारी चंद्र भूषण ने बताया कि जिलाधिकारी के दिशा निर्देशों परं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत आयोजित आत्म सुरक्षा प्रशिक्षण के अंतर्गत पीएम श्री विद्यालय बबराला में छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिससे कि वह विपरीत परिस्थितियों में विरोधी का डटकर मुकाबला कर सकें। जिला ताइक्वांडो सचिव सुरेश कुमार व महिला ताइक्वांडो खिलाड़ी रेखा ने फ्रंट किक, फेस पंच, लेग राइस, सिंगल हैंड सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग दी, छात्राएं आत्मरक्षा सीखने में काफी उत्साहित दिखाई दीं, बालिकाओं के साथ-साथ विद्यालय के अधयापकों ने भी आत्मरक्षा का प्रशिक्षण लिया, प्रदेश सरकार की मंशा है कि प्रत्येक बेटी अपनी सुरक्षा करने में सक्षम हो इसके लिए लगातार विद्यालयों में मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आत्मरक्षा के नजरिए से मार्शल आर्ट बहुत ही घातक है, छात्राओ को प्रशिक्षण के साथ-साथ सरकार और महिला कल्याण विभाग द्वारा महिलाओं और बालिकाओं के हितार्थ योजनाआं की जानकारी दी।

# अपना दल एस के जिलाध्यक्ष ने बढ़ाया पार्टी का कुनबा

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** अपना दल एस का कुनबा बढ़ाते हुए दर्जनो लोगों को संगठन की सदस्यता दिलाई गई। संगठन की नितियों एवं सरकार मे हिस्सेदारी व कार्या को लेकर विस्तार से वक्ताओं ने अपने विचार रखे।

उपनगरी सरायतरीन के मौहल्ला मंगलपुरा स्थित अपना दल एस के कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला अध्यक्ष जावेद अशरफ का फूल मलाओ से स्वागत किया गया। इस मौके पर जनता ने अपना दल एस की सदस्यता ली और (मिशन 2027) मे जनता ने अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय स्वास्थय मंत्री अनुप्रिया पटेल को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने की शपथ ली। जनता ने कहा की हम 2027 मे अपनी राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल को उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री देखना चाहते है। इस मोके पर सम्भल जिला अध्यक्ष जावेद अशरफ ने भी पार्टी मे आये लोगो का स्वागत किया और संगठन को मजबूत बनाने रखने का आहवान किया। इस मोके पर सम्भल नगर पालिका मेम्बर इस्तेकार, शोहैब सैफी, बिलाल सैफी, अमीर सैफी, जुबेर सैफी, आजम सैफी, यूनुस अंसारी, हसन खान, मो अकरम अंसारी आदि मौजूद रहे।

**नाम परिवर्तन**

मेरी पुत्री TASHAFFI (तशफ्फी) की हाई स्कूल की अंक तालिका में मेरा नाम MOHD SHAHJAMA CHAMAN और उसकी जन्म तिथि 29.12.2006 दर्ज है गलत है। जबकि वास्तविकता में मेरा नाम MOHD SHAHJAMA है और पुत्री की जन्म तिथि 29.12.2007 है। जो कि बिल्कुल सही है।

मौ. शाहजमां पुत्र स्व. श्री हाजी छोटे
नि. मौहल्ला चमन सराय तह. व जिला सम्भल।

**सम्बंध विच्छेद**

मेरा पुत्र नदीम गलत संगत में पड़ गया है और उसकी पत्नी जैनब आये दिन मेरे व मेरी पत्नी बतूलन के साथ मारपीट व अभद्र व्यवहार कर अपमानित करते हैं। इसलिए मैने अपने पुत्र नदीम व पुत्रवधू जैनब के कृत्यों से क्षुब्ध होकर अपने सम्बंध विच्छेद कर लिए हैं और अपनी जायदाद से बेदखल कर दिया है। अब मेरा नदीम व जैनब से कोई रिश्ता नहीं हैं।

**जमील पुत्र अल्लादीन**
नि. ग्राम भटपुरा थाना एचौड़ा कम्बोह तह. व जिला सम्भल।

# वृद्ध को डंपर ने कुचला, मौके पर मौत, लगाया जाम

**कांठ ( शाह टाइम्स )** सड़क किनारे जा रहे वृद्ध को डंपर ने कुचल दिया जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई ग्रामीणों ने विरोध में जाम लगाया लेकिन अधिकारियों के आश्वासन पर जाम खोल दिया गया पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है घटना मिश्रीपुर मंझरा गांव के सामने करीब 10:30 बजे की है गांव के वृद्ध घनश्याम सिंह पुत्र धर्म सिंह चौहान निवासी मिश्रीपुर मँझरा खेत से होकर घर के लिए जा रहे थे तभी पीछे से आए डंपर ने उन्हें टक्कर मार दी टक्कर लगने से घनश्याम डंपर के नीचे आ गए और डंपर उन्हें कुचलता हुआ आगे निकल गया घटना की जानक. ारी मिलते ही गांव के लोग इकट्ठा हो गए और उन्होंने चालक की लाप. रवाही मानते हुए सड़क पर जाम लगा दिया जाम की सूचना मिलते ही पुलिस और एसडीएम मौके पर पहुंच गए उन्होंने ग्रामीणों को समझा कर जाम खुलवाया बताया गया कि डंपर चालक को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए डंपर को भी कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। बतादे की ठाकुरद्वारा कांठ रोड पर डंपरों का बोलबाला है और यह डंपर बेखौफ होकर सड़कों पर दौड़ रहे हैं जिसकी वजह से कांठ में अक्सर दुर्घटनाएं होने की आशंका बनी रहती है और सड़कों पर जाम भी इनके कारण लगता है लोग काफी समय से डंपरों के दिन में संचालन पर रोक लगाने की मांग



करते आ रहे हैं मगर इस संबंध में कोई कार्रवाई न होने से आज घनश्याम सिंह को इसका खामियांजा जान देकर भुगतना पड़ा है मृतक के परिजनों ने चालक के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।

# कुष्ठ रोगी खोजी अभियान को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से कुष्ठ रोगी खोजी अभियान के तहत एक वाहन को हरी झंडी दिखाकर चिकित्सा अधीक्षक हरीश चंद्रा ने रवाना किया। यह वाहन क्षेत्र में घूमकर कुष्ठ रोगियों के प्रति लोगों को जागरूक करेगा। मंगलवार को चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर हरीश चन्द्रा ने हरी झंडी दिखाकर वाहन को रवाना किया। इस बीच कहा कि कुष्ठ रोग होने पर छुपाए नहीं,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर इसका उपचार मौजूद है। वहीं उन्होंने कुष्ठ रोगियों की पहचान होने वाले लक्षण भी दिन आए। इस मौके पर समाजवादी व्यापार सभा के नगर अध्यक्ष चिराग अग्रवाल, मनोज अग्रवाल के अलावा भारी तादाद में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।




## एक नजर

### रमजान में जकात जल्दी निकालें, जो गरीबों की जरूरतें पूरी हों: मन्सूर आलम

**कुंदरकी ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** नानपुर स्थित मेटल मास्टर्स कंपनी स्वामी समाजसेवी मसूंर आलम ने बताया रमजान में अपने माल की जकात जल्दी निकालें ताकि गरीबों की जरूरतें पूरी हों और वह अपने बच्चों के खाने पीने और ईद के कपड़े वगैरह खरीद लें नोट , पेशेवर भीखघरियों को अपनी जकात हरगिज न दें बल्कि अपने गरीब रिश्तेदारों पड़ोसियों को दें ताकि वह भी अच्छे से अपने बच्चों के साथ खुशी से ईद मना सकें।

### गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन ने गरीबों को रमजान राशन किट बांटीं

**कुन्दरकी।** क्षेत्र के गांव रतन पुर कलां में दावते इस्लामी इन्डिया के डिपार्टमेंट गरीब नवाज रीलीफ फाउंडेशन की जानिब से रमजान में गरीब लोगों को राशन किट वितरण किया गया संस्था के जिला अध्यक्ष एड फुरकान



गजाली ने बताया संस्था का मकसद गरीब लोगों की मदद कर उनमें खुशियां बांटना है इस अवसर पर एड सुहैल हाजी मुशाहिद शुएब अत्तारी अब्बास अत्तारी कासिम अत्तारी सलेम अत्तारी मुहम्मद चिश्ती आदि मौजूद रहे।

### परीक्षा से पूर्व जनेऊ उतरवाना सनातन संस्कृति और संस्कारों का अपमान

**मुरादाबाद।** राजस्थान राज्य में डुंगरपुर जनपद के पुनाली परीक्षा केंद्र पर विगत दिनों अध्यापक पात्रता परीक्षा में शामिल होने गये दो अभ्यर्थियों की



जनेऊ उतरवाने की सूचना बहुत ही अपमान. जनक है। यद्धपि आपत्ति उपरांत जनेऊ उतरवाने वाले शिक्षक को सरकार ने निलंबित कर दिये जाने की भी सूचना है। जो सराहनीय है।सौलह संस्कारों में जनेऊ (उपनयन)भी एक संस्कार है जिसके अंतर्गत कुछ विशेष नियमों का संकल्प लेकर और जीवन को उन्नत बनाये रखने के लिए धारण की जाती है। यह जहां सनातन संस्कृति की एक पहचान है वहीं संस्कार प्रदाता भी है। आर्य प्रतिनिधि सभा जनपद मुरादाबाद इस कृत्य की निंदा करते हुए विद्या प्रदाता शिक्षकों के लिए ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि उनके सद्बुद्धि प्रदान करें।

### टीएमयू में बिजनेस डिसीजन मेकिंग और एनालिटिक्स में एसएपी की भूमिका पर गेस्ट लेक्चर आयोजित

**मुरादाबाद।** टिमिट के कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट में बिजनेस डिसीजन मेर्कि. कंग और एनालिटिक्स में एसएपी की भूमिकाश विषय पर एक वर्चुअल गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान की मुख्य वक्ता डॉ. सीमा चौधरी, आईआईटीएम, दिल्ली से थीं। अपने व्याख्यान में डॉ. चौधरी ने




एसएपी (सिस्टम्स, एप्लीकेशंस और प्रोडक्ट्स इन डेटा प्रोसेसिंग) के व्यावसायिक निर्णय-निर्माण और डेटा एनालिटिक्स में महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कैसे आधुनिक बिजनेस में एसएपी सॉफ्टवेयर विभिन्न प्रक्रियाओं को स्वचालित कर निर्णय लेने की प्रक्रिया को अधिक कुशल बनाता है। कार्यक्रम में बीबीए चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और एसएपी के व्यावहारिक अनुप्रयोगों से संबंधित अपने प्रश्न पूछे। टिमिट के डीन, प्रोफेसर विपिन जैन ने इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे व्याख्यान छात्रों को उद्योग में नवीनतम तकनीकों की जानकारी प्रदान करते हैं और उनके व्यावसायिक कौशल को सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने मुख्य वक्ता डॉ. सीमा चौधरी का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे ज्ञानवर्धक सत्र आयोजित करने की प्रतिबद्धता जताई।

### हड़ताल के कारण फिर टली सपना चौधरी केस में सुनवाई

**मुरादाबाद।** ज्ञात हो कि 11 जून 2019 को हरियाणवी डांसर सपना चौधरी रेलवे स्टेडियम में आई थीं यहां उन्होंने अश्लील डांस किया था जिससे भीड़ उत्तेजित होकर बेकाबू हो गई थी,भीड़ को नियंत्रण करने के लिये पुलिस को लाठी चार्ज करना पड़ा था जिसमें कई दर्शक चोटिल हुए थे तथा पूरा शहर जाम हो गया था यही नहीं सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की धज्जियां उड़ाते हुए देर रात तक डीजे भी बजाया गया था और सरकारी धन का दुरुपयोग भी हुआ था इससे नाराज होकर गायत्री नगर लाइनपार निवासी अपना दल (के) के मण्डल अध्यक्ष डॉ.रामेश्वर दयाल तुरैहा ने कार्यवाही हेतु थाना अध्यक्ष सिविल लाइन व एसएसपी को प्रार्थना पत्र दिया था कार्यवाही न होने पर डा.रामेश्वर दयाल तुरैहा ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में वाद योजित किया था जिसकी सुनवाई अतिरिक्त लघुवाद न्यायधीश की अदालत में चल रही है जिसमें आज बहस होनी थी मगर हड़ताल होने के कारण आज बहस नहीं हो सकी अब अगली डेट 25 मार्च लगी है।

# वैश्विक छलांग: टीएमयू और यूनिवर्सिटी पुत्र मलेशिया के शिक्षक और शिक्षार्थी मिलकर करेंगे रिसर्च

## टीएमयू और यूनिवर्सिटी पुत्र मलेशिया के बीच एमओयू साइन, यह साझेदारी भारत और मलेशिया के बीच रिसर्च और एकेडमिक आदान-प्रदान के खोलेगी नए द्वार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद ने शैक्षणिक सहयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त की है। टीएमयू और यूनिवर्सिटी पुत्र मलेशिया-यूपीएम के बीच वर्चुअल मोड में एक ऐतिहा. सिक एमओयू साइन हुआ है। इस एमओयू के तहत एकेडमिक संबंधों को मजबूती देने, स्टुडेंट्स एक्सचेंज कार्यक्रमों को सुगम बनाने और संयुक्त शोध को बढ़ावा देने की सहमति बनी है। एमओयू पर टीएमयू की ओर से वीसी प्रो. वीके जैन और यूनिवर्सिटी पुत्र मलेशिया की ओर से वीसी प्रो. अहमद फरहान मोहम्मद सादुल्लाह ने हस्ताक्षर किए हैं। वीसी प्रो. वीके जैन कहते हैं, यह एमओयू टीएमयू छात्रों और शिक्षकों को वैश्विक मंच पर अनुसंधान और शिक्षा के स्वर्णिम अवसर प्रदान करेगा। साथ ही अनुसंधान और अकादमिक उत्कृष्टता के क्षेत्र में नए मानक स्थापित करेगा। यूपीएम के वीसी प्रो. अहमद फरहान ने कहा, यह साझेदारी भारत और मलेशिया के बीच रिसर्च और एकेडमिक आदान-प्रदान के नए द्वार खोलेगी। एमओयू साइन के मौके पर टीएमयू की डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन, एसोसिएट डीन आरएंडडी प्रो. पीयूष मित्तल, एसोसिएट डीन एकेडमिक्स प्रो. अमित कंसल, एग्रील्चर के डीन प्रो. पीके जैन, असिस्टेंट डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ. नेहा आनन्द, यूनिवर्सिटी पुत्र मलेशिया- यूपीएम बिन्तुलु के निदेशक डॉ. शाहरुल रजिद सार्बिनी, एग्रीकल्चर के डीन डॉ. नूरास्माह बिन्ती सौपी, डॉ. किरन राजू की ऑनलाइन मौजूदगी रही। टीएमयू की डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन कहती हैं, आज टीएमयू सिर्फ एक राष्ट्रीय स्तर का शिक्षण संस्थान नहीं है, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बना रहा है। टीएमयू अपने छात्रों को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ संस्थानों से जोड़ने के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। इसके लिए टीएमयू अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में और अधिक वैश्विक सहयोग के लिए प्रयासरत रहेगी। इस एमओयू के तहत टीएमयू और यूपीएम ज्वाइंट रिसर्च, स्टुडेंट्स-फैकल्टी एक्सचेंज और कॉन्फ्रेंस, वर्कशॉप, सेमिनार के जरिए इंटरनेशनल नॉलेज शेयरिंग आदि में परस्पर सहयोग करेंगे। मसलन अब टीएमयू और यूपीएम के छात्र मिलकर रिसर्च कर सकेंगे। टीएमयू के स्टुडेंट्स और फैकल्टीज यूपीएम, जबकि यूपीएम के स्टुडेंट्स और फैकल्टीज टीएमयू में आकर शैक्षणिक आदान-प्रदान कर सकते हैं। उल्लेखनीय है, एमओयू से पूर्व टीएमयू और यूपीएम ट्री, टेक और ट्रेडिशन: सतत भविष्य के लिए विज्ञान और संस्कृति पर दो दिनी अंतर्राष्ट्रीय ई-मोबिलिटी कार्यक्रम भी कर चुके हैं।




### जनपद की मिले बंद होने के कगार पर और अभी 155 करोड़ है बकाया

**कांठ ( शाह टाइम्स )** जनपद की तीन चीनी मिलों पर किसानों के गन्ने के 155.66 करोड़ रुपये बकाया है। सिर्फरानी नांगल चीनी मिल ने गन्ने का पूरा भुगतान किया है। भुगतान के पहले सभी मिलें आठ मार्च तक बंद हो जाएंगी। भुगतान न होने से किसान परेशान हैं। जिला प्रशासन और गन्ना अधिकारी मिलों पर भुगतान के लिए दबाव बना रहे हैं।जिले में चार चीनी मिलें हैं, जिसमें राणा ग्रुप की बेलवाड़ा और बिलारी चीनी मिल 26 फरवरी को बंद हो गई। बेलवाड़ा चीनी मिल पर 33.14 करोड़ रुपये बकाया है। बिलारी चीनी पर 76.33 करोड़ रुपये बकाया है। यह गन्ना मिल आठ मार्च को बंद हो जाएगी। गन्ना अधिकारियों का कहना है कि इस साल गन्ने के उत्पादन में कमी होने के कारण चीनी मिलें पहले ही बंद हो गईं।

# छजलैट ब्लॉक की 7 ग्राम पंचायतो ने राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार के लिए किया आवेदन

**कांठ( शाह टाइम्स )** राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार के लिए जिले की 104 ग्राम पंचायतों की ओर से आवेदन किए गए हैं। अवॉर्ड का आधार ऑनलाइन कार्यों की गुणवत्ता है। राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार में शामिल होने के लिए ग्राम पंचायतों से 28 फरवरी तक आवेदन मांगे गए थे।इस दौरान जिले की 104 ग्राम पंचायतों ने आवेदन किए। इस पुरस्कार में उन ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया, जो आम जनता की सुविधा के लिए ऑनलाइन कार्य कर रही हैं। आवेदन करने वालों में सबसे अधिक मूंढापांडे ब्लॉक से 40, कुंदरकी ब्लॉक की 23, बिलारी ब्लॉक की नौ, छजलैट ब्लॉक की सात, ठाकुरद्वारा की सात, मुरादाबाद की सात और भगतपुर टांडा की छह ग्राम पंचायतें शामिल हैं।नियमानुसार ब्लॉक स्तर पर बीडीओ तीन-तीन ग्राम पंचायतों के नाम जिला स्तर पर भेजेंगे। जिला स्तर पर डीएम के नेतृत्व में गठित टीम निर्णय करेगी कि किन ग्राम पंचायतों ने ऑनलाइन सेवाओं के लिए बेहतर कार्य किया है। इसी आधार पर समिति नामों का चयन कर सूची लखनऊ के लिए भेजेगी। वहां से केंद्र को भेजी जाएगी। डीपीआरओ वाचस्पति झा ने बताया कि अभी ब्लॉक स्तर की सूची का इंतजार किया जा रहा है।

### नौ मार्च तक ही होगा राष्ट्रीय युवा सांसद महोत्सव के लिए पंजीकरण

**कांठ ( शाह टाइम्स )** राष्ट्रीय युवा सांसद महोत्सव में भाग लेने वाले 9 मार्च तक पंजीकरण करा सकते हैं। खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग की नेहरू युवा केंद्र संगठन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना को इसका आयोजक बनाया गया है। जनपद स्तरीय आयोजन के लिए 24 फरवरी को 18 वर्ष एवं अधिकतम 25 वर्ष आयु वाले को पात्र माना जाएगा। युवा अपना आवेदन माय भारत पोर्टल के माध्यम से कर सकते हैं। 10 विजेता को प्रदेश की विधानसभा में राज्य स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। नेहरू युवा केंद्र संगठन मेरा युवा भारत के उप निदेशक अंकित कुमार गौर ने बताया कि इसके लिए 301 नोडल केंद्र बनाए गए हैं। जिनमे मुरादाबाद भी एक केंद्र है।

# भारतीय किसान यूनियन( भानु) के नेतृत्व में पांच सूत्रय ज्ञापन प्रधानमंत्री सम्बोधित एसडीएम को सौंपा

**ठाकुरद्वारा।** भारतीय किसान यूनियन( भानु) के मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व उपजिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए पांच सूत्रीय ज्ञापन प्रधानमंत्री भारत सरकार सम्बोधित उपजिलाधिकारी को सौंपा ।

नगर में भारतीय किसान यूनियन( भानु) के मंडल अध्यक्ष जाकिर हुसैन सैफी के नेतृत्व में कार्यकर्ता एकत्र होकर उपजिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए पांच सूत्रय ज्ञापन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत सरकार को सम्बोधित करते हुए उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह को सौंपा जिससे मांग की है। सम्पूर्ण किसानों का कर्ज माफ किया जाए।

किसान आयोग का गठन कर उसका अध्यक्ष किसान को स्वयं बनाया जाए। गन्ना मूल्य 500 रुपए प्रति कुंतल किया जाए। कृषकों के जंगलों को आवारा पशुओं से निजात दिलाने व तहसील ठाकुरद्वारा के अंतर्गत ग्राम समाज की भूमि को तत्काल कब्जा मुक्त कराए जाने की मांग की है। ज्ञापन देने में रफी अहमद, वसीम अहमद ,नाजिम हुसैन, शाने आलम, अखलाक अली, सलीम सैफी, मोसिन सैफी, इन्दर सिंह राहिल यामीन, दिलशाद, आदि मौजूद रहे।

### माहे-रमजान आठ साल के छोटे बच्चे अरहम ने रखा पहला रोजा

**भोजपुर।** माहे-रमजान के पवित्र महीने में जहां बड़े लोग रोजा रख रहे हैं। वही बच्चे भी पीछे नहीं है। रमजान के महीने में मुस्लिम समाज में खासा उत्साह नजर आ रहा है।

भोजपुर नगर पंचायत के क्षेत्र ग्राम गजरौला निवासी मुहम्मद खालिद का आठ वर्षीय बेटे मुहम्मद अरहम ने पहला रोजा रखा। रोजा रखने के बाद बच्चें का विशेष ख्याल रखा। और अधिकतर घर में ही समय बिताया और अरहम ने अल्लाह की इबादत में मशगूल हो गया। और देशभावना अमन चौन व आपसी भाईचारा के लिए दुआएं मांगता रहा।

# स्वयं सेवक/सेविकाओं ने नशे से दूर रहने के लिए निकाली जागरूकता रैली

**ठाकुरद्वारा।** एन०एस०एस० की दोनो इकाइयों द्वारा चौथे दिवस को नशामुक्त दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर समस्त स्वयं सेवक/सेविकाओं ने ग्राम नाहर वाला व ग्राम सरकरा परमपुर माफी में रैली निकाल कर व घर-घर जाकर अभिभावकों एवं युवाओ को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक करने का प्रयास किया। मंगलवार को कार्यक्रम का शुभारंभ नाहर वाला प्राथमिक विद्यालय के प्रधानध्यापक श्री मनोज कुमार द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात् उन्होंने कहा कि नशा देश समाज की अति भयंकर समस्या वनती जा रही है जोकि युवाओं को धीरे-धीरे अपनी ग्रफ्त में ले रहा है, जिससे उन्हें शारीरिक,पारिवा. रिक, आर्थिक, सामाजिक एवं राजनी. तिक क्षति हो रही है। कार्यक्रम के अगले चरण में डा० राजपाल सिंह ने समस्त स्वयंसेवक एवं सेविकाओं को नशे के कारण होने वाली क्षति के वारे वताया । उन्होंने कहा की हमारे पडोसी राज्य पंजाब में भी इन दिनों नशे का कारोबार खूब फल फूल रहा है इस लिए वहाँ की सरकार ने किसी भी व्यक्ति पर प्रतिबंधित नशा मिलने पर उसके घर पर वुलडोजर की कार्यवाही की जा रही है। जिसके तत्वाधान में समस्त स्वयं सेवक/सेविकाओं ने ग्राम नाहर वाला एव ग्राम सरकडा परमपुर माफी में रैली निकाली व घर -घर जाकर युवाओं को नशे से दूर रहने के सलाह दी। तत्पचत सभी स्वयं सेवक सेविकाओं ने अपने शिविर स्थल एकत्रित हुए तथा गाँव में होने वाले अपने अनुभव को एक दूसरे से साझा किया। आज के कार्यक्रम में डा० रघुनाथ सिंह व कुनाल, सचिन, दिपक, अमित, दिक्षा, सोनिया ,अंशिका मनीषा, तनु चौहान आदि मौजूद रहे।




**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( जू० डि० ) महोदय, मुरादाबाद।**
**सिविल वाद सं० :** 425 सन् 2024
**तारीख पेशी:** 18.03.2025
**श्रीमती अरदेश कुमारी बनाम रचित सिंह आदि।**

श्रीमती अरदेश कुमारी उम्र 51 वर्ष पत्नी गौरव कुमार निवासी राजकीय उन्नयन बस्ती आदर्श कालौनी निकट 23 पी.ए.सी. थाना सिविल लाइंस तहसील व जिला मुरादाबाद-**वादनी।**

**बनाम**

जनता आम थाना सिविल लाइंस, मुरादाबाद। चूंकि उपरिनामांकित वादनी के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि अतएव आपको एतद्द्वारा दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2025 के 03 के दिवस 18 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपये अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के माह 03 के दिवस 04 को निकाली गयी है।

**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज ( जू०डि० ) मुरादाबाद।**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैने अपना नाम SUHEIL से बदलकर MO SUHAIL पुत्र श्री ISRAR निवासी ग्राम व पो० सुरजननगर तहसील ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना-पहचाना जाए।

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र विकास व उसकी पत्नी श्रीमती खुशबू चौधरी को गलत संगत/ गलत आचरण में पड़ने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिए थे। अब मेरे इनसे सम्बन्ध मधुर हो गये है एवं मैं अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति में इनको वापस लेता हूं और मेरे द्वारा दिनांक 02. 08.2024 को निकलवाई गई बेदखल करने की सूचना का खण्ड करता हूं।

**ब्रहमजीत पुत्र राधे किशन निवासी: ग्राम भतगवां तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**कार्यालय ग्राम पंचायत शेरपुर एतमादपुर विकास खण्ड-छजलैट ( मुरादाबाद )।**

पत्रांक मीमो/ग्राम निधि-मनरेगा/ग्रा.पं./निविदा/2024-25 दिनांक: 04.03.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत शेरपुर एतमादपुर विकास खण्ड छजलैट मुरादाबाद की ग्राम सभा की आयोजित बैठक में पारित कार्ययोजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त-मनरेगा/पन्द्रहवां वित्त/केन्द्रीय वित्त योजनान्तर्गत निर्माण कार्य ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत ठेकेदार सामाग्री आपूर्ति दिनांक 12.03.2025 को 2.00 बजे तक अपनी अपनी निविदायें अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/ व्यापार कर विभाग में पंजीकरण की छायाप्रति सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ एफ०डी०आर० आदि संलग्न करते हुए अपनी अपनी निविदायें सामाग्री आपूर्ति हेतु अधोहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते हैं। निविदायें स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदायें ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 12.03.2025 को अपराहन 3.30 बजे खोली जायेंगीं।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | मद का नाम | अनुमानित लागत | जमानत राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पीतम के घर से रोहताश के घर तक सीसी टाईल्स व नाली निर्माण कार्य। | - | 319774/- | 2% | 300/- | 3 माह |
| 2 | डालचन्द के घर से अशोक के घर तक सीसी टाईल्स व नाली निर्माण कार्य। | - | 244135/- | 2% | 300/- | 3 माह |

शर्तें-
1. आयकर, व्यापार कर नियमानुसार देय होगा। ठेकेदारों को आयकर एवं व्यापार कर एवं टिन नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देना होगा।
2. निविदा को निरस्त करने का पूरा अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को होगा।
3. कोई भी निविदा सशर्त स्वीकार नहीं की जायेगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत शेरपुर एतमादपुर विकास खण्ड छजलैट, मुरादाबाद**

**आवश्यक सूचना**

हम कि हरीश भूटानी पुत्र स्व. अमरनाथ भूटानी एवं श्रीमति आशा भूटानी पत्नी हरीश भूटानी निवासी मौ0 नवीन नगर म0नं0सं0-20 मुरादाबाद ज्येष्ठ पुत्र गौरव भूटानी व पुत्रवधू महक भूटानी सहित विवाहित पुत्र पारस भूटानी एवं पुत्रवधू मानसी वर्मा से अशोभनीय अमर्यादित, व्यवहार, आचरण, गलत संगत, उत्पीड़न से तंग, परेशान व दुखी होकर हमेशा के लिये रिश्ता-नाता, व्यवहार समाप्त करके उत्तराधिकार व सम्पत्ति अधिकार से वंचित करके सम्बन्ध विच्छेद करता हूं। उक्त पुत्र एवं पुत्रवधू लेनदारी व देनदारी सरकारी व गैर सरकारी सहित प्रत्येक कृत्य के लिये स्वंय देनदार जिम्मेदार होगें। हम सूचनाकर्ता व पुत्र गौरव भूटानी व पुत्रवधू महक भूटानी किसी भी रूप में किसी कृत्य के लिये जिम्मेदार- उत्तरदायी नही होगें। **सूचनाकर्ता-हरीश भूटानी व श्रीमती आशा भूटानी म० नं० सं०-20 नवीन नगर, मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र मोहम्मद काशिफ व पुत्रवधू श्रीमती नगमा को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **श्रीमती जाहिदा अंजुम बेवा मोहम्मद दिलशाद निवासी असालतपुरा लंगड़े की पुलिया, ठेकेदार वाली मस्जिद, जिला मुरादाबाद, ( उ०प्र० )।**

इत्तिलानामा बनाम रेस्पाडेन्ट इत्तिला तारीख के जो समाअत अपील के लिए मुकर्रर की जाये

**न्यायालय श्रीमान अपर जनपद न्यायाधीश कक्ष संख्या-6, महोदय, जिला मुरादाबाद।**
**सिविल रिवीजन सं :** 24/2024
**तारीख पेशी:** 17.03.2025
**हकीम अतीक अहमद बनाम मुमताज हुसैन आदि।**

बनामजी बहुकुम अदालत श्रीमान फास्ट ट्रैक कोर्ट सिविल जज (जू0डि0) महोदय, मुरादाबाद
अपील वजरिया: 17 माह 02 सन् 24 व मुकदमा मूलवाद वाद सं: 469/1999

**बनाम**

1. मुमताज हुसैन पुत्र मंसब हुसैन मरहूम, 2. मेहताब जहां पुत्री मंसब हुसैन मरहूम निवासीगण मौहल्ला वरवलान तहसील व जिला मुरादाबाद, 3. नसीम जहां पत्नी शमीम अख्तर पुत्री मंसब हुसैन निवासी कटा बाग असालतपुरा तहसील व जिला मुरादाबाद, 4. मंजूर हुसैन पुत्र श्री मंसब हुसैन मरहूब निवासी मौहल्ला वरवलान तहसील व जिला मुरादाबाद। मुत्तिला ही अपील वनरजी डिग्री मुकदमा मुन्दरजा वादे पेश किया और इस अदालत में दर्ज रजिस्टर हुआ और अदालत ने तारीख 17 माह 03 सन् 2025 समाअत इस अपील के मुकर्रर की है अगर खुद आप या आपका वकील या कोई शख्स जो कानून आक्की तरफ से अपील हाजा में जबाव व सवाल करने का मजाक हाजिरन आयेगा तो उसको समाआत और तनवीज आपकी गैरहाजिरी में की जायेगी।

आज व तारीख 04 माह 03 सन् 2025 ई0 मेरे दस्तख्त और मोहर अदालत से जारी किया।

**न्यायालय**
**अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-6, मुरादाबाद।**

## विधानसभा में चर्चा के दौरान कमाल अख्तर ने सरकार पर लगाया

# विकास कार्यों में दोहरा माप दंड अपनाने का आरोप



**कांठ( शाह टाइम्स )** विधायक कमाल अखतर ने विधानसभा में चर्चा के दौरान नगर और नगर विकास के मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की पचपन प्रतिशत आबादी नगरों में निवास करती है , गावों से नगरों की तरफ गरीब और मजदूर आदमी निवास करने इसलिये आते हैं क्योंकि वह समझते हैं कि नगरों में उनको अच्छे रोजगार का अवसर मिलेंगे और वह अपने बच्चों के लिए भी नगर में रहकर अच्छी शिक्षा का इंतजाम कर सकेंगे, सरकार की यह जिम्मेदारी भी होती है के नगरों में रह रहे लोगों को सभी मूलभूत सुविधाएँ मुहैय्या कराये , लेकिन सरकार द्वारा भारी भरकम बजट का प्रावधान नगर विकास के अंदर हुआ है।

बजट में सरकार ने टैक्स में जो बढ़ोतरी की है सरकार उस बढ़ोतरी को कम करने का काम करें , अगर आप नगरों में आये गरीब मजदूर लोगों पर इतना भारी भरकम टैक्स लगा देंगे तो उन गरीब लोगों को नगर में आने का कोई लाभ नहीं मिलेगा , उन्होंने कहा के नगरों में जो पानी की पाइपलाइन बिछी हुई है अगर किसी गरीब मजदूर का घर उस पाइपलाइन के दो सौ मीटर के अंदर आता है तो आप उससे भी वाटर टैक्स वसूलने का काम सिर्फ इसलिये करते हैं कि उसका घर पाइपलाइन के दो सौ मीटर के अंदर आ रहा है , भले से उसने पानी का कनेक्शन लिया हो या नहीं लिया हो , ऐसे गरीब मजदूर से पानी का टैक्स नहीं लिया जाना चाहिये जिसके पास कनेक्शन ही नहीं है , उन्होंने कहा उत्तर प्रदेश में जो नगर पालिका और नगर पंचायत हैं उनके अध्यक्ष को और सभासद को जनता चुनकर भेजती हैं , अध्यक्षों और सभासदों के भी अपने अधिकार हैं भाजपा सरकार इन दोनों के अधिकारों में भी कटौती करके नौकरशाही को हावी करने का काम कर रही है , उन्होंने कहा राज्य वित्त आयोग की जो किस्त आती है। उसमें से तनखव्वाह देने के बाद बचा हुआ पैसा नगर के विकास कार्यों में लगाया जाता है ,जब विकास कार्यों को कराये जाने के बाद पेमेंट करने का नंबर आता है तो इतनी जगह पर जाँच होती हैं जिससे के पेमेंट में विलंब होता है , किसी एक स्तर कर जाँच करा कर बिना किसी विलंब के पेमेंट होना जरूरी है।

यह भी सरकार सुनिश्चित करे के पेमेंट में विलंब नहीं हो, उन्होंने कहा सरकार द्वारा स्मार्ट सिटी के नाम पर बस खघनापूर्ति की जा रही है, एक सिटी में किसी एक मोहल्ले में विकास करा देना भर ही उस सिटी को स्मार्टसिटी की केटेगरी में नहीं ला पाएगा , अगर सरकार को किसी सिटी को स्मार्टसिटी बनाना ही है तो फिर पूरी की पूरी सिटी में विकास कार्य करा कर ही यह संभव हो पाएगा, उन्होंने कहा कि सरकार जो भी नगर विकास के लिए योजनाएँ चलाने का काम कर रही है उन सब में वह दोहरा मापदंड अपना रही है , अगर कहीं किसी नगर पालिका का अध्यक्ष समाजवादी पार्टी का तो सरकार वहाँ पर दोहरा मापदंड अपना कर कार्य कर रही है , वहाँ पर विकास कार्यों के लिए योजनाओं का आवंटन सही तरीके से नहीं किया जा रहा है जबकि सरकार को यह सोचना चाहिए नगर पंचायत या या नगर पालिका का अध्यक्ष ही तो समाजवादी पार्टी का है लेकिन वहाँ भाजपा के भी वोटर्स रहते हैं , दोहरा मापदंड अपना कर किसी भी योजना का पूरा लाभ नहीं उठाया जा सकता है।

## ट्राले की चपेट में आकर साइकिल सवार की मौत, दी तहरीर

कांठ( शाह टाइम्स) गन्ने के ट्राले की चपेट में आकर साइकिल सवार ग्रामीण की मौत हो गई पुलिस ने शब कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। मृतक के परिजनों ने थाने में तहरीर दी है थाना क्षेत्र के गांव चक फेरी निवासी रघुपाल पुत्र नो सिंह साइकिल से आ रहा था इसी ओर से दीवान शुगर मिल का खाली ट्राला भी गांव स्थित गन्ने के केंद्र की ओर जा रहा था बताया गया कि जैसे ही दोनों बराबर में आए रघुपाल ट्राले की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर मौत हो गई सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शब का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जानकारी घर लगी तो कोहराम मच गया बताया गया कि रघु पाल दो भाई थे जिनमें छोटा रघुपाल अविवाहित था और बड़े रामौतार की शादी हो चुकी है रघुपाल के माता और पिता की भी पहले मौत हो चुकी है। इस घटना से गांव में गम का माहौल है।

## पीएसी जवान ने रायफल से सिर में गोली मारकर की आत्महत्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद मुरादाबाद के थाना सिविल लाइन्स क्षेत्र से एक दिल को दहलाने देने वाली घटना सामनें आई है। आप को बतादें कि, सोमवार शाम को आईजी पीएसी के आवास पर तैनात पीएसी के जवान सुभम निवासी बिजनौर ने खुद के सर में अपनीं ही इंसाास रायफल से गोली मार ली जिससे उनके सर के चित्ड़े उड़ गए।और मोके पर ही उनकी मौत हो गई। सिपाही के इस कध्दम से पूरे पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। थाना पुलिस को सूचना दी गई मोकध्े पर पहुंचीं थानाध्र सिविल लाइन्स पुलिस ने मामला दर्ज कर जवान के खुदकुशी के कारणों की जांच शुरू कर दी है।इस खबर के फैलते ही मुरादाबाद पुलिस के सभी आला अधिकारी मोकध्े पर पहुंचें और मामले की जल्द से जल्द जांच पूरी करने के निर्देश दिए जवान के परिजनों को भी सूचना दे दी गई थी जिससे रो रो कर उनका बुरा हाल है।



## विवाहिता ने फांसी के फंदे पर झूल कर दे दी जान

### मायके वालों ने लगाया हत्या करने का आरोप

**डिलारी।** गांव रहटा माफी में एक विवाहिता ने फांसी के फंदे पर लटक कर खुदकुशी कर ली ,सनसनीखेज घटना से गांव में हड़कंप मच गया।

गांव निवासी चांद मोहम्मद की शादी पड़ोसी गांव,ततारपुर निवासी युबती,से 2 वर्ष पहले गुलअफशा के साथ हुई थी ,चांद मोहम्मद कुछ दिनों तक पत्नी के साथ रहा घर में आर्थिक तंगी होने से रोजी–रोटी कमाने के लिए सऊदी अरब चला गया, गुलअफशा ससुराल में अकेली रह रही थी ,घटना सोमवार की रात्रि लगभग 10:00 बजे की विवाहित और ससुराल वालों में किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया ,जिससे आहत होकर गुलअफशा मानसिक संतुलन हो खो बैठी , देर रात्रि को बरामदे में गले फांसी का फंदा लगाकर कुंदे में डालकर झूल गई ,घटना से गांव में अपरातफरी मच गई , रोते बिलखते मायके वालों ने घटनास्थल पर पहुंचे हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा करने लगे ,सूचना पाकर थाना डिलारी पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर, शबको कब्जे में ले कर पीएम के लिए भेज दिया ,उधर कानूनी कार्यवाही से बचाने के लिए पंचायत समझौता का दबाव बना रही है।

थाना प्रभारी डिलारी योगेंद्र कुमार ने बताया कि अभी कोई तहरीर नहीं आई है तहरीर आने पर मुकदमा दर्ज कर लिया जाएगा

# प्रथमा बैंक के बीसी में घुसकर अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने तमंचे के बल पर की लाखों की लूट

**ठाकुरद्वारा ।** तहसील क्षेत्र में बदमाशों के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं। जिसमे थाना डिलारी में अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने दिन दहाड़े तमंचों की नोंक पर प्रथमा बैंक के बी सी पॉइन्ट स्वामी से एक लाख रुपये की नकदी सहित मोबाइल व लेपटॉप आदि कीमती सामान लूट कर मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना से पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया सूचना पाकर मौके पर पँहुचे अधिकारियों ने घटना स्थल का निरीक्षण कर आसपास लगे सी सी टी वी में बाइक सवार बदमाशों को खंगालना शुरू कर दिया है। थाना डिलारी क्षेत्र के ग्राम सौदासपुर का रहने वाला कमलकांत पुत्र ऋषिराम सिंह गांव से कुछ ही दूरी पर ठाकुरद्वारा मुरादाबाद हाइवे पर पुलिया के निकट प्रथमा बैंक के बी सी पॉइंट चलाता है। बताया गया है कि रोज की तरह मंगलवार की सुबह लगभग 9 बजकर 15 मिनट पर कमलकांत ने जैसे ही बी सी पॉइंट का शटर उठाया उसी वक्त तीन अज्ञात बाइक सवार बदमाश उसको तमंचे की नोक पर अंदर ले गए। वही पीडिघ्त का आरोप है कि बदमाशो ने उसे तमंचों की बटों से मारपीट कर एक लाख रुपये मोबाइल,लेपटॉप कम्प्यूटर का कुछ अन्य सामान लूट कर बाइक से फरार हो गए। इस घटना की सूचना पर पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया और एसपी ग्रामीण, कुँवर आकाश सिंह एएसपी अमरिंदर सिंह थाना प्रभारी वहा पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने में लगे हुए हैं। वहीं पुलिस ने घायल कमलकांत को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।





## गाली गलौज की शिकायत पर पीटा मामला दर्ज

**कांठ( शाह टाइम्स )**थाना छजलैट के कुरी रवाना निवासी दानिश पुत्र सकूर का कहना है कि 2 मार्च को उसका भतीजा सोहिल पुत्र बाबू गावं में बाजार से सामान लेकर आ रहा था उसी समय रास्ते में आतिफ पुत्र रईस ने सोी. हल से गाली गलौच करनी शुरु कर दी। जिसकी शिकायत सोहिल ने घर पर आकर की मेरा भाई बाबू और में गाली गलौज की शिकायत लेकर उसके घर गए तो आतिफ पुत्र रईस, रईस पुत्र कलुआ, गाली गलौच कर आमादा फसाद होने लगे विरोध किया तो आतिफ पुत्र रईस, रईस पुत्र कलुवा व इमरान पुत्र असगर व सलमान पुत्र छिध्दा ने बाबू के साथ मारपीट की वह बाबू को बचाने लगा तो उक्त सभी ने उसके साथ भी मार पीट कर जान से मारने की धमकी दी और चले गये। पुलिस ने सभी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मंडल यांत्रिक अभियंता मुरादाबाद के द्वारा ई टेंडर संख्या M-1-CAMC-SPARMVEng-24 के अंतर्गत निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसके बंद होने की तिथि व समय 19.03.2025, 15:00 बजे है जो बंद होने के बाद किसी भी समय वेबसाइट पर खोले जाएंगे। इस निविदा के अंतर्गत मैनुअल ऑफर स्वीकार्य नहीं होंगे। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

| विभाग | सी & डब्ल्यू | टेंडर सं. | M-1-CAMC-SPARMVEng-24 |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | "Comprehensive Annual Maintenance Contract (CAMC) of Cummins Engines (NTA 14R 02 nos. and 6BTA5.9G 02 nos.) of HS-SPARMV for a period of three years at Moradabad Depot of MB Division". | | |
| निविदा टाइप | खुला | बिडिंग स्टाइल | दो पैकेट सिस्टम |
| निविदा बंद होने की दिनांक एवं समय | | 19.03.2025 को 15:00 बजे | |
| एडवेरटाइज्ड वेल्यू | ₹84,35,486.98 | ऑफर की वैधता | 60 दिन |

सं.: M-1-CAMC-SPARMVEng-24 दिनांक: 25.02.2025 687/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

## होली विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए आगामी होली त्यौहार के दौरान रेलवे द्वारा पहले से ही घोषित अनेक होली विशेष रेलगाड़ियों के अलावा निम्नलिखित होली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–

**02883/02884 राँची जं. – गोरखपुर जं. – राँची जं. होली स्पेशल रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 02883 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 02884 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 23:55 | राँची जं. | 05:30 | -- |
| 11:45 | 11:58 | वाराणसी जं. | 18:15 | 18:25 |
| 19:50 | -- | गोरखपुर जं. | -- | 11:00 |

**चलने की तिथि :** 02883 राँची जं. से दिनांक 12.03.2025 (बुधवार) को एवं 02884 गोरखपुर जं. से दिनांक 14.03.2025 (शुक्रवार) को।
**स्थान:** प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** मूरी जं., बोकारो स्टील सिटी, गोमो जं., कोडरमा, गया जं., डेहरी ऑन सोन, सासाराम, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., वाराणसी जं., जौनपुर जं., औंड़िहार जं., मऊ जं., बेल्थरा रोड, सलेमपुर जं., भटनी जं. एवं देवरिया सदर स्टेशन।

**07707/07708 चर्लपल्ली – हज़रत निज़ामुद्दीन – चर्लपल्ली होली स्पेशल रेलगाड़ी** — 6 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 07707 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 07708 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 20:45 | चर्लपल्ली | 09:30 | -- |
| 01:30 | -- | हज़रत निज़ामुद्दीन | -- | 03:15 |

**चलने की तिथि :** 07707 चर्लपल्ली से दिनांक 06.03.25, 12.03.25 एवं 16.03.2025 को एवं 07708 हज़रत निज़ामुद्दीन से दिनांक 08.03.25, 14.03.25 एवं 18.03.2025 को।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** काजीपेट जं., रामगुंडम, मंचिर्याल, सिरपुर कागजनगर, बल्हारशाह, चंद्रपुर, नागपुर, रानी कमलापति, बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई (झाँसी) एवं आगरा कैंट स्टेशन

**01707/01708 जबलपुर जं. – आनन्द विहार टर्मिनल – जबलपुर जं. होली एक्सप्रेस स्पेशल रेलगाड़ी** — 6 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 01707 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 01708 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 20:20 | जबलपुर जं. | 10:00 | -- |
| 16:45 | -- | आनन्द विहार टर्मि. | -- | 18:05 |

**चलने की तिथि :** 01707 जबलपुर जं. से दिनांक 08.03.25, 12.03.25 एवं 15.03.2025 को एवं 01708 आनन्द विहार टर्मि से दिनांक 09.03.25, 13.03.25 एवं 16.03.2025 को।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. (इकोनॉमी) शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** कटनी जं., मैहर, सतना, मानिकपुर जं., शंकरगढ़, प्रयागराज जं., फतेहपुर, गोविन्दपुरी, इटावा, टूंडला जं., अलीगढ जं. एवं गाजियाबाद जं. स्टेशन।

**05734/05733 कटिहार जं. – अमृतसर जं. – कटिहार जं. होली स्पेशल रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 8 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05734 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05733 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 11:40 | कटिहार जं. | 15:00 | -- |
| 00:10 | -- | अमृतसर जं. | -- | 04:20 |

**चलने की तिथि :** 05734 कटिहार जं. से दिनांक 06.03.2025 से 27.03.2025 तक (प्रत्येक गुरूवार को) एवं 05733 अमृतसर जं. से दिनांक 08.03.2025 से 29.03.2025 तक (प्रत्येक शनिवार को)।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** नौगछिया, थाना बिहपुर जं., मानसी जं., खगड़िया जं., बेगू सराय, बरौनी जं., हाजीपुर जं., सोनपुर जं., छपरा जं., सिवान जं., डोरिया सदर, गोरखपुर जं., बस्ती, गोंडा जं., बाराबंकी जं., लखनऊ जं., कानपुर सेंट्रल जं., इटावा, अलीगढ जं., खुर्जा जं., हापुड़ जं., मेरठ सिटी जं., मुजफ्फरनगर सहारनपुर जं., अम्बाला कैंट जं., लुधियाना जं., जलंधर सिटी जं. एवं ब्यास जं. स्टेशन।

**09075/09076 मुंबई सेन्ट्रल – काठगोदाम – मुंबई सेन्ट्रल सुपरफास्ट होली स्पेशल रेलगाड़ी** — 32 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 09075 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 09076 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 11:00 | मुंबई सेन्ट्रल | 20:55 | -- |
| 14:30 | -- | काठगोदाम | -- | 17:30 |

**चलने की तिथि :** 09075 मुंबई सेन्ट्रल से दिनांक 12.03.2025 से 25.06.2025 (प्रत्येक बुधवार को) एवं 09076 काठगोदाम से दिनांक 13.03.2025 से 26.06.2025 तक (प्रत्येक गुरूवार को)।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** बोरीवली, वापी, वलसाड, उधना जं., वडोदरा, रतलाम, डकनिया तालाव, गंगापुर सिटी, हिण्डौन सिटी, भरतपुर, मथुरा, हाथरस सिटी, कासगंज, बदाऊँ, बरेली जं., बरेली सिटी, इज्जतनगर जं., बहेड़ी, किच्छा, लालकुआँ जं. एवं हल्द्वानी स्टेशन।

**09101/09102 वडोदरा जं. – हरिद्वार – वडोदरा जं. होली स्पेशल रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 8 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 09101 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 09102 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 19:00 | वडोदरा जं. | 11:25 | -- |
| 14:30 | -- | हरिद्वार | -- | 17:20 |

**चलने की तिथि :** 09101 वडोदरा जं. से दिनांक 08.03.25, 15.03.25, 22.03.25 एवं 29.03.2025 (प्रत्येक शनिवार को) एवं 09102 हरिद्वार से दिनांक 09.03.25, 16.03.25, 23.03.25 एवं 30.03.2025 (प्रत्येक रविवार को)।
**स्थान:** प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** गोधरा जं., दाहोद, रतलाम जं., नागदा जं., कोटा जं., गंगापुर सिटी, मथुरा जं., हज़रत निजामुद्दीन, गाजियाबाद जं., मेरठ नगर जं., मुज़फ़्फ़र नगर, टपरी जं. एवं रूड़की स्टेशन।

**04064/04063 नई दिल्ली– गया जं. – नई दिल्ली सुपरफास्ट होली स्पेशल रेलगाड़ी** — 8 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04064 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04063 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 09:30 | नई दिल्ली | 23:35 | -- |
| 01:50 | -- | गया जं. | -- | 06:40 |

**चलने की तिथि :** 04064 नई दिल्ली से दिनांक 06.03.25, 10.03.25, 13.03.25 एवं 17.03.2025 (सोमवार एवं गुरूवार को) एवं 04063 गया जं. से दिनांक 07.03.25, 11.03.25, 14.03.25 एवं 18.03.2025 (मंगलवार एवं शुक्रवार को)।
**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** गोविन्दपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम जं. एवं डेहरी ऑनसोन स्टेशन।

**04070/04069 आनन्द विहार टर्मि. – राजगीर – आनन्द विहार टर्मि. सुपरफास्ट होली स्पेशल रेलगाड़ी** — 8 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04070 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04069 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 00:20 | आनन्द विहार टर्मि. | 19:00 | -- |
| 19:50 | -- | राजगीर | -- | 23:30 |

**चलने की तिथि :** 04070 आनन्द विहार टर्मि. एवं 04069 राजगीर से दिनांक 07.03.25, 11.03.25, 14.03.25 एवं 18.03.2025 को।
**स्थान:** प्रथम वाता, 2 टियर वाता, 3 टियर वाता. एवं सामान्य।
**ठहराव:** गोविन्दपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, आरा आरा जं., पटना जं., बख्तियारपुर जं. एवं बिहार शरीफ जं. स्टेशन।

**04018/04017 आनन्द विहार टर्मि. – मुज़फ़्फ़रपुर जं. – आनन्द विहार टर्मि. आरक्षित होली स्पेशल रेलगाड़ी** — 06 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04018 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04017 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 09:00 | आनन्द विहार टर्मि. | 06:00 | -- |
| 06:00 | -- | मुज़फ़्फ़रपुर जं. | -- | 07:30 |

**चलने की तिथि:** 04018 आनन्द विहार टर्मि. से दिनांक 06.03.25, 13.03.25 एवं 20.03.2025 (प्रत्येक गुरूवार को) एवं 04017 मुज़फ़्फ़रपुर जं. से दिनांक 07.03.25, 14.03.25 एवं 21.03.2025 (प्रत्येक शुक्रवार को)।
**स्थान:** प्रथम वाता., 2 टियर वाता, 3 टियर वाता. शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शहाजहाँपुर, सीतापुर जं., गोंडा जं., गोरखपुर, कप्तानगंज, नरकटियागंज जं., सगौली जं. एवं बापूधाम मोतीहारी स्टेशन।

**04066/04065 नई दिल्ली – सहरसा जं. – नई दिल्ली आरक्षित होली स्पेशल रेलगाड़ी** — 8 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04066 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04065 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 21:35 | नई दिल्ली | 23:30 | -- |
| 22:00 | -- | सहरसा जं. | -- | 23:55 |

**चलने की तिथि :** 04066 नई दिल्ली से दिनांक 06.03.25, 10.03.25, 13.03.25 एवं 17.03.2025 एवं 04065 सहरसा जं. से दिनांक 07.03.25, 11.03.25, 14.03.25 एवं 18.03.2025।
**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** चिपयाना बुजुर्ग, गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा जं., दानापुर, पाटलिपुत्र जं., सोनपुर, हाजीपुर जं., मुज़फ़्फ़रपुर जं., समस्तीपुर जं, दलसिंह सराय, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं. एवं मानसी जं. स्टेशन।

**04030/04029 आनन्द विहार टर्मि. – मुज़फ़्फ़रपुर जं. – आनन्द विहार टर्मि. होली स्पेशल रेलगाड़ी** — 08 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04030 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04029 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 09:00 | आनन्द विहार टर्मि. | 06:00 | -- |
| 06:00 | -- | मुज़फ़्फ़रपुर जं. | -- | 07:30 |

**चलने की तिथि :** 04030 आनन्द विहार टर्मि. से दिनांक 08.03.25, 11.03.25, 15.03.25 एवं 18.03.2025 को एवं 04029 मुज़फ़्फ़रपुर जं. से दिनांक 09.03.25, 12.03.25, 16.03.25 एवं 19.03.2025 को।
**स्थान:** 3 टियर वाता. शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शहाजहाँपुर, सीतापुर जं., गोंडा जं., गोरखपुर, कप्तानगंज, नरकटियागंज जं., सगौली जं. एवं बापूधाम मोतीहारी स्टेशन।

**04062/04061 दिल्ली जं. – पटना जं. – दिल्ली जं. सुपरफास्ट होली स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 24 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04062 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04061 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 23:55 | दिल्ली जं. | 10:25 | -- |
| 16:40 | -- | पटना जं. | -- | 17:50 |

**चलने की तिथि :** 04062 दिल्ली जं. से दिनांक 06.03.2025 से 17.03.2025 तक (प्रतिदिन) एवं 04061 पटना जं. से दिनांक 07.03.2025 से 18.03.2025 तक (प्रतिदिन) **स्थान:** 3 टियर वाता. एवं इकोनॉमी।
**ठहराव:** गाजियाबाद, चिपयाना बुजुर्ग, कानपुर सेन्ट्रल, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा जं. एवं दानापुर स्टेशन

**04602/04601 अमृतसर जं. – सहरसा जं. – अमृतसर जं. सुपरफास्ट होली स्पेशल रेलगाड़ी** — 06 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04602 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04601 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 20:10 | अमृतसर जं. | 18:20 | -- |
| 05:00 | -- | सहरसा जं. | -- | 10:00 |

**चलने की तिथि :** 04602 अमृतसर जं. से दिनांक 08.03.25, 12.03.25 एवं 16.03.2025 को एवं 04061 सहरसा जं. से दिनांक 10.03.25, 14.03.25 एवं 18.03.2025 को।
**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** ब्यास जं., जलंधर सिटी जं., लुधियाना, सरहिंद, राजपुरा, अम्बाला कैंट, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर जं., गोंडा जं., गोरखपुर जं., सीवान जं., छपरा, हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं., समस्तीपुर जं., बरौनी जं., बेगू सराय, खगड़िया जं. एवं सिमरी बख्तियारपुर स्टेशन।

**04502/04501 सरहिंद जं. – जय नगर जं. – सरहिंद जं. सुपरफास्ट होली स्पेशल रेलगाड़ी** — 06 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04502 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04501 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 13:00 | सरहिंद जं. | 05:15 | -- |
| 19:45 | -- | जय नगर जं. | -- | 23:30 |

**चलने की तिथि :** 04502 सरहिंद जं. से दिनांक 07.03.25, 13.03.25 एवं 17.03.2025 को एवं 04501 जय नगर जं. से दिनांक 8.03.25, 14.03.25 एवं 18.03.2025 को।
**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** राजपुरा, अंबाला कैंट, बराड़ा, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, अयोध्या धाम, मानकापुर जं., बस्ती, गोरखपुर, छपरा जं., हाजीपुर जं., मुज़फ़्फ़रपुर जं., दरभंगा जं. एवं मधुबनी स्टेशन।

**04302/04301 योग नगरी ऋषिकेश – मुज़फ़्फ़रपुर जं. – योग नगरी ऋषिकेश आरक्षित होली स्पेशल रेलगाड़ी** — 08 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04302 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04301 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 09:20 | योग नगरी ऋषिकेश | 08:10 | -- |
| 07:30 | -- | मुज़फ़्फ़रपुर जं. | -- | 09:00 |

**चलने की तिथि :** 04302 योग नगरी ऋषिकेश से दिनांक 06.03.25, 10.03.25, 13.03.25 एवं 17.03.2025 को एवं 04301 मुज़फ़्फ़रपुर जं. से दिनांक 07.03.25, 11.03.25, 14.03.25 एवं 18.03.2025 को। **स्थान:** 2 टियर वाता. सह 3 टियर वाता. शयनयान।
**ठहराव:** हरिद्वार, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा, बस्ती, गोरखपु, सिवान, छपरा एवं हाज़ीपुर स्टेशन।

**05082 बनारस – सिकन्दराबाद जं. वन वे होली स्पेशल रेलगाड़ी** — 01 फेरा

| स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05082 | |
|---|---|---|
| | आगमन | प्रस्थान |
| बनारस | -- | 18:00 |
| वाराणसी जं. | 18:15 | 18:25 |
| सिकन्दराबाद जं. | 22:30 | -- |

**चलने की तिथि :** 05082 बनारस से दिनांक 05.03.25 को। **स्थान:** शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** वाराणसी जं., प्रयागराज छिवकी जं., सतना जं., मैहर, कटनी जं., जबलपुर जं., इटारसी जं., घोड़ाडोंगरी, बैतूल, नागपुर जं., सेवाग्राम जं., चन्द्रपुर, बल्हारशाह, सिरपूरकागजनगर, बेल्लमपल्ली, मंचेरियाल, रामगुंडम, पेद्दपल्ली जं., जम्मीकुटा एवं काजीपेट जं. स्टेशन।

**03697/03698 गया जं. – दिल्ली जं. – गया जं. सुपरफास्ट एक्सप्रेस होली स्पेशल रेलगाड़ी (सप्ताह में 6 दिन)** — 44 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 03697 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 03698 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 14:15 | गया जं. | 00:30 | -- |
| 07:45 | -- | दिल्ली जं. | -- | 08:55 |

**चलने की तिथि :** 03697 गया जं. से दिनांक 06.03.2025 से 31.03.2025 तक (रविवार को छोड़कर) एवं 03698 दिल्ली जं. से दिनांक 07.03.2025 से 01.04.2025 तक (सोमवार को छोड़कर)
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** अनुग्रह नारायण रोड, डेहरी ऑनसोन, सासाराम जं., भभुआ रोड, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज जं. एवं गोविन्दपुरी स्टेशन।

**04014/04013 नई दिल्ली – जय नगर – नई दिल्ली आरक्षित होली स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 08 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04014 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04013 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 05:00 | नई दिल्ली | 19:55 | -- |
| 12:00 | -- | जय नगर | -- | 17:00 |

**चलने की तिथि :** 04014 नई दिल्ली से दिनांक 06.03.25, 10.03.25, 13.03.25 एवं 17.03.2025 एवं 01413 जय नगर से दिनांक 07.03.25, 11.03.25, 14.03.25 एवं 18.03.2025 को
**स्थान:** 2 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, राय बरेली, अमेठी, माँ बेल्हा देवी धाम, वाराणसी, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा जं., दानापुर, पाटलिपुत्र, हाज़ीपुर जं., मुजफ़्फ़रपुर जं. एवं सीतामढ़ी जं., दरभंगा जं. एवं मधुबनी स्टेशन।

**04028/04027 आनन्द विहार टर्मि. – जोगबनी – आनन्द विहार टर्मि. आरक्षित होली स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 06 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04028 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04027 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 23:55 | आनन्द विहार टर्मि. | 12:25 | -- |
| 03:00 | -- | जोगबनी | -- | 09:45 |

**चलने की तिथि :** 04028 आनन्द विहार टर्मि. से दिनांक 06.03.25, 13.03.25 एवं 20.03.2025 को एवं 04027 जोगबनी से दिनांक 08.03.25, 15.03.25 एवं 22.03.2025 को
**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली,शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर, देवरिया, सदर, सिवान जं. छपरा जं., सोनपुर जं., हाज़ीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगू सराय, खगड़िया जं., नवगछिया, कटिहार जं., पूर्णियाँ जं., अररिया एवं फारबिसगंज जं. स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन सं. 139 पर संपर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



# भारतीय गेंदबाजों ने ऑस्ट्रेलिया को 264 के स्कोर पर समेटा

## मोहम्मद शमी ने तीन विकेट, वरुण और जडेजा ने दो-दो विकेट लिए

**दुबई, वार्ता।** मोहम्मद शमी (तीन विकेट) वरुण चक्रवर्ती और रवींद्र जडेजा (दो-दो) विकेट की शानदार गेंदबाजी के दम पर भारत ने मंगलवार को चैंपियंस ट्रॉफी के पहले सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को 49.3 ओवर में 264 के स्कोर पर समेट दिया। आज यहां ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने चार रन के स्कोर पर कूपर कॉनोली (शून्य) का विकेट गवां दिया। कूपर कॉनोली को मोहम्मद शमी ने आउट किया। इसके बाद कप्तान स्टीव स्मिथ ने ट्रैविस हेड के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। नौवें ओवर में वरूण चक्रवर्ती ने ट्रेविस हेड को आउट कर भारत को दूसरी सफलता दिलाई। ट्रेविस हेड ने 33 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के लगाते हुए 39 रनों की पारी खेली। मार्नस लाबुशेन (29) को पगबाधा आउटकर रवींद्र जडेजा ने ऑस्ट्रेलिया को तीसरा झटका दिया। जॉश इंग्लिस (11) भी जडेजा का शिकार बने। शतक की ओर बढ़ रहे स्टीव स्मिथ को मोहम्मद शमी ने 37वें ओवर में बोल्ड आउट किया। स्टीव स्मिथ ने 96 गेंदों में चार चौके और एक छक्के की मदद से (73) रनों की पारी खेली। ग्लेन मैक्सवेल (सात) को अक्षर पटेल ने बोल्ड किया। बेन ड्वारश्विस (19) को चक्रवर्ती ने आउट किया। एलेक्स कैरी को श्रेयस अय्यर ने रनआउट किया। एलेक्स कैरी ने 57 गेंदों में आठ चौके और एक छक्का लगाते हुए (61) रनों की पारी खेली। नेथन एलिस (10) को शमी ने नौवें विकेट के रूप में आउट किया। आखिरी ओवर करने आये हार्दिक पंड्या ने एडम जम्पा (सात) रन को बोल्ड कर ऑस्ट्रेलिया की पारी का 264 के स्कोर पर अंत कर दिया। भारत की ओर से मोहम्मद शमी को तीन विकेट मिले। रवींद्र जडेजा, हार्दिक पंड्या और वरूण चक्रवर्ती ने दो-दो विकेट लिए। अक्षर पटेल ने एक बल्लेबाज को आउट किया।



## संक्षिप्त खेल समाचार

### बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में 6659 खेल मैदान का हुआ शिलान्यास: मंत्री

**पटना, वार्ता।** बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने आज विधानसभा में कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में 6659 खेल मैदानों का शिलान्यास पहले ही किया जा चुका है। श्री कुमार ने मंगलवार को विधानसभा में भोजनावकाश से पहले अलग-अलग सदस्यों द्वारा खेल मैदानों से संबंधित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर में बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इन खेल मैदानों के निर्माण की आधारशिला पहले ही रख दी है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार प्राथमिकता के आधार पर भूमि की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में भी खेल मैदानों का निर्माण करेगी। उन्होंने कहा कि यह पहल युवाओं के बीच खेलों को बढ़ावा देने और खेल अधोसंरचना को मजबूत करने के उद्देश्य से की जा रही है।

### लॉरियस वर्ल्ड कमबैक ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए नामित हुए ऋषभ पंत

**मैड्रिड, वार्ता।** भारतीय विकेटकीपर एवं बल्लेबाज ऋषभ पंत को कार दुर्घटना के बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी पर खेल की दुनिया के प्रतिष्ठित लॉरियस वर्ल्ड कमबैक ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए नामित किया गया है। लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स पुरस्कार 2025 के लिए नामांकित खिलाड़ियों का चयन विश्व के खेल मीडिया द्वारा मतदान के बाद किया गया। इस पुरस्कार की यह 25वीं वर्षगांठ है और यह समारोह 21 अप्रैल स्पेन की राजत्राानी मैड्रिड होगा। इसी दिन पुरस्कार विजेताओं के नाम की घोषणा की जायेगी। सचिन तेंदुलकर एकमात्र भारतीय हैं, जिन्हें लॉरियस अवॉर्ड में सम्मानित किया गया है। उन्होंने लॉरियस स्पोर्टिंग मोमेंट अवार्ड द्ध2000-2020ऋ जीता था। कमबैक ऑफ द ईयर अवॉर्ड के लिए खेल की दुनिया के कई दिग्गज नामित हुए हैं।

# पूर्व स्पिनर पद्माकर शिवलकर का निधन

**शिवलकर भारत के लिए कभी नहीं खेले, लेकिन उनकी गिनती घरेलू क्रिकेटर में होती है**

**मुंबई, वार्ता।** मुंबई के महान स्पिनर पद्माकर शिवलकर का उम्र संबंधी समस्याओं के कारण निधन हो गया। शिवलकर ने 84 वर्ष की उम्र में अंतिम सांस ली।

वह भारत के लिए कभी नहीं खेले, लेकिन उनकी गिनती घरेलू क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ स्पिनरों में होती थी। शिवलकर को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा 2017 में सीके नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। शिवलकर ने 1961-62 से 1987-88 के बीच कुल 124 प्रथम श्रेणी मैचों में हिस्सा लिया और 19.69 की औसत से 589 विकेट लिए। बाएं हाथ के स्पिनर ने 22 साल की उम्र में रणजी ट्रॉफी में डेब्यू किया और 48 साल की उम्र तक खेलना जारी रखा। उन्होंने भारत की प्रमुख घरेलू प्रतियोगिता में 361 विकेट लिए जिसमें 11 बार मैच में 10 विकेट लेना शामिल हैं।

शिवलकर ने 12 लिस्ट ए मैचों 16 विकेट लिए है। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने कहा, मुंबई क्रिकेट ने आज एक सच्चे दिग्गज को खो दिया है। पद्माकर शिवल. कर सर का खेल में योगदान, खासकर अब तक के सबसे बेहत. रीन स्पिनरों में से एक के रूप में हमेशा याद किया जाएगा। मुंबई क्रिकेट पर उनका समर्पण, कौशल और प्रभाव अद्वितीय है।

# विराट कोहली ने तोड़ा एक और महारिकॉर्ड, बन गए नंबर-1

**कोहली के नाम भारत की तरफ से सबसे ज्यादा इंटरनेशनल कैच लेने का रिकॉर्ड दर्ज हो गया**

**दुबई, वार्ता।** विराट कोहली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल मैच में बल्ला छुए बिना एक बड़ा रिकॉर्ड कायम कर दिया है।

विराट ने एक बड़ा रिकॉर्ड फील्डिंग के दौरान बनाया है। टीम इंडिया के दिग्गज बल्लेबाज के नाम अब भारत की तरफ से सबसे ज्यादा इंटरनेशनल कैच लेने का रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अहम मैच में विराट ने ये बड़ी उपलब्धि हासिल करके इतिहास रच दिया है। विराट कोहली ने सेमीफाइनल जैसे बड़े मैच में ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर बल्लेबाज जॉश इंग्लिस का एक कैच लेते ही इतिहास रच दिया। रवींद्र जडेजा की गेंद पर विराट ने एक आसान सा कैच लेकर वर्ल्ड क्रिकेट में फिर से धूम मचा दी। विराट के नाम अब सभी फॉर्मेट में मिलाकर 335' कैच हो चुके हैं। वो भारत के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा कैच लेने वाले फील्डर बन चुके हैं। इस मामले में विराट राहुल द्रविड़ से आगे निकल चुके हैं। विराट ने अपने 549वें मैच में ये ऐतिहासिक कारनामा किया है।

हाल ही में विराट वनडे में भारत के लिए सबसे ज्यादा कैच लेने वाले प्लेयर साबित हुए थे जबकि अब वो सभी फॉर्मेट में ये कारनामा करने वाले भारतीय प्लेयर हैं। राहुल द्रविड़ की बात करें तो उन्होंने अपने करियर में कुल 504 इंटरनेशनल मैच खेले थे और कुल 334 कैच लपके थे। गौरतलब है कि राहुल द्रविड़ ने स्कॉटलैंड के लिए भी क्रिकेट खेला था। ये दिग्गज भारतीय खिलाड़ी स्कॉटलैंड के लिए साल 2003 के वनडे विश्व कप में उतरा था। विराट कोहली 301वां वनडे खेल रहे हैं और इस मामले में उन्होंने युवराज सिंह की बराबरी कर ली है। युवराज ने भी इतने ही वनडे खेले थे। विराट ने इस फॉर्मेट में 159' कैच पकड़ लिए हैं। हाल ही में उन्होंने अजहरुद्दीन का भारत की तरफ से वनडे में सबसे ज्यादा कैच (156) लेने का रिकॉर्ड ब्रेक किया था। टेस्ट क्रिकेट की बात करें तो विराट कोहली ने इस फॉर्मेट में 123 मुकाबले खेले हैं और 210 पारियों में 121 कैच लिए। इसके अलावा कोहली ने 125 टी-20 इंटरनेशनल मैचों की 117 पारियों में 54 कैच लिए थे।

# भारत करेगा दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप की मेजबानी

**इस चैपियनशिप में 16 देशों के एथलीट भाग लेंगे**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत 29 मार्च से शुरू होने वाली दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। केन्द्रीय खेल मंत्रालय ने मंगलवार को भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) और योगा. सन भारत के सहयोग से 29 से 31 मार्च तक इंदिरा गांधी एरिना में दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप आयोजित किये जाने घोषणा की।

एशियाई ओलंपिक परिषद, विश्व योगासन, एशियाई योगासन और योगासन इंद्रप्रस्थ संगठन के समर्थन प्राप्त इस चैंपियनशिप में 16 देशों के एथलीट भाग लेंगे। चैंपियनशिप का उद्देश्य अपनी समृद्ध विरासत और गहरे सांस्कृतिक महत्व को अपनाते हुये योगासन को एक खेल के रूप में अंतर्राष्ट्रीय मंच पर बढ़ावा देना है और योगासन को विश्व स्तर पर एक खेल के रूप में बढ़ावा देना और ओलंपिक में प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में शामिल करने की दिशा में एक रोडमैप बनाना है। केंद्रीय खेल मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने योग की वैश्विक यात्रा को लेकर कहाकि भारत, योग की जन्मस्थली होने के नाते, दूसरी एशियाई योगासन चैम्पियनशिप की मेजबानी करते हुए अत्यंत गौरवान्वित महसूस कर रहा है। यह आयोजन केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि हमारे प्राचीन योगिक ज्ञान के आधुनिक प्रतिस्पर्धी खेल में रूपांतरित होने का उत्सव है। हम योगासन को एक वैश्विक खेल अनुशासन के रूप में स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, यह चैम्पियनशिप उस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके जरिये हम न केवल योगासन के अद्भुत कौशल को प्रदर्शित कर रहे हैं, बल्कि इसके शारीरिक और मान. सिक रूप से जीवन को रूपांतरित करने की शक्ति को भी उजागर कर रहे हैं। मुझे भरोसा है कि यह चैम्पियनशिप अत्यंत सफल होगी और भारत के नेतृत्व में विश्वभर में समग्र कल्याण और संतुलित जीवन के सिद्धांतों को एक नई दिशा प्रदान करेगी। इस अवसर पर एशियाई योगासन के अध्यक्ष डॉ-संजय मालपानी ने कहाकि दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप योगासन को विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त खेल के रूप में स्थापित करने के हमारे मिशन में एक निर्णायक क्षण है। हम आधुनिक एथलेटिक उत्कृष्टता के साथ परंपरा का मिश्रण देख रहे हैं। यह चैंपियनशिप इस बात का सबूत है कि योगासन सिर्फ एक अभ्यास नहीं है, बल्कि एक प्रतिस्पर्धी खेल है, जो सटीकता, सहनशक्ति और कलात्मकता की मांग करता है।

# न्यूजीलैंड दौरे के लिए पाकिस्तान टीम टी-20 से बाबर आजम रिजवान हुए बाहर



- **सलमान आगा को टी-20 कप्तान नियुक्त किया गया, इसके अलावा टीम में शादाब खान की वापसी हुई उन्हें उपकप्तान बनाया**

**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड के साथ होने वाली पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला के लिए कप्तान मोहम्मद रिजवान और बाबर आजम को टीम से बाहर कर दिया है। चयनकर्ताओं ने चैंपियंस ट्रॉफी से पाकिस्तान के निराशा. जनक प्रदर्शन बाद न्यूजीलैंड दौरे के लिए घोषित टीम में कई बदलाव किये है। जिसके तहत रिजवान और बाबर आजम को पाकिस्तान की टी-20 टीम से बाहर कर दिया है। सलमान आगा को टी-20 कप्तानी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा टीम में शादाब खान की वापसी हुई है उन्हें उप-कप्तान बनाया गया है। हालांकि एकदिवसीय श्रृंखला के लिए मोहम्मद रिजवान की कप्तानी बरकरार रखी गई। लेकिन शाहीन अफरीदी को बाहर कर दिया गया है। घरेलू टी-20 टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने वाले 27 वर्षीय बड़े हिटर बल्लेबाज अब्दुल समद टीम में शामिल किया गया हैं। क्वेटा ग्लैडिएटर्स के बल्लेबाज ओमैर यूसुफ को टीम में जगह दी है। एकदिवसीय टीम में अफरीदी को बाहर करने के अलावा कोई बड़ा बदलाव नहीं किया गया है। वह दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया में एकदिवसीय सीरीज में पाकिस्तान के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज थे। रिजवान एकदिवसीय टीम के कप्तान बने रहेंगे और बाबर को भी टीम में बरकरार रखा गया हैं। अब्दुल्ला शफीक टीम में वापसी हुई हैं। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अकिफ जावेद को एकदिवसीय टीम में पहली बार चुना गया है जबकि सुफियान मुकीम की भी वापसी हुई है। पाकिस्तान 16 मार्च से न्यूजीलैंड में पांच टी-20 मैच खेलेगा और उसके बाद तीन एकदिवसीय मैच की सीरीज होगी। न्यूजीलैंड दौरे के लिए घोषित पाकिस्तान टी-20 टीम: हसन नवाज, ओमैर यूसुफ, मोहम्मद हारिस, अब्दुल समद, सलमान आगा (कप्तान), इरफान नियाजी, खुशदिल शाह, शादाब खान, अब्बास अफरीदी, जहांदाद खान, मोहम्मद अली, शाहीन अफरीदी, हारिस रऊफ, सुफियान मुकीम, अबरार अहमद और उस्मान खान।



# चोटिल मारक्रम के कवर के लिए दक्षिण अफ्रीका ने लिंडे को बुलाया



**मारक्रम को इंग्लैंड के खिलाफ मैदान में दाहिने हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई थी और इसके बाद वे बाहर हो गए**

**लाहौर, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका ने चोटिल एडन मारक्रम के कवर के रूप में बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर जॉर्ज लिंडे चैंपियंस ट्रॉफी के शेष मैचों के लिए टीम में शामिल किया है। मार्करम को इंग्लैंड के खिलाफ मैदान में दाहिने हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई थी और इसके बाद मैच के बाकी समय मैदान से बाहर रहे। न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल के लिए उनकी उपलब्धता निर्धारित करने के लिए मंगलवार शाम को प्रशिक्षण के दौरान उनका फिटनेस टेस्ट होगा।लिंडे मंगलवार शाम को दक्षिण अफ्रीका के शिविर में शामिल होंगे। आईसीसी की स्पर्धा तकनीकी समिति के द्वारा इस बदलाव की पुष्टि के बाद वह आधिकारिक तौर पर मारक्रम की जगह नहीं लेंगे। लिंडे ने हाल ही में एसए के 11 मैचों में 153.33 की स्ट्राइक रेट से 161 रन बनाए और 6.29 की इकॉनमी से 11 विकेट लिए। इसके अलावा उन्होंने वन-डे चैलेंज डिवीजन वन में वेस्टर्न प्रोविंस के लिए खेलते हुए मैच मैचों में 106 रन बनाए और चार विकेट लिए।

# बीसीसीआई के बड़े अफसर पाकिस्तान जाएंगे

**चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल से पहले अचानक लिया गया ये फैसला**

**मुंबई, वार्ता।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल से पहले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अचानक एक चैंकाने वाला फैसला लिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला समेत कई बड़े अधिकारी पाकिस्तान का दौरा करने वाले हैं।

वे 5 मार्च को लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में दक्षिण अफीका और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल मैच को देखने के लिए जाएंगे। सूत्रों ने राजीव शुक्ला के पाकिस्तान जाने का दावा किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, बीसीसीआई ने शुक्ला को अपना प्रतिनिधि चुना है। उनके साथ कुछ अन्य अधिकारी भी पड़ोसी देश जाएंगे और दो दिन बिताने के बाद सभी 6 मार्च को वापस भारत लौट आएंगे। हालांकि, इस दौरान बोर्ड के अध्यक्ष रोजर बिन्नी उनके साथ नहीं होंगे। सूत्र ने कहा, 'हां, शुक्ला चैंपियंस ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल में हिस्सा लेने के लिए लाहौर जा रहे हैं।' भारतीय बोर्ड का यह फैसला ऐसे समय में आया है, जब उसने टीम इंडिया के खिलाड़ियों को पाकिस्तान भेजने से मना कर दिया था। इसके बाद मेजबान पाकिस्तान को मजबूरी में भारत के सभी मैच दुबई में शेडडूल करने पड़े। लेकिन बोर्ड ने अपने अधिकारियों को भेजने के लिए हां कर दी है। इससे पहले अगस्त 2023 में राजीव शुक्ला और बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी पाकिस्तान का दौरा कर चुके हैं।

# रोहित शर्मा के समर्थन में उतरे सुनील गावस्कर

**नई दिल्ली, वार्ता।** कांग्रेस प्रवक्ताके रोहित शर्मा की फिटनेस और कप्तानी पर सवाल उठाए जाने के बाद कई क्रिकेटरों और राजनेताओं ने भारतीय कप्तान का समर्थन किया था और अब पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने भी इस मामले पर अपनी राय रखी। गावस्कर ने भी रोहित का समर्थन किया और कहा कि दुबले-पतले लड़के मॉडलिंग के लिए होते हैं और क्रिकेट में शारीरिक आकार नहीं, बल्कि मानसिक ताकत मायने रखती है। कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. शमा मोहम्मद ने रविवार को भारत और न्यूजीलैंड के मैच के दौरान सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया था। इस पोस्ट में कांग्रेस नेता ने लिखा कि श्रोहित शर्मा एक मोटे खिलाड़ी हैं! उन्हें अपना वजन कम करने की जरूरत है। बेशक वह भारत के अब तक के सबसे बेअसर कप्तान हैं।श इसके बाद विवाद काफी बढ़ गया और कांग्रेस प्रवक्ता की काफी आलोचना की गई जिसके बाद उन्हें एक्स से अपनी पोस्ट हटाने के लिए मजबूर होना पड़ा। कांग्रेस ने भी शमा की टिप्पणी से खुद को अलग कर लिया और उनसे पोस्ट डिलीट करने का अनुरोध किया। गावस्कर ने याद दिलाया कि मुंबई के बल्लेबाज सरफराज खान को भी बॉडी शेमिंग (शरीर को लेकर आलोचना) का सामना करना पड़ा।

# खेत से लौट रहे ग्रामीण की बाइक को कंटेनर से रौंदने पर मौत, एक गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** क्षेत्र के गांव तेवरखास के पास मुरादाबाद अलीगढ़ हाईवे पर खेत से लौट रहे ग्रामीण की स्कूटी को कंटेनर ने रौंद डाला, इस हादसे में स्कूटी बुरी तरह से चकनाचूर हो गई। स्कूटी चला रहे ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि स्कूटी पर पीछे बैठे उनके साथी संतराम गंभीर रूप से घायल हो गए। जीवन की आस में पुलिस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लेकर आई। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिवार के लोग भी सूचना पर मौके पर पहुंच गए। सभी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने शव का पंचनामा पर पोस्टमार्टम को भेज दिया। वहीं घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल को रेफर किया गया। बिलारी के मोहल्ला ऋषि पुरम के रहने वाले 55 वर्षीय सत्यवीर सिंह जोकि किसान है उनके खेत कुंदरकी थाना क्षेत्र के गांव इमरतपुर कुंदरकी में है। वह अपनी बैटरी वाली स्कूटी से सवेरे 9 बजे खेत पर गए थे। जहां काम करके वह वापस 10:30 बजे लौट रहे थे। उनके साथ हाथीपुर गांव निवासी संतराम भी मौजूद थे। स्कूटी तेवरखास गांव के पास पहुंची। इसी बीच कंटेनर ने रौंद डाला। हादसे के बाद कंटेनर चालक कंटेनर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने कंटेनर को अपने कब्जे में ले लिया। वहीं जीवन की आस में सत्यवीर सिंह को साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लेकर पहुंची। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। भाई हादसे में घायल संत. राम को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया।

पति की मौत की खबर के बाद पत्नी मीनू के अलावा बेटे गब्बर और शिवम भी पहुंच गए। सभी का रो रोकर हाल हो गया।

## परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण

**कुंदरकी।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा संचालित हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षा केंद्र जे एल एम इण्टर कॉलेज का राज्य स्तरीय सचल दल उप शिक्षा निदेशक बेसिक अलीगढ़ मण्डल तथा जिला स्तरीय सचल दल सह जिला विद्यालय निरीक्षक मुरादाबाद शतानंद शर्मा ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा का शांतिपूर्वक संचालन हो रहा था। दोनो ही अधिकारियों ने केन्द्र व्यवस्थापक रफत अली खान,परीक्षा प्रभारी तसलीम खघन तथा स्टाफ की कार्यशैली तथा परीक्षा के सकुशल संचालन पर संतोष जाहिर किया।

# होली के त्यौहार को लेकर अधिकारियों ने किया रूट का भ्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** होली के त्यौहार को लेकर अधिकारियों ने रूट का भ्रमण किया। इस बीच हाईवे पर अतिक्रमण जैसी स्थिति को भी चेक किया गया। बिलारी में होली का त्योहार, प्रेम उत्साह और सद्भाव के साथ मनाया जाता है।

होली के तीन जुलूस निकलते है, पहला जुलूस एकादशी का, जबकि दूसरा गुलाल का, तीसरा जुलूस रंग का जुलूस होता है। ऐसे में जुलूस के दौरान किसी भी तरह की कोई परेशानी ना हो लिहाजा जुलूस के रूट को चेक किया गया। रंग का जुलूस बिलारी की बाजार वाली मस्जिद से होकर गुजरता है। ऐसे में मुस्लिम समाज के लोगों पर रंग पड़ने जैसी संभावना होती है, लिहाजा मुस्लिम समाज के लोग भी मस्जिद पर रंग ना पड़े उसे पन्नी आदि से ढक देते हैं और नगर के कुछ लोगों को व्यवस्था में जुटा देते हैं ताकि किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो। लिहाजा इसी सावधानियां को बरतने के लिए नगर में रूट मार्च निकाला गया। एसडीएम विनय कुमार सिंह के साथ एएसपी आईपीएस सोनाली, पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश तिवारी के अलावा व्यापार मंडल



के अध्यक्ष संजय जैन, कोतवाली प्रभारी सत्येंद्र सिंह, कस्बा इंचार्ज यशवीर सिंह के अलावा नगर पालिका से निर्माण लिपिक संजय सक्सेना आदि के अलावा भारी तादात में पुलिस बल भी मौजूद रहा। इस बीच साफ सफाई के अलावा पानी की पर्याप्त व्यवस्था करने और जो विद्युत केबल नीचे लटक रहे हैं या जर्जर है और ठीक करने के निर्देश भी एसडीएम विनय कुमार सिंह ने दिए।

## एक नजर

### भारतीय किसान यूनियन मुलायम के राष्ट्रीय सचिव बने इरशाद हुसैन

**बिलारी।** भारतीय किसान यूनियन मुलायम के राष्ट्रीय अध्यक्ष नेम सिंह उर्फ राजेश यादव ने इरशाद हुसैन को राष्ट्रीय सचिव की जिम्मेदारी सौपीं है। इसके बाद उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई, सभी ने उनके फूल मालाओं से लादकर जोरदार स्वागत किया। मंगलवार को नगर के मोहल्ला अंसारियान निवासी इरशाद हुसैन पुत्र रमजानी को भारतीय किसान यूनियन मुलायम का राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया गया, संगठन के अनेक पदाधिकारियों ने नवनियुक्त राष्ट्रीय सचिव का फूल मालाओं से लादकर जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर नवनियुक्त राष्ट्रीय सचिव इरशाद हुसैन ने कहा कि वह संगठन की मजबूती के लिए तन मन से मेहनत करेंगे और संगठन के प्रति सदैव तैयार रहेंगे। इस दौरान मुख्य रूप से राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव चौधरी मुमताज आलम, युवा राष्ट्रीय महासचिव खेमपाल यादव, युवा जिला अध्यक्ष बिलाल अकबर अंसारी आदि पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

### आठ मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत पहुंचकर वादों का करें निस्तारण

**चन्दौसी।** 08 मार्च को जनपद न्यायालय संभल स्थित चन्दौसी में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है जिसमें किसी व्यक्ति से सम्बन्धि से बाइक चालान, बैंक व अन्य सम्बन्धित वादों को निस्तारण किया जायेगा। आयोजित लोक अदालत में पहुंचकर पक्षकार अपने वाद का निस्तारण करा सकता है या फिर किसी के द्वारा बैंक से लोन के संबंध में नोटिस आया हो अर्थात् खाता एनपीए हो गया हो, उस वाद का निस्तारण लोक अदालत में लगे स्टालों पर बैठकर किया। यहां बताते चलें कि काफी संख्या में लोग ऐसे जो बैंक से ऋण लेकर उनकी किश्त अदायगी नहीं हो पाती, खाता एनपीए हो जाता है उनसे सम्बन्धित डिफॉल्ट वादों का राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक ग्राहक की सहमति से जनपद न्यायालय के अंदर वादों का निस्तारण किया जायेगा।

### रामबाग रोड स्थित हरिबाबा समाधि पर बांटा खीर का प्रसाद

**चन्दौसी।** रामबाग रोड स्थित हरिबाबा की समाधि पर जहां विभिन्न अवसरों पर भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाता है। मंगलवार को समाधि पर सेवादारों द्वारा खीर पूड़ी प्रसाद का वितरण किया गया। बाबा के भक्त सोनी.



सिंह, रवि श्रीवास्तव, छोटू श्रीवास्तव, मोहित, महेन्द्र पाल श्रीवास्तव आदि भक्तों द्वारा प्रातः 08 बजे से समाधि पर भजन कीर्तन किया गया। तत्पश्चात् रामबाग रोड स्थित श्रीअक्रूरजी पुरम के सामने स्टाल लगाकर खीर पूड़ी का प्रसाद सैकड़ों राहगीरों को वितरित किया गया।

### कैथल में जलभराव वाले स्थान पर बनाया जा रहा सीसी रोड

**चन्दौसी।** कैथल-शमसोई रोड का चौड़ीकरण किया जा रहा है। पिछले दो माह से निर्माण कार्य चल रहा है। इस बार चारकोल की जगह सीमेंटड सड़क का निर्माण किया जा रहा है जिससे बारिश के मौसम में सड़क खराब न हो। फिलहाल लगातार सड़क मशीनों की सहायता से तैयार की जा रही है। कैथल में बाजार के बाद सड़क काफी मोटी सीमेंट सरिया से निर्माण किया जा रहा है। दोनों ओर डेढ़ मीटर से अधिक चौड़ी की गयी है। अब जहां वाहनों को आने-जाने में सुविधा होगी। वहीं नवनिर्मित सड़क से चन्दौसी, कैथल, सैदपुर, फतेहपुर शमसोई को इसका सीधा लाभ मिलेगा।



हर्बल इम्यूनिटी बूस्टर
थकान, कमजोरी दूर करें, अनेक रोगो से बचाए
1980 से प्रसिद्ध
एनर्जिक-31
स्वास्थ्यवर्धक कैप्सूल
amazon पर भी उपलब्ध है
फोन नं0 0591-3554385 E-mail:energic31@gmail.com



# आईएफटीएम में 'उद्यमिता पर अनुभव साझा करना' विषय पर हुआ व्याख्यान का आयोजन

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी द्वारा इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, रुड़की स्थित फर्मेंटेक लैब एवं आईएफटीएम बिजनेस इनक्यूबेशन फाउंडेशन के सहयोग से "जैव प्रौद्योगिकी और जीवन विज्ञान में स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र एवं स्व-उद्यमिता पर अनुभव साझा करना" विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। इस अतिथि व्याख्यान में इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, रुड़की स्थित फर्मेंटेक लैब के फाउंडर एंड सीईओ डॉ. सिद्धार्थ अरोरा ने बतौर प्रख्यात वक्ता स्टार्टअप शुरू करने व उनसे होने वाले लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई। व्याख्यान के दौरान डॉ. अरोरा ने प्रतिभागी विद्यार्थियों को बायोटेक्नोलॉजी के क्षेत्र में देश-विदेश में विभिन्न अवसरों के बारे में प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने कहा कि एंटरप्रेन्योर बनना बेहद चुनौती भरा कार्य है। इस मौके पर कार्यक्रम के अध्यक्ष व स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी के निदेशक प्रो. तंजील अहमद ने डॉ. अरोरा को उनकी उपलब्धियों हेतु बधाई दी। उन्होंने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए यह भी कहा कि प्रख्यात वक्ता डॉ. अरोरा की सफलता विद्यार्थियों को एंटरप्रेन्योर बनने के प्रति अवश्य प्रेरित करेगी। कार्यक्रम के आयोजन सचिव व बायोटेक्नोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. स्वप्न कुमार श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। व्याख्यान के सफल आयोजन में कार्यक्रम संयोजक डॉ. उत्कर्ष त्यागी समेत डॉ. अंकित अग्रवाल, डॉ. अंकित कुमार एवं डॉ. मीतू सैनी आदि फैकल्टी मैम्बर्स का योगदान रहा।



# अवकाश के सहारे नौकरी चला रहे शिक्षामित्रों की संविदा समाप्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी। प्राथमिक** विद्यालयों में शिक्षामित्रों को तैनात किया गया था कि अध्यापकों की कमी नहीं खलेगी लेकिन कुछ शिक्षामित्रों ने इस नौकरी को ठेकेदारी मान लिया। स्कूल में न जाना और हाजिरी लगा देना या फिर छुट्टी लेकर घर पर कार्य करना शिक्षामित्रों की प्राथमिकता रहती। आखिर अब योगी सरकार ने प्राथमिक विद्यालयों में तैनात 270 शिक्षामित्रों की संविदा समाप्त करने के आदेश जारी किए हैं। यह शिक्षामित्र अवैतनिक अवकाश के नाम पर शिक्षामित्रों ने स्कूल आना बंद कर दिया जिसको लेकर प्राथमिक शिक्षा विभाग लगातार शिकायत आ रही थीं कि शिक्षामित्र स्कूल नहीं आते जिनका संज्ञान लेते हुए उ0प्र0 महानिदेशक स्कूली शिक्षा कंचन वर्मा ने बड़ी कार्यवाही की है। उन्होंने अवैतनिक अवकाश के सहारे नौकरी कर रहे 270 शिक्षामित्रों की संविदा समाप्त करने के आदेश कर दिये हैं। बता दें कि ये शिक्षामित्र अलग-अलग जनपदों में तैनात हैं। मामले जांच कराई गई तो खुलासा हुआ कि कुछ शिक्षामित्र लंबे समय से गायब हैं या फिर स्कूल नहीं आते हैं। चार-चार दिन गायब रहने के बाद अपनी उपस्थिति दर्ज करा देते हैं। फिलहाल, लखनऊ, सीतापुर, हरदोई, उन्नाव, लखीमपुर खीरी और रायबरेली में ऐसे तैनात 270 शिक्षामित्रों की संविदा समाप्त करने का आदेश दिया गया है।

# राजकीय महाविद्यालय भोजपुर में रोवर-रेंजर प्रशिक्षण शिविर का हुआ शुभारंभ

**भोजपुर।** राजकीय महाविद्यालय में मंगलवार को रोवर-रेंजर इकाई द्वारा आयोजित पांच दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। शिविर का उद्देश्य छात्रों में सेवा, नेतृत्व, अनुशासन एवं सामा. जिक जागरूकता की भावना विक. सित करना है। पहले दिन विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें ध्वजारोहण ,सैल्यूट, स्काउट क्लैप, प्रार्थना, झंडा गीत, प्रतिज्ञा, उद्देश्य, पद्धति रोवर-रेंजर नियमों की जानकारी, टीम वर्क संबंधी अभ्यास और समाज सेवा से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई। रोवर्स रेंजर्स प्रशिक्षकों ने अपने उद्बोधन में कहा कि रोवर-रेंजर गतिविधियाँ विद्यार्थियों में आत्मनिर्भरता और समाज के प्रति उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित करती हैं।

रोवर प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह ने शि. विर की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि आगामी दिनों में रोवर्स एवं रेंजर्स के लिए आपदा प्रबंधन, प्राथमिक उपचार, पर्यावरण संरक्षण तथा समाज सेवा से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकगण, रोवर-रेंजर इकाई के सदस्य एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। शिविर के अंत में धन्यवाद ज्ञापन रेंजर प्रभारी मधु त्यागी द्वारा किया गया।

# उमरा कराने के नाम पर अरब में भीख मंगवाने का प्रयास, मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** उमरा कराने के नाम से भीख मंगवाने के उद्देश्य से तीन लोगों को धोखे से अरब ले जाने के आरोप में पीडित ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर की शिकायत। नगर के वार्ड नं 21 निवासी एक व्यक्ति ने मंगलवार को मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करते हुए कहा है कि वह एक विकलांग व्यक्ति है। आरोप है कि लगभग 6 माह पहले उसके पड़ोस में रहने वाले दो सगे भाई उसके पास आये और उससे कहा कि हमारे पाकबड़ा निवासी बहनोई गरीब लोगों को अमीर लोगो की मदद से बिल्कुल मुफ्त में हज व उमराह के लिए भेजते हैं। इस बात पर भरोसा करते हुए उसने अपना पासपोर्ट दोनो भाइयों को दे दिया तब उक्त लोग उसे व उसके दो विकलांग साथी गुलशेर व आरिफ को भी मदीना ले गए जंहा जाते ही उक्त लोगो ने उनके पासपोर्ट व मोबाइल फोन छीन लिए और एक कमरे में बंद कर दिया। आरोप है कि उक्त लोगो ने उनके साथ गाली गलौज करते हुए कहा कि तुमसे यंहा भीख मंगवानी है और अगर कुछ कहा तो तुम्हारी आंख फोड़कर भीख मंगवाएंगे। पीडिघ्त का कहना है कि बाद में किसी तरह वह तो इनके चंगुल से निकल कर भारत आ गया लेकिन बाकी दोनों विकलांग अभी भी इन्ही लोगों के कब्जे में हैं और अब आरोपी उसे जान से मारने की धमकियां दे रहे हैं। वही पीडित ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर के उक्त लोगो के खिलाफ कार्यवाही कराए जाने की गुहार लगाई है।

## पैदल जा रहे युवक को बाइक सवार ने मारी टक्कर

**ठाकुरद्वारा।** तेज रफ्तार बाइक सवार ने पैदल जा रहै युवक को जोरदार टक्कर मार दी जिसमें युवक घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए108 एम्बुलेंस की मदद से नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर बताते हुए प्राथमिक उपचार करने के लिए भर्ती कराया है। मंगलवार अब्दुल्लापुर लेदा निवासी मोहम्मद आकिब पुत्र मोहम्मद उमर किसी काम से पैदल जा रहा था इसी दौरान थाना डिलारी के गांव रेहटा माफी निकट कपिल चौहान पुत्र हरपाल सिंह तेज रफ्तार बाइक सवार ने पैदल चल रहै आकिब को जोरदार टक्कर मार दी जिसमें आकिब गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर 108 एम्बुलेंस ईएमटी विजय कुमार व पायलट सचिन कुमार ने घायल को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया हैं।

# दिन दहाड़े बैंक ग्राहक सेवा केंद्र संचालक के साथ लूटपाट

**विरोध करने पर धारदार हथियार से किया हमला**

**डिलारी।** थाना क्षेत्र के गांव शोदासपुर स्थित गंभीर रूप से घायल ,पुलिस चौकी जलालपुर के ठीक सामने ,गांव कूरी में बदमाशों ने कहर बरपा दिया ,बैंक ग्राहक सेवा केंद्र संचालक को निशाना बनाते हुए कीमती सामान समेत नकदी लूट कर ले गए ,घटना से हड़कंप मच गया ,गांव सौदासपुर निवासी युवक कमलकांत प्रतिदिन की भांति मंगलवार को सुबह 900 बजे प्रथमा यूपी ग्रामीण ग्राहक सेवा केंद्र ,पड़ोसी चौराहे कूरी पर गया हुआ था ,जैसे ही दुकान का शटर खोलकर अंदर को गया ,पीछे से बुलेट बाइक पर आए तीन नकाबपोश बदमाशों ने शटर बंद करके कमलकांत को पीटने लगे धारदार हथियार से गर्दन पर प्रहार किया ,जिससे कमलकांत लहूलुहान बेहोश होकर नीचे गिर गया ,बदमाशों ने एक लैपटॉप ,मोबाइल सेट ,बैंक के जरूरी कागजात ,आधार कार्ड ,एक लाख का कैश बैग में रखें ले गए । अवैध हथियार लहराते हुए लूट कर ले गए गांव के लोग बदमाशों का मुकाबला करने की हिम्मत नहीं जुटापाये पाए ,दिनदहाड़े की घटना से पुलिस में हड़कंप मच गया ,सनसनीखेज घटना से गांव में अफरा तफरी मच गई ,भीड़ एकत्र हो गई ,कमलकांत के घर से ग्राहक सेवा केंद्र का 500 मीटर का फासला पुलिस चौकी जलालपुर के ठीक सामने घटनास्थल पर क्षेत्र वासियों ने एकत्र होकर पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए हंगामा प्रदर्शन करना शुरू कर दिया ,परिजनों ने घायल को उठाकर मुरादाबाद स्थित निजी चिकित्सालय में भर्ती कर दिया ,जहां घायल की हालत चिंता जनक बनी हुई है ,सूचना पाकर एसपी ग्रामीण ,पुलिस क्षेत्राधिकार ठाकुरद्वारा घटनास्थल पर पहुंचे ,थाना प्रभारी डिलारी योगेंद्र कुमार ने बताया कि पटना की जांच पड़ताल की जा रही है ,

# आगामी त्यौहारों को लेकर कोतवाली में हुई बैठक

**चन्दौसी।** होली पर्व व रमजान माह को लेकर मंगलवार को कोतवाली में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सीओ आलोक सिद्धू व इंस्पेक्टर मोहित कुमार द्वारा शहर के गणमान्य लोगों को बुलाकर शांति व्यवस्था हेतु चर्चा की गई। यहां बताते चलें कि इस बार होली पर्व व रमजान माह एक साथ है। इसको लेकर हिंदू मुस्लिम दोनों पक्षों के गणमान्य लोग कोतवाली में बुलाये गये और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। सीओ ने कहा कि सभी लोग त्यौहार मिलजुलकर मनायें। कोई ऐसी नई परंपरा शुरु न करें जिससे किसी को परेशानी हो। हालांकि चन्दौसी शांतिप्रिय कस्बा है। सभी वर्गों के लोग एक साथ मिलकर त्यौहार मनाते हैं। बैठक में योगेश गोल्डन ने कहा कि होली पर्व पर




पानी व बिजली की व्यवस्था दुरुस्त रहनी चाहिए। वहीं सफाई व्यवस्था चाक-चौबंद रहनी चाहिए। बैठक में उमेश सैनी, अजय कुमार, देवप्रकाश गौड़, अतुल चौहान, सुक्खी सिंह, नक्षत्र विजय अग्रवाल, सभासद अमन कोरी, सतीश, प्रेम ग्रोवर, सुशीला वार्ष्णेय, तरुण नीरज, विनय सर्राफ, नीरज रस्तोगी, संजीव रस्तोगी, शाहआलम आदि मौजूद रहे।

## होली एवं रमजान को शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**भोजपुर।** होली एवं ईद उल फितर के पर्व को शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न कराने के लिए भोजपुर पुलिस ने कमर कस ली है। रमजान मुबारक के महीने में क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक ने अधीनस्थों को साथ लेकर कस्बे के मुख्य मार्गो,मौहल्ला घासमंडी,बस स्टैंड, बड़ी मंडी, सब्जी मंडी, प्राचीन शिव मंदिर, गढ़ी, बगिया वाला,जानेवाला, फतेहपुरी, मलिन बस्ती आदि में गस्त कर आमजन को सुरक्षा प्रदान करने का भरोसा दिलाया। और सुरक्षा का संदेश दिया। इस दौरान उनके साथ उप निरीक्षक शराफत हुसैन, रामकुमार,महेश पाल,अनिल गोस्वामी, पंकज कुमार राठी एवं हेड कांस्टेबल और सिपाही मौजूद थे।

# प्रयागराज से पवित्र गंगाजल लेकर फायरबिग्रेड पहुंची चन्दौसी

**चन्दौसी।** प्रदेश के मुखिया सदैव प्रदेश हित की बात करते हैं उनके अथक प्रयास से 144 वर्षों बाद आने वाले महाकुंभ का आयोजन प्रयागराज की पवित्र धरती पर देश-विदेश के लोगों ने अमृत जल में डुबकी लगायी, व्यवस्था ऐसी की गयी कि जिससे पूरे देश-विदेश से आने वाली भीड़ को नियंत्रित किया जा सके जहां प्रदेश के मुखिया ने लगभग 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान था। वहीं उसके डेढ़ गुने से अधिक श्रद्धालुओं द्वारा पवित्र अमृत स्नान में डुबकी लगाकर पुण्य प्राप्त किया। वहीं देश-विदेश से तमाम साधुसंतों ने अपने-अपने अखाड़ों के अंतर्गत स्नान किया। यहां बताते चलें कि देश-विदेश की तमाम सेलेब्रिटी प्रयागराज महाकुंभ में स्नान करने पहुंचे। यह आंकड़ा 65 करोड़ तक पहुंच गया जो उत्तरप्रदेश की जनसंख्या से तीन गुना हुआ। वहीं उसके उपरांत भी बहुत ऐसे लोग भी थे जो सिकी कारणवश महाकुंभ स्नान में सम्मिलित नहीं होने से वंचित रह गये। योगी आदित्यनाथ ने उन सभी लोगों तक गंगाजल पहुंचाने का निर्णय लिया गया। उसके लिए तहसील स्तर से लेकर गांव-गांव तक पवित्र जल पहुंचाने के लिए प्रयागराज बुलायी गयी। फायरबिग्रेड गाडिघ्यों में महाकुंभ का पवित्र जल भरवाकर कूच किया। वहीं सभी प्रदेश वासियों के दिल छू लेने वाला सामने आया कि प्रदेश के मुखिया सनात. नियों से लेकर आम लोगों का कितना ख्याल रखते हैं। सोमवार को यह फायर बिग्रेड की गाडिघ्यां



चन्दौसी पहुंचीं जहां तहसीलदार धीरेन्द्र सिंह, राजस्वकर्मी अतुल पाठक, वरुण सक्सैना, शिवओम शर्मा, गोपाल, संजीव कुमार आदि मौजूद रहे। बता दें कि चन्दौसी के मूंछो वाले शिव मंदिर पहुंचकर महाकुंभ गंगाजल का वितरण किया गया। शहर के विभिन्न मंदिरों पर गंगाजल वितरण करते हुए रामबाग धाम पहुंचे जहां लोगों ने गंगाजल को लिया। यहां से टीम कैथल, आटा, मझावली से होते हुए बहजोई पहुंची जहां रेलवे स्टेशन पर स्थित मंदिर पर प्रयागराज से लाया गया जल वितरित किया गया।

# सम्पादकीय

बुधवार , 5 मार्च 2025

## नाजुक दौर में दुनिया

इस समय दुनिया बेहद नाजुक दौर से गुजर रही है। चारों ओर चुनौतियां ही चुनौतियां दिखाई दे रही है विडंबना यह है कि इन समस्याओं का कोई और छोर दिखाई नहीं दे रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर पूरे विश्व की निगाहें लगी थी, यह जानने के लिए की 20 जनवरी 2024 को शपथ लेने के बाद वह किस तरह के फैसले लेते है, यह देखकर और भी कि ट्रम्प का कहना था कि जैसे ही वह सत्ता में आएंगे रूस-यूक्रेन युद्ध व इजरायल-हमास के बीच संघर्ष उनकी प्राथमिकता में होगा। वह यहां तक कहते थे कि किसी भी कीमत पर वह शांति स्थापित करने में सफल होंगे। उनकी बातों को उस समय बल मिल गया जब शपथ एक दिन पूर्व हमास व इजरायल के बीच सीजफायर हो गया। ट्रम्प ने शपथ लेने के बाद रूस से भी बातचीत शुरू की और दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडल ने यह बातचीत सऊदी अरब की राजधानी रियाद व उसके बाद तुर्की की राजधानी इस्तांबुल में की इस बीच गत शुक्रवार को सीधी बातचीत अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प व यूक्रेन के राष्ट्रपति वलादिमिर जेलेंस्की के बीच वार्ता वॉशिंगटन में हुई, जोकि पूरी तरह असफल रही। वह इस हद तक असफल रही कि इसने शांति प्रक्रिया की गाड़ी को सीधे पटरी से उतार दिया। सितम देखिए जो यूरोप-नाटो अमेरिका के साथ हमेशा कंधे से कंधा मिलाकर लड़ते आए है। एकाएक बदलते नाटकीय घटनाचक्र में एक-दूसरे के सामने खड़े दिखाई दे रहे है। वहीं अमेरिका अपने दुश्मन रूस के साथ खड़ा दिखाई दे रहा है। यह वहीं अमेरिका है जो तीन साल तक रूस-यूक्रेन संघर्ष में राष्ट्रपति बाइडन की छत्रछाया में यूक्रेन के साथ पूरी ताकत के साथ खड़ा दिखाई दिया, लेकिन ट्रम्प के सत्ता सम्भालते ही सब कुछ उलट-पुलट हो गया। लगता है डोनाल्ड ट्रम्प कुछ ज्यादा ही तेजी में है जिस तरह वह ताबड़तोड़ एक के बाद एक विवादस्पद व कठोर फैसले ले रहे है उससे लगता है तो वह अमेरिका को रातों रात अमेरिका को बुलंदी की नई ऊंचाई पर ले जाना चाहते है। जहां तक बात ट्रम्प की चाहत की है इससे भला किसी को क्या आपत्ति हो सकती है। हर शासक चाहता है कि उसके नेतृत्व में देश नई ऊंचाई को छुए ऐसे में अगर ट्रम्प भी ऐसा सोचते है तो इसमें गलत कुछ भी नहीं, लेकिन जब कोई शासक हड़बड़ी में दिखाई देता है और वह शासक भी अमेरिकी शक्तिशाली देश का हो, तो कई सवाल खड़े हो जाते है। यहीं कारण है आज अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के फैसले को लेकर दुनिया काफी आश्चर्यचकित दिखाई दे रही है अमेरिकी राष्ट्रपति एक के बाद एक फैसलों से बड़ी विचित्र सी स्थिति पैदा कर रहे है। किसी की समझ में नहीं आ रहा है कि आखिर डोनाल्ड ट्रम्प वास्तव में चाहते क्या है, कोई यह भी नहीं समझ पा रहा है कि वह कब क्या फैसला ले लें। यही कारण है न तो अब तक रूस-यूक्रेन युद्ध पर कोई फर्क पड़ता दिखाई दे रहा है और हमास-इजरायल संघर्ष विराम समझौता भी टूटता दिखाई दे रहा है।

## आंतरिक सुरक्षा और बाह्य सुरक्षा दोनों अलग-अलग नहीं



**सुरक्षा** से संबंधित मौजूदा जटिल परिदृश्य की चुनौतियों को देखते हुए आंतरिक और बाहरी सुरक्षा से निपटने वाली सुरक्षा एजेन्सियों के बीच परस्पर सहयोग और तालमेल बेहद जरूरी है, आंतरिक सुरक्षा और बाह्य सुरक्षा दोनों अलग-अलग नहीं है, इन दोनों को अलग-अलग करके, नहीं देखा जा सकता है, ये एक ही सिक्के के दो पहलू हैं, जरूरी यह है कि आंतरिक और बाह्य चुनौतियों के बदलते स्वरूप को देखते हुए हम सुरक्षा नीतियों को भी उसी प्रकार से ढालें, यह जरूरी है कि उपलब्ध संसाधनों का अधिक से अधिक इस्तेमाल किया जाए और संस्थाएं अकेले नहीं, बल्कि एक दूसरे के साथ सहयोग के दृष्टिकोण से काम करें, अभी हाइब्रिड वारफेयर, साइबर और अंतरिक्ष आधारित चुनौतियों जैसे गैर पारंपरिक खतरे सामने आ रहे हैं और इनके कारण सुरक्षा संबंधी परिदृश्य इतना जटिल हो गया है कि इससे निपटने के लिए डीआरडीओ, केन्द्रीय पुलिस बलों और अन्य संस्थाओं के बीच सहयोग जरूरी बन गया है।

**राजनाथ सिंह**
**रक्षा मंत्री**

# पार्टी के गिरते ग्राफ से चिंतित तो नहीं मायावती



अशोक भाटिया

> आकाश आनंद को हटाने के पीछे सारी जिम्मेवारी उनके ससुर अशोक सिद्धार्थ की है, अशोक ने पार्टी को नुकसान पहुंचाने के साथ ही साथ आकाश के राजनीतिक कैरियर को भी खराब कर दिया है, आकाश के स्थान पर उनके छोटे भाई आनंद कुमार ही पार्टी का सभी कार्य करते रहेंगे, आनंद को पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के साथ ही साथ राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर भी बनाया गया है

बहुजन समाज पार्टी के राज्य कार्यालय में रविवार को बसपा प्रमुख मायावती ने बैठक में बड़ा फैसला लिया। उन्होंने अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी के सभी पदों से हटा दिया । उनकी जगह पर अपने भाई आनंद कुमार और रामजी गौतम को पार्टी का राष्ट्रीय कोओर्डिनेटर बनाया गया है। इनके जिम्मेदारियों के बारे में भी बताया गया।मायावती ने अपने बयान में कहा कि आकाश आनंद को पार्टी के सभी पदों से हटा दिया गया है। आकाश आनंद को हटाने के पीछे इसकी सारी जिम्मेवारी उनके ससुर अशोक सिद्धार्थ की है। अशोक ने पार्टी के नुकसान पहुंचाने के साथ ही साथ आकाश के राजनीतिक कैरियर को भी खराब कर दिया है। आकाश के स्थान पर




उनके छोटे भाई आनंद कुमार ही पार्टी का सभी कार्य करते रहेंगे। आनंद पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के साथ ही साथ राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर भी बनाया गया है। उनका पूरा सहयोग करने के लिए रामजी गौतम को भी नेशनल कोओर्डिनेटर की जिम्मेदारी दी है। इन दोनों में से आनंद कुमार का प्रमुख कार्य दिल्ली में अधिक रहकर पार्टी का पूरा पेपर वर्क अन्य जरूरी कार्य देखेना होगा। साथ ही पूरे देश में अपना सम्पर्क बनाकर रखेंगे। वहीं रामजी गौतम पूरे देश और हर राज्यों में जाकर पार्टी की प्रगति रिपोर्ट लेंगे। पार्टी के जनाधार को भी बढ़ाने के लिए उनके द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन कराएंगे।

बसपा चीफ ने साल 2019 में आनंद को पार्टी का राष्ट्रीय समन्वयक बनाया था। वहीं, अपने ही भाई को पार्टी के उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी थी। अब इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा जा रहा है कि ताजा फैसले के जरिए मायावती संदेश देना चाहती हैं कि बसपा का मिशन उनके परिवार से पहले आता है।इसके अलावा कहा यह भी जा रहा है कि दोनों को पद दिए जाने के बाद मायावती पर वंशवाद फैलाए जाने के आरोप लग रहे थे। रिपोर्ट के अनुसार, पार्टी के अंदरूनी सूत्र बताते हैं कि बसपा के वरिष्ठ नेताओं का एक वर्ग आनंद के बढ़ते कद से खास खुश नहीं था।

उत्तरप्रदेश की नगीना सीट से सांसद चंद्रशेखर आजाद दलित युवाओं में खासे लोकप्रिय हैं। साथ ही वह पार्टी के नाम के साथ ही इस बात पर दावा पेश करते नजर आ रहे हैं कि वह ही कांशीराम की राजनीतिक विरासत के उत्तराधिकारी हैं। अब कहा जा रहा है कि आनंद को पद से हटाए जाने के जरिए मायावती यह दिखाने की कोशिश में भी हैं कि वह कांशीराम की विरासत की असली उत्तराधिकारी हैं। बताया तो यह भी जा रहा है कि बहुजन समाज पार्टी का किला लगातार ढहता जा रहा है। लोकसभा चुनाव 2024 में बहुजन समाज पार्टी 10 सीटों से शून्य पर आ गई। इसके बाद उत्तर प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हुआ, इसमें भी पार्टी का खाता तक नहीं खुला। हरियाणा, झारखंड, महाराष्ट्र, जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में भी बसपा की हालत खराब ही रही। दिल्ली विधानसभा चुनाव में पार्टी कुछ खास नहीं कर पाई। पार्टी के खराब प्रदर्शन के पीछे राजनीतिक विश्लेषक सबसे बड़ा कारण पार्टी से नेताओं की विदाई मान रहे हैं। उनका मानना है कि अब पार्टी के पास पहले जैसे कद्दावर नेता बचे नहीं हैं। यही वजह है कि पार्टी को इसका लगातार नुकसान उठाना पड़ रहा है।साथ ही बसपा के खराब प्रदर्शन से पार्टी के अस्तित्व पर संकट खड़ा हो गया है।

गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश में जो पहले कभी नहीं हुआ था वह पहली बार बहुजन समाज पार्टी ने साल 2007 में अकेले दम पर कर दिखाया था। बीएसपी ने 212 सीटों के प्रचंड बहुमत के साथ उत्तर प्रदेश की सत्ता पर अधिकार जमाया। इससे पहले भी तीन बार बीएसपी सुप्रीमो मायावती विभिन्न पार्टियों के सहयोग से सरकार बनाती रहीं, लेकिन चौथी बार जब मायावती की सरकार बनी तो किसी भी दल की जरुरत बीएसपी को नहीं पड़ी। हालांकि 2012 आते-आते पार्टी का ग्राफ गिरने लगा।

चाहे लोकसभा चुनाव हो या फिर विधानसभा, पार्टी को उम्मीद के मुताबिक सफलता नहीं मिली। 2019 में बहुजन समाज पार्टी ने समाजवादी पार्टी के साथ मिलकर चुनाव लड़ा और 10 सीट पाने में कामयाब हुई। एक समय पार्टी में नसीमुद्दीन सिद्दीकी और इंद्रजीत सरोज का जलवा था। पर 2022 में उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव हुआ। पार्टी ने अकेले दम पर चुनाव लड़ा। बलिया की रसड़ा विधानसभा सीट को छोड़ पार्टी कहीं भी नहीं जीत पाई। रसड़ा के बारे में माना जाता है कि यहां से विधायक उमाशंकर सिंह निर्दलीय भी लड़े तो भी जीतने में सक्षम हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में फिर से पार्टी ने अकेले लड़ने का फैसला किया।




लेकिन पार्टी का खाता तक नहीं खुला।

बहुजन समाज पार्टी की उत्तर प्रदेश में चार बार सरकार रही। बसपा सुप्रीमो मायावती का टेरर इस कदर था कि पार्टी के नेता और सरकारी अधिकारी उनसे घबराते रहे। पार्टी में उस समय ऐसे कद्दावर नेता थे जो दूसरी पार्टियों में नहीं थे। इनमें नसीमुद्दीन सिद्दीकी को मायावती के बाद दूसरे नंबर का माना जाता था।आरके चौधरी का नाम बसपा के बड़े नेताओं नें शामिल था। पार्टी से बाहर होने के बाद सपा से सांसद हैं। स्वामी प्रसाद मौर्य, रामअचल राजभर, बाबू सिंह कुशवाहा, इंद्रजीत सरोज, आरके चौधरी, लाल जी वर्मा और अशोक सिद्धार्थ जैसे बड़े नेता पार्टी में थे। सिर्फ उत्तर प्रदेश ही नहीं देशभर में पार्टी का दबदबा था। धीरे-धीरे पार्टी के नेताओं पर अनुशासनहीनता का आरोप लगाते हुए बीएसपी सुप्रीमो ने एक्शन लेना शुरू किया और उन्हें पार्टी से बाहर कर दिया। ज्यादातर नेताओं ने समाजवादी पार्टी का दामन थाम लिया और वर्तमान में विधायक, सांसद और राष्ट्रीय महासचिव तक बने हुए हैं, जबकि बहुजन समाज पार्टी की स्थिति यह हो गई है कि मायावती के बाद कोई ऐसा नामचीन चेहरा पार्टी में नहीं रह गया है जो जनता से सीधे तौर पर जुड़ा हो। गौर करने वाली बात यह भी है कि बसपा सुप्रीमो मायावती चुनाव में गिनी चुनी जनसभाएं ही करती हैं, जिसके चलते जनता पर उसका प्रभाव भी नहीं पड़ रहा है। यही वजह है कि देशभर में लोकसभा और विधानसभा चुनाव लड़ने के बाद भी पार्टी की एक भी सीट नहीं निकल पा रही है।बसपा सुप्रीमो मायावती अपने सख्त एक्शन के लिए हमेशा से जानी जाती हैं। बुधवार (12 फरवरी) को भतीजे आकाश आनंद के ससुर अशोक सिद्धार्थ पर कार्रवाई कर नेताओं को एक बार फिर कड़ा संदेश दिया था कि पार्टी में अनुशासनहीनता बिल्कुल बर्दाश्त नहीं होगी, फिर चाहे कोई कितना भी करीबी क्यों न हो।मायावती ने पार्टी से भतीजे आकाश आनंद के ससुर अशोक सिद्धार्थ को बाहर कर दिया था। मायावती की कार्रवाई का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि जब लोकसभा चुनाव के दौरान भतीजे आकाश आनंद ने सीतापुर में रैली के दौरान कुछ ऐसा भाषण दिया जो मायावती को नागवार गुजरा। इसके बाद उन्होंने अपने भतीजे पर ही कार्रवाई कर दी। पार्टी का उत्तराधिकारी घोषित करने के बाद उनसे यह अधिकार वापस ले लिया।

**( वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार, लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार )**

# जिद्दी से जिद्दी चर्बी होगी गायब, वजन को कम करेंगी ये तीन चीजें

> वजन को कम करने के लिए लोग क्या-क्या नहीं करते? हालांकि, आप नहीं जानते हैं कि आपकी किचन में रखी ये तीन चीजें वजन को कम करने में मदद करती है, तो चलिए आप कैसे अपना वजन को कम कर सकते हैं

खराब लाइफस्टाइल और गलतखान के कारण आजकल लोगों में वेट लॉस की समस्या बढ़ती जा रही है। अनहेल्दी खानपान और तनाव के कारण लोग मोटापे की समस्या से जूझ रहे हैं। ऐसे में किचन में रखी 3 चीजें आपके शरीर का फैंट तुरंत गायब कर देंगी। पानी में मिला लीजिए ये 3 चीजें देखें कैसे फैट बर्न होता है। ये घरेलू नुस्खे न सिर्फ वजन घटाने में मदद करता है। आइए जानते है कैसे इन 3 चीजों से वेट लॉस किया जा सकता है।



### 1 नींबू पानी पिएं

क्या आप जानते हैं नींबू पानी से भी वजन घटाया जा सकता है? नींबू में विटामिन सी, एंटीऑक्सीडेंट्स और डिटॉक्सिफाइंग गुण होते हैं। यह शरीर से टॉक्सिंस को बाहर निकालने में मदद करते हैं। इसलिए आप सुबह खाली पेट गुनगुने पानी में नींबू का रस मिलाकर पीने से मेटाबॉलिज्म बूस्ट करता है, जिससे कैलोरी को बर्न करने में मदद करता है। नींबू पानी पीने से पाचन दुरुस्त रखता है और यह भूख को कंट्रोल करता है।

#### कैसे बनाएं

एक गिलास गुनगुने पानी में आधा नींबू को निचोड़ें और इसमें शहद मिलाए। फिर इसको खाली पेट पिएं और रोजाना नींबू पानी पिएं।

### 2 शहद पानी

शहद एक प्रकार से नेचुरल स्वीटनर है, मीठा होने के साथ ही हेल्थ के लिए काफी बढ़िया रहता है। शहद में कई पोषक तत्व पाएं जाते है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स और एंटीबैक्टीरियल गुण शरीर को डिटॉक्स करने में मदद करता है। शहद का पानी पीने से मेटाबॉलिज्म बढ़ता है, जोकि फैट को बर्न करता है।

#### कैसे बनाएं

सबसे पहले एक गिलास गुनगुने पानी में एक चम्मच शहद मिलाएं और इसे सुबह खाली पेट पिएं।

### 3 हल्दी पानी

हल्दी में एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट के गुणों से भरपूर होता है। इसमें मौजूद करक्यूमिन शरीर की चर्बी को कम करने में मदद करता है। हल्दी पानी पीने से शरीर का मेटाबॉलिज्म बढ़ता है और फैट सेल्स को बर्न करता है। हल्दी पाचन तंत्रको मजबूत करता है और शरीर से टॉक्सिंस को बाहर करता है।

#### कैसे बनाएं

सबसे पहले आप गुनगुने पानी में आधा चम्मच हल्दी पाउडर डालें और इसे अच्छे घोल लें। इसे सुबह खाली पेट पिएं।

#### इन बातों का रखें ध्यान

- यदि आपको कोई एलर्जी और स्वास्थ्य समस्या है, तो डॉक्टर की सलाह लें।
- अधिक मात्र में नींबू पानी और शहद पानी पीने से बचें, क्योंकि इससे एसिडिटी समस्या हो सकती है।
- हल्दी को कम मात्रा में ले। अधिक हल्दी के सेवन से पेट में गर्मी हो सकती है।

***डिस्क्लेमरः इस लेख के सुझाव सामान्य जानकारी के लिए हैं, इन सुझावों और जानकारी को किसी डॉक्टर या मेडिकल प्रोफेशनल की सलाह के तौर पर न लें, किसी भी बीमारी के लक्षणों की स्थिति में डॉक्टर की सलाह जरूर लें***

# भारतीय राजनीति में बुद्धिमान नहीं वफादार होना जरूरी



तनवीर जाफरी

> पिछले दिनों उन्होंने इंडियन एक्सप्रेस के मलयालम पॉडकास्ट से बातचीत के दौरान यह कह दिया की यदि कांग्रेस पार्टी को उनकी सेवाओं की जरूरत नहीं है, तो उनके पास 'विकल्प' हैं

> थरूर ने कहाः मेरे पास मेरी किताबें भाषण और पूरी दुनिया से बातचीत करने के लिए निमंत्रण है, थरूर के इस बयान से इन अटकलों को बल मिलना स्वाभाविक था कि क्या अब थरूर भी कांग्रेस को अलविदा कह सकते हैं

इन दिनों कांग्रेस पार्टी के नेता, पूर्व केंद्रीय मंत्री व तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस पार्टी के सांसद शशि थरूर को लेकर अटकलों का बाज़ार गर्म है। शशि थरूर संयुक्त राष्ट्र की नौकरी छोड़कर 2009 में कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए थे। उसके बाद वे लगातार चार बार केरल की तिरुवनंतपुरम सीट से लोकसभा सांसद निर्वाचित होते रहे हैं। पिछले दिनों उन्होंने इंडियन एक्सप्रेस के मलयालम पॉडकास्ट से बात चीत के दौरान यह कह दिया की यदि कांग्रेस पार्टी को उनकी सेवाओं की ज़रूरत नहीं है तो उनके पास 'विकल्प' हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अगर पार्टी उनका इस्तेमाल करना चाहती है तो वे पार्टी के लिए उपलब्ध रहेंगे। अन्यथा मेरे पास करने के लिए मेरी चीज़ें हैं। आपको नहीं सोचना चाहिए कि मेरे पास दूसरे विकल्प नहीं हैं। उन्होंने कहा कि मेरे पास मेरी किताबें, भाषण, और पूरी दुनिया से बातचीत करने के लिए निमंत्रण हैं। थरूर के इस बयान से इन अटकलों को बल मिलना स्वाभाविक था कि क्या अब थरूर भी कांग्रेस को अलविदा कह सकते हैं। इस ख़बर के साथ ही मीडिया में इस बात को लेकर भी



अटकलें लगाई जाने लगीं कि यदि थरूर कांग्रेस पार्टी छोड़ते हैं तो क्या वे भी भारतीय जनता पार्टी की शरण में जाएंगे? ख़ासकर पूर्व में उनके द्वारा भाजपा सरकार की कुछ नीतियों की तारीफ़ किए जाने से इन क़यासों को अधिक बल मिला। जैसे कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिका दौरे के समय राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से उनकी मुलाक़ात की प्रशंसा की।

उन्होंने मोदी के अमेरिका दौरे को काफ़ी अच्छा बताया। इसी तरह थरूर ने एफ़-35 लड़ाकू विमान को ख़रीदने में भारत की दिलचस्पी की तारीफ़ यह कहकर की कि ये विमान काफ़ी क़ीमती है। जबकि उन्हीं की पार्टी के नेता व कांग्रेस प्रवक्ता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने भारत सरकार द्वारा इस विमान को ख़रीदने में दिलचस्पी की आलोचना की। सुरजेवाला का कहना था, कि जिस एफ 35 को एलन मस्क 'कबाड़' बता चुके हैं उसे नरेंद्र मोदी ख़रीदने पर क्यों तुले हुए हैं। इसी तरह थरूर ने सोशल मीडिया एक्स पर केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और ब्रिटेन के व्यापार मंत्री जोनाथन रेनल्ड्स के साथ एक सेल्फ़ी पोस्ट करते हुए लिखा था कि 'लंबे समय से रुकी हुई एफ़टीए वार्ता फिर से शुरू हो गई है, जो स्वागत योग्य है।' बेशक सरकार के प्रति इस तरह के अप्रत्याशित वक्तव्य भाजपा के प्रति थरूर के सकारात्मक होने का संकेत दे रहे थे। परन्तु जब थरूर से भाजपा में शामिल होने की अटकलों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने स्वयं को एक 'क्लासिक उदारवादी' बताते हुए कहा कि-मैं सांप्रदायिकता का विरोध करता हूं और आर्थिक विकास के साथ-साथ सामाजिक न्याय में विश्वास करता हूं।

उन्होंने कहा कि हर पार्टी का अपना विश्वास और इतिहास होता है। अगर आप किसी दूसरी पार्टी के विश्वास को नहीं अपना सकते तो उसके साथ जुड़ना सही नहीं है। मुझे नहीं लगता कि यह सही है। वैसे भी जिस तरह 50 करोड़ की गर्ल फ्रैंड कहकर शशि थरूर को लेकर अपमान जनक टिप्पणी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अपने सार्वजनिक भाषण में की गई थी उसे देखकर भी नहीं लगता कि थरूर जैसा बुद्धिजीवी व संवेदनशील व्यक्ति कभी भाजपा में भी शामिल होगा।

परन्तु इन्हीं ख़बरों के बीच एक बार फिर इस बात पर भी बहस छिड़ गई है कि क्या राजनैतिक दलों में बुद्धिजीवियों की कोई महत्वपूर्ण भूमिका भी है? यदि थरूर के ही राज्य केरल में पिछले चुनावों के दौरान देखें तो भारत के एक प्रख्यात सिविल इंजीनियर, दिल्ली मेट्रो के निदेशक व पद्म तथा पद्म विभूषण जैसे अति प्रतिष्ठित सम्मानों के हासिल करने वाले ई श्रीधरन जिन्हें भारत के 'मेट्रो मैन' के रूप में भी जाना जाता है, को भाजपा द्वारा केरल का मुख्यमंत्री प्रचारित किया गया था। यह और बात है कि ई श्रीधरन स्वयं अपना चुनाव भी नहीं जीत सके। परन्तु क्या कोई जानता है कि आज ई श्रीधरन भाजपा में क्या भूमिका निभा रहे हैं? एक श्रीधरन ही नहीं भाजपा में ही लाल कृष्ण आडवाणी से लेकर यशवंत सिन्हा व अरुण शौरी जैसे अनेक नेताओं का जो हर्ष भाजपा में हुआ और हो रहा है वह किसी से छुपा नहीं है। क्या उनकी क़ाबलियत के अनुसार उनके व्यक्तित्व का इस्तेमाल किया गया? हां यदि एस जय शंकर,अश्वनी वैष्णव और हरदीप पुरी जैसे गिने चुने लोगों को ज़िम्मेदारियां दी भी गई हैं तो वे भी कितन स्वतंत्र हैं किसी से छुपा नहीं है। हां सत्ता प्रमुख, पूर्व नौकरशाह होने के नाते उनसे किसी तरह की 'ना' की उम्मीद तो कर ही नहीं सकते क्यों उन्होंने अपनी पूरी सेवा के दौरान केवल 'यस मिनिस्टर' ही तो कहा है ?

कमोबेश अधिकांश राजनैतिक दलों में यही स्थिति है। जहां पार्टी प्रमुखों को या आला कमान को बुद्धिजीवी, सलाह देने वाला, अपनी बुद्धि का इस्तेमाल करते हुए शीर्ष नेताओं को कोई नेक सलाह देने वाला नेता नहीं बल्कि ऐसा व्यक्ति चाहिए जो उनके प्रति पूरी तरह वफ़ादार हो और हर सही व ग़लत बात में आला कमान की हां में हां मिलाने की 'सलाहियत' रखता हो। हां, इन्हीं राजनैतिक दलों में कई ऐसे अवसरवादी प्रवृति के 'समझदार' नेता भी मिल जाएंगे जो केवल अपने सुखद राजनैतिक भविष्य के कारण सभी परिस्थितियों में गुज़ारा करने में भी संतुष्ट रहते हैं। क्योंकि कभी इन्हें मंत्री बनाकर ख़ामोश कर दिया जाता है तो कभी राज्यपाल का पद नवाज़ कर सक्रिय राजनीति से दरकिनार कर दिया जाता है।

# डिस्फेजिया की समस्या होने पर खाना निगलने में होती है परेशानी

## समय पर इलाज बेहद जरूरी

खांसी और कफ की समस्या होने पर गले में दर्द होना आम बात है। कफ होने पर गले की मांसपेशियों पर दबाव पड़ने की वजह से गले में दर्द हो सकता है। वहीं मौसम में बदलाव होने की वजह से भी गले में खराश हो जाती है, जिससे गले में दर्द हो जाता है। मेडिकल की भाषा में इस समस्या को डिस्फेजिया कहा जाता है। इसमें गले की मांसपेशियों में खिंचाव आता है। यह समस्या होने पर कुछ भी खाने पर गले में दर्द होता है।

### डिस्फेजिया क्या है

यह एक ऐसी मेडिकल कंडीशन है, जिसमें खाना निगलने में परेशानी होती है। यह समस्या ठोस और पेय दोनों को निगलने में होती है। डिस्पैगिया में हमेशा गले में दर्द नहीं रहता है, लेकिन यह समस्या पर निर्भर करता है कि व्यक्ति को परेशानी कितनी है। वहीं अगर समय रहते इस समस्या को कंट्रोल नहीं किया जाता है, तो यह डिहाइड्रेशन, मालन्यूट्रिशन और निमोनिया का कारण बन सकता है।

### कितने प्रकार के होते हैं डिस्फेजिया

#### 1 ऑरोफरीन्जियल डिस्फेजिया

यह अक्सर गले को प्रभावित करने वाली मसल्स या न्यूरोलॉजिकल से जुड़ी समस्या हो सकती है। यह समस्या तब होती है, जब व्यक्ति द्वारा कुछ भी खाने या पीने पर खाना गले की नली से नीचे नहीं आ पाता है।

#### 2 एसोफेजियल डिस्फेजिया

एसोफेजियल डिस्फेजिया की समस्या होने पर खाना निगलने के बाद चिपकने या ग्रासनली में फंसने जैसा एहसास होता है। इसोफेगस से जुड़ी किसी भी परेशानी की वजह से यह समस्या हो सकती है।

#### 2 डिस्फेजिया के लक्षण

- खाने पर गले या सीने में खाना अटकने जैसा महसूस होना।
- खाने के दौरान खांसी आना या फिर खाना अटकने जैसा महसूस होना।
- रेस्पिरेटरी इंफेक्शन होना
- सलाइवा को निगलने में भी परेशानी होना
- कुछ भी खाने या पीने पर बाहर उगल देना

# डोनाल्ड ट्रम्प पर भारी पड़ा टैरिफ वॉर




- अमेरिकी शेयर बाजार में गिरावट
- गुस्साए कनाडा और चीन ने भी पलटवार करते हुए अमेरिका पर जवाबी टैरिफ लगाने का किया ऐलान

**वाशिंगटन/बीजिंग।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प खुद ही शुरू किए टैरिफ वॉर में घिरते नजर आ रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति के कनाडा और मेक्सिको पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने के बाद अमेरिकी शेयर बाजार में गिरावट आई है। अमेरिका का एस-पी 500 इंडेक्स 2 प्रतिशत तक गिर गया है। ट्रम्प ने मंगलवार से दोनों देशों पर टैरिफ लागू करने ऐलान किया है। इसके अलावा फरवरी में चीन पर लगाए गए 10 प्रतिशत टैरिफ को बढ़ाकर 20 प्रतिशत कर दिया है। कनाडा और चीन ने भी अमेरिका पर जवाबी टैरिफ का ऐलान किया है। कनाडा अगले 21 दिनों में 155 अरब डॉलर की अमेरिकी आयात पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा। इसकी शुरुआत मंगलवार से 30 अरब डॉलर के आयात पर टैरिफ से होगी। चीन 10 मार्च से अमेरिका पर 10 प्रतिशत और 15 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा। अमेरिका के एग्रीकल्चर प्रोडक्ट्स जैसे सोया, गेहूं, मक्का, कपास पर 15 प्रतिशत और पोर्क, बीफ, समुद्री खाद्य पदार्थ, फल, सब्जियां और डेयरी उत्पादों पर 10 प्रतिशत बढ़ाने का फैसला किया है। ट्रम्प ने कहा कि यह टैरिफ अमेरिका के दो पड़ोसी देशों पर फेंटेनाइल (ड्रग) तस्करी रोकने और अवैध प्रवासियों पर कार्रवाई के लिए दबाव बनाने के मकसद से लगाए जा रहे हैं। ट्रम्प ने कनाडा से आयात होने वाले तेल और बिजली पर टैरिफ में छूट दी है।

अमेरिका इन पर सिर्फ 10 प्रतिशत टैरिफ ही लगाएगा। ट्रम्प ने फरवरी में कहा था कि कनाडा से होने वाले तेल के आयात में छूट दी सकती है। एनर्जी इन्फार्मेशन एडमिनिस्ट्रेशन के मुताबिक पिछले साल अक्टूबर में अमेरिका ने कनाडा से हर दिन लगभग 46 लाख बैरल आयल और मेक्सिको से 5.63 बैरल आयल इम्पोर्ट किया। जबकि उस महीने में अमेरिका का एवरेज डेली प्रोडक्शन लगभग 1.35 करोड़ बैरल प्रतिदिन था। डोनाल्ड ट्रम्प ने पिछले महीने रेसिप्रोकल यानी जैसे को तैसा टैरिफ लगाने का ऐलान किया था। ट्रम्प अप्रैल से इसे लागू करने का प्लान बना रहे हैं। डोनाल्ड ट्रम्प ने 1 फरवरी को कनाडा-मेक्सिको पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने के लिए आदेश जारी किए थे। इसे 4 फरवरी से लागू होना था। बाद में ट्रम्प के साथ दोनों देशों के नेताओं ने बात. चीत की। इसके बाद टैरिफ को अगले 30 दिनों के लिए टाल दिया गया था। अमेरिका में ड्रग तस्करी और अवैध प्रवासियों को घुसने से रोकने के लिए मेक्सिको ने अमेरिका बार्डर पर नेशनल गार्ड के 10 हजार सैनिकों को तैनात किया है। वहीं कनाडा ने फेंटेनाइल की तस्करी रोकने के लिए फेंटेनाइल जार को नियुक्त किया है। पीटरसन इंस्टीट्यूट फार इंटरनेशनल इकोनामिक्स और एल यूनिवर्सिटी की बजट लैब की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी टैरिफ का उसके नागरिकों पर नकारात्मक असर पड़ेगा। अमेरिकी परिवारों को सालाना 1000 डॉलर यानी करीब 90 हजार रुपये अतिरिक्त खर्च करने होंगे। फोर्ड और वालमार्ट जैसी कंपनियां पहले ही टैरिफ की वजह से अपने बिजनेस पर नकारात्मक असर पड़ने की चेतावनी दे चुकी हैं। कार्नेल यूनिवर्सिटी में अर्थशास्त्री ईश्वर प्रसाद के मुताबिक टैरिफ से अमेरिका में महंगाई बढ़ेगी और व्यापार प्रभावित होंगे। अमेरिका का कनाडा और मेक्सिको के साथ फी ट्रेड एग्रीमेंट है। इसके तहत इन देशों के बीच होने वाले किसी भी तरह के आयात-निर्यात पर टैरिफ (शुल्क) नहीं लगता है। ट्रम्प ने अपने पिछले कार्यकाल में मेक्सिको और कनाडा के साथ नार्थ अमेरिका फी ट्रेड एग्रीमेंट NAFTA किया था। इन तीनों देशों ने 2023 में अमेरिका से 1 ट्रिलियन डॉलर (करीब 85 लाख करोड़ रुपये) से ज्यादा का सामान खरीदा था। वहीं, 1.15 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा की सामग्री बेची थी। रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प के टैरिफ वार का सबसे ज्यादा असर आटो सेक्टर, कृषि, टेक्नोलाजी, पार्ट्स-पुर्जे पर होगा। टैरिफ लगने के बाद इन चीजों की कीमत में इजाफा हो जाएगा। वहीं चीन 10 मार्च से अमेरिकी वस्तुओं पर अतिरिक्त शुल्क लगाएगा जिसमें गेहूं पर 15 प्रतिशत के साथ ही गोमांस, फल, सब्जियों और डेयरी उत्पादों पर 10 प्रतिशत टैरिफ शामिल है।

## चीन भी 19 अमेरिकी कंपनियों को करेगा ब्लैकलिस्ट



**बीजिंग।** चीन ने मंगलवार को टीकॉम लिमिटेड पार्टनरशिप सहित 10 अमेरिकी कंपनियों को देश की अविश्वसनीय इकाई सूची में जोड़ने और उनके खिलाफ कदम उठाने का फैसला किया है। चीन के वाणिज्य मंत्रालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, मंगलवार से चीन इन कंपनियों को चीन से संबंधित आयात और निर्यात गतिविधियों में शामिल होने से रोकेगा और इन कंपनियों को देश के भीतर नए निवेश करने पर भी प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। चीन की ओर से जिन अमेरिकी कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया गया है, उनमें टीकॉम लिमिटेड पार्टनरशिप, स्टिक रूडर एंटरप्राइजेज एलएलसी, टेलीडाइन ब्राउन इंजीनियरिंग, इंक, हंटिंगटन इंगॉल्स इंडस्ट्रीज इंक, एस 3 एयरोडिफेंस, क्यूबिक कॉर्पोरेशन, टेक्स्टऑर, एसीटी 1 फेडरल, एक्सोवेरा और प्लेनेट मैनेजमेंट ग्रुप शामिल हैं। बयान में कहा गया है कि यह निर्णय चीन की राष्ट्रीय संप्रभुता, सुरक्षा और विकास हितों को बनाए रखने के लिए प्रासंगिक कानूनों तथा नियमों के अनुसार किया गया है। मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि चीन की कड़ी आपत्तियों को नजरअंदाज करते हुए, इन 10 कंपनियों ने हाल के वर्षों में या तो ताइवान को हथियारों की बिक्री की है या ताइवान के साथ तथाकथित सैन्य प्रौद्योगिकी सहयोग में शामिल रही हैं। प्रवक्ता ने कहा कि जवाब में, चीन ने इन संस्थाओं को विभिन्न कानूनों और नियमों के अनुसार जवाबदेह ठहराने का फैसला किया है। प्रवक्ता ने कहा कि चीन ने हमेशा अपनी अविश्वसनीय इकाई सूची के मुद्दे को विवेकपूर्ण तरीके से संभाला है, केवल कुछ विदेशी संस्थाओं को लक्षित किया है जो चीन की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए जोखिम पैदा करती हैं। उन्होंने कहा कि कानून का पालन करने वाली विदेशी संस्थाएं जो सद्भाव से काम करती हैं, उन्हें चिंतित होने की जरूरत नही है। चीनी सरकार हमेशा की तरह सभी देशों की कंपनियों का देश में निवेश और संचालन करने के लिए स्वागत करेगी और कानूनों और नियमों के अनुसार चीन में काम करने वाले विदेशी उद्यमों के लिए एक स्थिर, निष्पक्ष और अनुमानित कारोबारी माहौल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## इजरायल ने युद्ध विराम समझौते के अगले चरण के लिए रखी शर्तें

**यरूशलम।** इजरायल ने जनवरी में लागू हुए संघर्ष विराम समझौते के अगले चरण में आगे बढ़ने के लिए गाजा पट्टी से विसैन्यीकरण और हमास के शासन की समाप्ति की मांग की है। यह जानकारी इजरायली विदेश मंत्री गिदोन ने मंगलवार को दी। गिदोन ने एक प्रेस ब्रीफिग में कहा कि हमारे पास दूसरे चरण पर कोई समझौता नहीं है। हम गाजा से पूरी तरह से विसैन्यीकरण की मांग करते हैं और हमास और इस्लामिक जिहाद को बाहर निकाल कर अपने बंधकों की वापसी की मांग करते हैं। उन्होंने कहा कि अगर हमास इन मांगों पर सहमत हो जाता है तो हम कल ही समझौते को लागू कर सकते हैं। रविवार सुबह से गाजा में मानवीय सहायता रोकने के इजरायल के कदम का उल्लेख करते हुए दावा किया कि हमास द्वारा इस सहायता का उपयोग अपने उद्देश्यों को पूरा करने के लिए किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि मानवीय आपूर्ति हमास के लिए बजट की सबसे बड़ी आय बन गई है और समूह की सैन्य क्षमताओं के पुनर्निर्माण का एक साधन बन गई है। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को कहा कि सहायता रोकने का उद्देश्य हमास पर युद्ध विराम और बंधक रिहाई समझौते के पहले चरण को बढ़ाने के नए प्रस्ताव को स्वीकार करने के लिए दबाव डालना है।

## अमेरिका ने यूक्रेन को सभी सैन्य मदद पर लगाई रोक

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने यूक्रेन को दी जा रही सभी सैन्य सहायता अस्थाई रूप से निलंबित कर दी है और यह सहायता तब तक बहाल नही की जाएगी, जब तक कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को यह विश्वास नहीं हो जाता कि यूक्रेन शांति वार्ता के लिए प्रतिबद्धता है। फॉक्स न्यूज ने व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी के हवाले से यह जानकारी दी। द न्यूयॉर्क टाइम्स अखबार ने सोमवार को बताया कि ट्रम्प अमेरिकी अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे और यूक्रेन के खिलाफ कई उपायों पर विचार करेंगे तथा संभवतः उन्हें लागू करेंगे, जिसमें देश को सैन्य सहायता रोकना भी शामिल है। वाशिंगटन में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और ट्रम्प के बीच शुक्रवार को ओवल ऑफिस में वार्ता पत्रकारों के सामने उनकी आपसी कहासुनी के बाद विफल हो गई। इस कहासुनी के बाद जेलेंस्की की अमेरिकी मदद के प्रति कृतज्ञता की कमी और व्हाइट हाउस में अपमानजनक व्यवहार के लिए आलोचना की। ट्रम्प ने जेलेंस्की के साथ हस्ताक्षर को रद्द कर दिया, जिसे पहले ही यूक्रेनी सरकार ने मंजूरी दे दी थी, कहा कि यूक्रेनी नेता का व्हाइट हाउस में तब तक स्वागत नहीं किया जाएगा जब तक कि वह शांति के लिए तैयार नहीं हो जाए।

## किम जोंग की बहन ने दी ट्रम्प को धमकी



### किम यो जोंग ने अमेरिका के दक्षिण कोरिया में एयरक्राफ्ट भेजने को बताया सैन्य उकसावे की कार्रवाई

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग अकसर अमेरिका को धमकियां देते रहते हैं। फिर से अमेरिका को उत्तर कोरिया से ध्मकी मिली हैं, पर इस बार यह चेतावनी किम जोंग की ओर से नहीं, बल्कि उनकी बहन किम यो जोंग की ओर से दी गई है।

किम यो जोंग ने अमेरिका के दक्षिण कोरिया में एयरक्राफ्ट भेजने कों सैन्य उकसावे की कार्रवाई करार दिया है। साथ ही कहा है कि इस तरह की कार्रवाइयां उत्तर कोरिया के निरंतर परमाणु विस्तार को ठीक ठहराती हैं। अमेरिका ने दक्षिण कोरियाई बंदरगाह बुसान में USS कार्ल विंसननिमित्ज़ श्रेणी का एयरक्रिाफ्ट भेजा है, जिसके बाद एक बार दोनों देशों के बीच टकराव की स्थिति बन गई है।

किम जोंग की बहन ने इस कदम को टकराव की व्यापक नीति का हिस्सा बताया है। किम यो जोंग ने एयरक्राफ्ट कैरियर की तैनाती को अमेरिका और उसके पिट्ठुओं का टकराव उन्माद कहा। उन्होंने पहले भी इसी तरह के बयान दिए हैं, जिसमें उन्होंने दक्षिण कोरिया के लाइव-फायर अभ्यासों को आत्मघाती उन्माद कहा है।

किम यो जोंग ने यह भी कहा कि उत्तर कोरिया जंग भड़काने की इस तरह के कार्रवाइयों को रणनीतिक स्तर पर उठाएंगा और इसकी जांच करेगा। उन्होंने कहा कि ऐसी गतिविधियां उत्तर कोरियां के सुरक्षा को खतरे में डालती हैं। अमेरिका लगातार उत्तर कोरिया के दुश्मन दक्षिण कोरियां की मदद कर रहा है और उसको सैन्य सहयोग दे रहा है। इस बीच दक्षिण कोरियाई नौसेना ने इस तैनाती को ताकत का रणनीतिक प्रदर्शन बताया है, जो बढ़ते क्षेत्रीय तनाव को दर्शाता है। यह देखना अभी बाकी है कि किम जोंग उन खुद इस ताजा घटनाक्रम पर क्या प्रतिक्रिया देते हैं।

## धर्म गार्जियन में हिस्सा ले रहे भारत-जापान के सैनिक



**नई दिल्ली।** भारत और जापान के सैनिक जापान के पूर्वी फूजी में संयुक्त सैन्य अभ्यास धर्म गार्जियन में पूरे जोश के साथ हिस्सा लेते हुए युद्ध और संचालन अनुभवों को साझा कर रहे हैं। सेना के अनुसार दोनों सेनाओं के बीच संयुक्त अभ्यास का यह छठा संस्करण है। नौ मार्च तक चलने वाला यह अभ्यास भारत और जापान के बीच रक्षा संबंधों को मजबूत करने के साथ साथ परस्पर तालमेल और व्यापक प्रशिक्षण गतिविधियों को बढावा देगा। इस अभ्यास का मुख्य फ़ोकस शहरी इलाकों में आतंकवाद रोधी अभियानों पर है। दोनों देशों के सैनिक अपनी रणनीति को परिष्कृत और जटिल शहरी परिस्थितियों में संचालन क्षमता में सुधार कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त अभ्यास में सिम्युलेटिड संयुक्त राष्ट्र शांति अभियान भी शामिल हैं जिन्हें वास्तविक स्थितियों के आधार प डिज़ाइन किया गया है। जैसे-जैसे अभ्यास आगे बढ़ रहा है दोनों पक्ष सामरिक अभ्यासों की एक श्रंखला में भाग ले रहे हैं और युद्ध के अनुभवों को साझा कर रहे हैं, परिचालन क्षमताओं को मजबूत कर रहे हैं और गहन सहयोग को बढ़ावा दे रहे हैं। इन गतिविधियों को अंतर-संचालन को बढ़ावा देने के लिए भी डिज़ाइन किया गया है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि भारतीय और जापानी सेना भविष्य के शांति या मानवीय मिशनों में सहज रूप से सहयोग कर सकें। सामरिक प्रशिक्षण से इतर धर्म गार्जियन अभ्यास भाग लेने वाले सैनिकों के बीच सांस्कृतिक समझ बनाने और सौहार्द को बढ़ावा देने पर जोर देता है। दोनों देशों के सैनिकों को अपनी-अपनी सांस्कृतिक विरासतों को प्रदर्शित करने का अवसर मिला है, जिससे दोस्ती और आपसी सम्मान के बंधन को मजबूत करने में मदद मिली है। यह सांस्कृतिक आदान-प्रदान दोनों सेनाओं के बीच स्थाई संबंध विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अभ्यास दोनों सेनाओं के लिए एक-दूसरे की सर्वोत्तम प्रथाओं से सीखने का अवसर भी प्रदान करता है। इससे भविष्य के संयुक्त अभियानों में मदद मिलेगी। भारतीय और जापानी सशस्त्र बलों के बीच सहयोग न केवल उनकी रक्षा क्षमताओं को बढ़ाता है बल्कि क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और स्थिरता के लिए उनकी साझा प्रतिबद्धता को भी मजबूत करता है।



